भाद्रपद कृष्ण पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 26 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 152, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com




रेस 4 में विलेन होंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा 17
भारत-अमेरिका मिलकर काम करने के इच्छुक : राजनाथ 18




उपहार ही उपहार योजना का विस्तृत विवरण पेज नं. 3 पर देखें।

# महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य पाप

## लखपति दीदी रैली में प्रधानमंत्री मोदी बोले- बचने नहीं चाहिए दोषी और उसके मददगार

जलगांव (महाराष्ट्र), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महिलाओं के खिलाफ अपराध को अक्षम्य पाप करार दिया और कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। मोदी की यह कड़ी टिप्पणी कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या तथा मुंबई के पास बदलापुर में दो स्कूली बच्चियों के यौन शोषण के खिलाफ विरोध-प्रदर्शनों के बाद आई है।

उत्तर महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि माताओं, बहनों और बेटियों की सुरक्षा देश की प्राथमिकता है। मैंने लाल किले से बार-बार इस मुद्दे को उठाया है। देश का कोई भी राज्य हो, मैं अपनी बहनों और बेटियों का दर्द और गुस्सा समझता हूं। मोदी ने कहा कि वह हर राजनीतिक दल और राज्य सरकार से कहेंगे कि महिलाओं के खिलाफ अपराध एक अक्षम्य पाप है। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी है, उसे बख्शा नहीं जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, 'महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों के मददगारों को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए। चाहे अस्पताल हो, स्कूल हो, सरकार हो या पुलिस थाना हो, जिस भी स्तर पर लापरवाही हुई हो, सभी को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। सरकारें आएंगी और जाएंगी, लेकिन समाज और सरकार दोनों के तौर पर महिलाओं के जीवन व सम्मान की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए कानूनों में नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराधों के लिए मृत्युदंड और आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है। बेटियों के साथ शादी के नाम पर धोखाधड़ी के कई मामले सामने आए हैं। पहले इसके लिए कोई स्पष्ट कानून नहीं था। अब भारतीय न्याय संहिता में भी शादी के झूठे वादे और धोखे को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है।



जलगांव में लखपति दीदी को प्रमाणपत्र देते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

### कड़ी सजा के लिए कानूनों को मजबूत कर रही सरकार

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महिलाओं के लिए जो काम किया है, उतना आजादी के बाद से किसी भी पूर्ववर्ती सरकार ने नहीं किया। मोदी ने 'लखपति दीदी' रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान करने के वास्ते कानूनों को मजबूत कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए कानूनों में नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराधों के लिए मृत्युदंड और आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है। बेटियों के साथ शादी के नाम पर धोखाधड़ी के कई मामले सामने आए हैं। पहले इसके लिए कोई स्पष्ट कानून नहीं था। अब भारतीय न्याय संहिता में भी शादी के झूठे वादे और धोखे को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार रोकने के लिए केंद्र सरकार हर तरह से राज्य सरकारों के साथ है।

### परिवारवादी राजनीति से होता है नई प्रतिभाओं का दमन

**मन की बात**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर उनके आह्वान पर बड़ी संख्या में ऐसे नौजवान राजनीति में आने के लिए तैयार बैठे हैं, जिनकी पृष्ठभूमि राजनीतिक नहीं है और इससे देश को विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए नई ऊर्जा, नया जोश एवं नया अनुभव मिलेगा। मोदी ने रविवार मन की बात के 113वें एपिसोड में कहा कि परिवारवादी राजनीति नई प्रतिभाओं को दमन करती है। गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं के राजनीति में आने से लोकतंत्र मजबूत होगा। मैंने इस साल लालकिले से बिना पॉलिटिकल बैकग्राउंड वाले 1 लाख लोगों को राजनीति से जुड़ने की बात कही थी। इससे पता चला कि हमारे युवा राजनीति में आना चाहते हैं, लेकिन उन्हें सही मार्गदर्शन की जरूरत है। परिवारवादी राजनीति के अलावा मोदी ने तिरंगा अभियान, बच्चों में पोषण को लेकर जागरूकता जैसे पांच बड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्रों से अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप को लेकर भी बात की।

### लखपति दीदियों से की बात, 11 लाख को बांटे सर्टिफिकेट

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जलगांव में लखपति दीदियों से बातचीत की। प्रधानमंत्री 11 लाख नई लखपति दीदियों को सम्मानित भी किया और उन्हें सर्टिफिकेट दिए। लखपति दीदी स्वयं सहायता समूहों की उन महिलाओं को कहा जाता है, जो सालाना एक लाख रुपये कमा रही हैं। लखपति दीदी से बातचीत करते हुए मोदी ने 2,500 करोड़ रुपये की निधि जारी की, जिससे 4.3 लाख स्वयं सहायता समूहों के 48 लाख सदस्यों को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि लखपति दीदी योजना का उद्देश्य न केवल महिलाओं की आय बढ़ाना है, बल्कि भावी पीढ़ियों को सशक्त बनाना भी है। उन्होंने कहा, 'आपने सुना होगा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसमें महिलाओं की बहुत बड़ी भूमिका है। हालांकि कुछ वर्षों पहले तक ऐसा नहीं था।'

# हर जेल-पुलिस थानों में भव्यता के साथ मनाया जाए पर्व : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आज**

- मुख्यमंत्री ने त्योहार मनाने और व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश
- वीडियोग्राफी सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरों से जांच करने के भी निर्देश



**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी रिजर्व पुलिस लाइंस, थानों एवं कारागारों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व परंपरागत भक्तिभाव से मनाए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कृष्णलीला, झांकी और शोभायात्रा के आयोजनों के दौरान वहां सुरक्षा, सफाई व अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से करने के आदेश दिए हैं।

भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल के प्रबंध करने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जन्माष्टमी पर्व को लेकर रविवार को अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी श्रद्धा एवं धूम-धाम से मनाया जाता है, जिसमें सम्मिलित होने के लिए देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मथुरा नगर स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि/शाही ईदगाह मस्जिद स्थल अत्यंत संवेदनशील है। यह स्थल आईएसआई व विभिन्न आतंकवादी संगठनों के निशाने पर भी है। इसको देखते हुए भी विशेष सतर्कता एवं समुचित पुलिस प्रबंध किए जाएं। वीडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरों से अराजक तत्वों और गतिविधियों पर नजर रखने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देशों का अनुपालन करते हुए कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा के महानिदेशक पीवी रामा शास्त्री ने प्रदेश के समस्त कारागारों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को परंपरागत रूप से मनाए जाने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

### कहीं भी न हो अशोभनीय-अश्लील संवाद-नृत्य

मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को शालीनता के साथ त्योहार मनाने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का अशोभनीय नृत्य का कार्यकम न हो। संबंधित पुलिस आयुक्त एवं जिला प्रभारी पहले से ही कार्यक्रमों का अवलोकन करें और सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार का अशोभनीय एवं अश्लीलतापूर्ण संवाद अथवा नृत्य न होने पाए।

## जानी-मानी अभिनेत्री आशा शर्मा का निधन



**मुंबई।** जानी-मानी अभिनेत्री आशा शर्मा का निधन हो गया। वह 88 वर्ष की थीं। आशा शर्मा के निधन की जानकारी रविवार को सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन ने ट्विटर हैंडल पर साझा की। आशा शर्मा ने टीवी शोज के अलावा कई फिल्मों में भी काम किया था। आशा खासतौर पर एक मां और दादी के किरदार से दर्शकों ने बीच काफी मशहूर हुई हैं। उन्होंने कुमकुम भाग्य', मन की आवाज प्रतिज्ञा और एक और महाभारत जैसे टीवी शो में काम किया है।

# दो हिस्सों में बंटी किसान एक्सप्रेस, हादसा टला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बिजनौर के स्योहारा-चकाराजमल के बीच टूटी बोगी की कपलिंग

**अमृत विचार:** फिरोजपुर से धनबाद जा रही किसान एक्सप्रेस रविवार तड़के मुरादाबाद-सहारनपुर के बीच दो हिस्सों में बंट गई। इस दौरान बोगी एस-चार की कपलिंग टूटने से इंजन सात बोगियों के साथ आगे चला गया। बाकी स्लीपर कोच व एसी बोगियां पीछे छूट गए। गनीमत रही कि अलग हुई बोगी दुघर्टनाग्रस्त नहीं हुई। हादसे से रेल मंडल मुख्यालय पर हड़कंप मच गया।

राहत व बचाव के लिए पहुंचे रेल अधिकारियों ने पीछे छूटी बोगियों को इंजन की मदद से आगे भेजा। एस-चार कोच को काटकर अलग किया गया। इस कोच में 71 यात्री सवार थे। बाद में रेल प्रशासन ने पीछे आ रही पंजाब मेल को स्योहारा रेलवे स्टेशन पर रोक कर किसान एक्सप्रेस के यात्रियों को उसमें बैठाया, हालांकि इससे पहले काफी यात्री बसों से अपने गंतव्य को रवाना हो चुके थे। लगभग साढ़े चार घंटे के राहत कार्य के बाद किसान एक्सप्रेस ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। फिरोजपुर से धनबाद जा रही ट्रेन संख्या-13308 किसान एक्सप्रेस रविवार तड़के 4 बजे जब धामपुर से चली तो स्योहारा व चकाराजमल स्टेशन के बीच अचानक इंजन की आठवीं बोगी एस-4 की कपलिंग टूटकर अलग हो गई। गनीमत रही कि 110 किलोमीटर के सेक्शन वाली इस ट्रेन की स्पीड 80 से 90 के बीच थी। जिसके बाद एस-3 व एस-4 के बीच टू पार्ट होते ही ट्रेन के पीछे स्लीपर-1 व 2 समेत अन्य एसी बोगियां पीछे रह गईं।



> किसान एक्सप्रेस की स्लीपर कोच में कपलिंग टूटी गई थी। इसकी जांच की जा रही है। मैटेरियल में खामी है। इसका पता लगाया जा रहा है। घटना की जांच कराई जा रही है। **-आदित्य गुप्ता,** सीनियर डीसीएम, मुरादाबाद

## राज्य मंत्रिमंडल की बैठक कल, यूपीएस पर होगा विचार

**लखनऊ।** राज्य मंत्रिमंडल की मंगलवार को बुलाई बैठक में केंद्र की तर्ज पर एकीकृत पेंशन योजना के प्रस्ताव पर विचार हो सकता है। अगर कैबिनेट से इस प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई जाती है तो राज्य सरकार भी यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को अंगीकार कर लेगी।

यूपीएस लागू होने के बाद केंद्रीय कर्मचारियों की तरह उप्र. में सरकारी कर्मचारियों को पेंशन के लिए लगभग वही सुविधाएं मिलेंगी। दरअसल, इससे पूर्व साल 2004 में जब एनपीएस (न्यू पेंशन स्कीम) लागू हुई थी तो बाद में उप्र. में भी इसको लेकर गजट जारी हुआ था।

## कंपनी सेक्रेटरी एक्जीक्यूटिव प्रोफेशनल नए कोर्स में मेरठ की भूमिका को पहली रैंक

**दिल्ली, अमृत विचार:** भारतीय कंपनी सचिव संस्थान ने रविवार को जून में आयोजित कंपनी सेक्रेटरीज (सीएस) एक्जीक्यूटिव तथा प्रोफेशनल प्रोग्राम नया व पुराना पाठ्यक्रम के परिणाम घोषित कर दिए। सीएस प्रोफेशनल प्रोग्राम (2017 पाठ्यक्रम) परीक्षा के मॉड्यूल-1 में 31.13 प्रतिशत, मॉड्यूल-2 में 30.16 और मॉड्यूल-3 में 32.18 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। प्रोफेशनल प्रोग्राम (2017) में जोधपुर परीक्षा केंद्र से इशिका सोनी और प्रोफेशनल प्रोग्राम (2022) में मेरठ परीक्षा केंद्र से भूमिका सिंह पाठ्यक्रम ने ऑल इंडिया फर्स्ट रैंक हासिल की है। इसी तरह एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम (2017) में दिल्ली परीक्षा केंद्र से मनीष और एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम (2022) में मुंबई परीक्षा केंद्र से भूमि विनोद मेहता ने ऑल इंडिया फर्स्ट रैंक हासिल की है।

## पर्चा खराब होने से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर



- बरेली के योगेश ने सिपाही भर्ती की दी थी परीक्षा

**अमृत विचार :** फरीदपुर की एसडीएम कॉलोनी में पुलिस भर्ती परीक्षा देकर आए युवक ने शनिवार रात फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। सुबह मकान मालिक ने उसका शव फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि युवक पर्चा खराब होने से क्षुब्ध था, जिसकी वजह से उसने यह कदम उठाया।

एसडीएम कॉलोनी निवासी गौरव सिंह ने बताया कि फतेहगंज पूर्वी के गांव मंजा निवासी अजयपाल सिंह का बेटा योगेश (24) उनके यहां किराये पर रहता था। शनिवार शाम को वह रामपुर से उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा देकर वापस आया था। रात में किसी समय योगेश ने फंदा लगा लिया। उन्होंने रविवार सुबह खिड़की से योगेश के शव को फंदे पर लटका देखा तो पुलिस और योगेश के पिता को सूचना दी। फरीदपुर कोतवाली के इंस्पेक्टर क्राइम संतोष कुमार ने कहा कि संभवतः सिपाही भर्ती में अपने प्रदर्शन से क्षुब्ध होकर युवक ने यह कदम उठाया है।

## सिपाही भर्ती में अब तक नौ लाख अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो पुलिसकर्मी समेत 10 गिरफ्तार 185 अभ्यर्थी संदिग्ध मिले

**अमृत विचार:** प्रदेश पुलिस में चल रही सिपाही भर्ती परीक्षा में तीसरे दिन 29.57 फीसदी अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस तरह परीक्षा छोड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या करीब नौ लाख हो गई है। हालांकि बीते दो दिनों की परीक्षा के मुकाबले रविवार को करीब दो फीसदी अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

इस दौरान यूपी पुलिस के दो सिपाहियों समेत परीक्षा में सेंधमारी का प्रयास करने वाले कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें दो सिपाहियों समेत पांच सॉल्वर शामिल हैं। वहीं 185 अभ्यर्थी संदिग्ध पाए गए। बलरामपुर में शनिवार को गिरफ्तार किए गए दोनों सिपाही दूसरे की जगह परीक्षा देने आए थे। उनको पकड़ने के बाद पुलिस मामले को दबाए रही। रविवार को दोनों को जेल भेजने के बाद डीजीपी मुख्यालय को इसका पता चला। इनमें अलीगढ़ स्थित पीएसी की 45वीं वाहिनी का सिपाही भगवान सिंह अभ्यर्थी गजेंद्र सिंह के स्थान पर परीक्षा देने आया था। वहीं मथुरा में तैनात आरक्षी गोविंद सिंह उसका सहयोग कर रहा था।

# 18,179 अनाथ बच्चों को मिला मां-बाप का साया

## केंद्रीय दत्तक-शास्त्र संसाधन प्राधिकरण ने आरटीआई में दी जानकारी, इनमें 1,404 बच्चे दिव्यांग

नई दिल्ली, एजेंसी

वर्ष 2019 से अब तक 18,179 बच्चे गोद लिए गए जिसमें केवल 1,404 विशेष आवश्यकता वाले (दिव्यांग) बच्चे शामिल थे, जबकि अगले पांच वर्षों में गोद लेने के मामलों की कुल संख्या में वृद्धि हुई है। आधिकारिक आंकड़ों में बताया गया कि हालांकि गोद लेने के लिए विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई है, फिर भी गोद लेने की दर अब भी काफी कम है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शारीरिक, विकासात्मक, व्यवहारिक या भावनात्मक चुनौतियों के कारण अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता होती है।



केंद्रीय दत्तक-शास्त्र संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए) ने एक आरटीआई के जवाब में कहा कि 2019-20 में भारत में कुल 3,745 गोद लिए गए, जिनमें 3,351 देश में और 394 अंतर्राष्ट्रीय थे। कुल संख्या में से विशेष जरूरतों वाले केवल 56 लड़कों और 110 लड़कियों को गोद लिया गया। सीएआरए के अनुसार वर्ष 2020-21 में कुल 3,559 बच्चे गोद लिए गए, जिनमें 3,142 देश के अंदर और 417 अंतर्देशीय हैं। इस वर्ष केवल विशेष जरूरत वाले 110 लड़कों और 133 लड़कियों को गोद लिया गया। वर्ष 2021-22 में गोद लिए गए बच्चों की संख्या मामूली रूप से घटकर 3,405 रह गई, जिनमें से 2,991 देश में और 414 अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर थे। वर्ष 2022-23 में गोद लिए गए बच्चों की संख्या 3,441 थी, जिनमें 3,010 देश के अंदर और 431 अंतर्देशीय थे। इसमें विशेष आवश्यकता वाले 156 लड़कों और 188 लड़कियों को दत्तक परिवार मिले।

### इस वर्ष 420 बच्चों को गोद की प्रतीक्षा

सीएआरए के अनुसार पांच जुलाई 2024 तक भारत भर में बाल देखभाल संस्थानों में विशेष आवश्यकता वाले 420 बच्चे गोद लिए जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'फैमिलीज ऑफ जॉय' के संस्थापक अविनाश कुमार ने कहा कि जुलाई 2024 तक गोद लेने के लिए कानूनी रूप से उपलब्ध 1,709 बच्चों में से 76 प्रतिशत विशेष जरूरतों वाले थे।




**ऑक्सीजन मैन के नाम से भी जाने जाते हैं- शानू वारसी**


चन्दौसी। समय था कोरोना महामारी का। हर तरफ महामारी ने अपना सितम ढा रखा था। अपने आप को और अपने परिवार को बचाने की चिंता लोगों के माथे पर लकीरें खींच रही थी। बाजार पूरी तरह बंद थे। काम धंधे चौपट हो गए। दो वक्त की रोटी के लिए गरीब जरूरतमंद लोग बिलख रहे थे। सरकारी मदद ना काफी साबित हो रही थी। ऐसे में शहर के एक युवा नेता ने मिसाल कायम करने वाला कदम उठाया। लोगों को न सिर्फ जरूरत की चीज मुहैया कराई। इसके अलावा कोरोना महामारी से जूझ रहे तमाम लोगों को ऑक्सीजन सिलेंडर मुफ्त में मुहैया कराए। कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन की कमी से घबराए मरीजों के परिजन बेहद चिंतित थे। किसी भी तरह ऑक्सीजन का सिलेंडर पाने के लिए इधर-उधर भटक रहे थे। शानू वारसी एडवोकेट ने अपने आवास पर कठिन मशक्कत के बाद ऑक्सीजन के सिलेंडरों को मंगाना और फिर जरूरतमंदों में नि:शुल्क वितरण करने की जो जिम्मेदारी निभाई वह अपने आप में एक मिसाल बन गई। आज भी लोग एडवोकेट शानू वारसी को ऑक्सीजन मेन के नाम से भी पुकारते हैं। सच्ची समाज सेवा और लगन से शानू वारसी ने समाज सेवा का नया आयाम स्थापित किया।




सभी क्षेत्रवासियों
को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
मनोज चौधरी
मो. 9412246596
जिलाध्यक्ष रालोद मुरादाबाद
हिमाचल सिंह तेवतिया
जिला उपाध्यक्ष रालोद मुरादाबाद
बालियान राहुल चौधरी
प्रदेश सचिव युवा राष्ट्रीय लोक दल
9368690891


समस्त क्षेत्रवासियों
को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
अभय सिंह
एस.डी.ओ.
अशोक नगर, बिलासपुर
विनीत कुमार
जे.ई.
डिबडिबा
जितेन्द्र प्रसाद
जे.ई.
अशोक नगर


सभी क्षेत्रवासियों को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी की
हार्दिक
शुभकामनाएं
डॉ. मन्जेश राठी - डॉ. सुषमा राठी
डीएमआर हॉस्पिटल
डी.एम.आर. हॉस्पिटल एंड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
निकट पी.एम.एस. स्कूल, पीलीकोठी, सिविल लाइन्स, मुरादाबाद
फोन पर नम्बर लगाने के लिए सम्पर्क करें:-
0591-2411334, 9760304534, 7520435375, 9068814535
E-mail: drmanjeshrathi@gmail.com Website: www.dmrhospitals.com


HÄFELE
STUDIO PARTNER
Yet another milestone achieved. We at Dreams' kitchen are proud to be associated with Hafele as Kitchen Studio Partner.
सभी क्षेत्रवासियों को
श्री कृष्ण जन्माष्टी की
हार्दिक शुभकामनाएं
A-3 ATAL PATH, DEV VIHAR COLONY NEAR Dr. J.C.ARORA MORADABAD 244001
CONTACT NO. 9897755993, 9358685771

## आज का मौसम

उमस भरी गर्मी रहेगी, छिटपुट बारिश हो सकती है।

32.0⁰ अधिकतम तापमान | 26.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:49 | सूर्यास्त 06:44

श्री बाली जी एण्ड पार्टी

हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।



भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

## एक नजर

### बाइक सवार घायल

छजलैट, अमृत विचार : स्विफ्ट कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना क्षेत्र के गांव संजरपुर निवासी विपिन कांठ से घर लौट रहे थे। गांव के निकट पहुंचते ही पीछे आ रही स्विफ्ट कार ने बाइक में टक्कर मार दी।

# रौब के लिए तमंचा लहराते हुए बनाया वीडियो, गिरफ्तार

## सिविल लाइंस क्षेत्र का मामला, सोशल मीडिया पर युवक का वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने दिखाई सक्रियता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक युवक ने तमंचा लहराते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने आरोपी को तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। विधिक कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक गली में खड़े होकर एक हाथ में तमंचा पकड़े है और दूसरे में मोबाइल से वीडियो बना रहा है। इसके बाद युवक ने रौब दिखाने के लिए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। वीडियो देर रात को बनाई गई थी। वीडियो तेजी से वायरल होने के बाद मामले में पुलिस ने संज्ञान लिया। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया है कि वीडियो की निशानदेही पर रविवार को नागफनी थाना क्षेत्र के आकिल पुत्र नासिर को सिविल लाइंस के हरथला के ग्रीनफील्ड स्कूल के निकट से तमंचा समेत गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया है कि आरोपी युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट में रिपोर्ट पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया है।



तमंचा लहराने वाला आरोपी युवक।

# तमंचा के बल पर किशोर की कराई शादी

- ससुरालियों के चंगुल से छूटने के बाद बेटे ने परिवार वालों को बताई आपबीती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। तमंचा के बल पर किशोर की शादी करा दी। फिर दो साल तक घर जमाई बनाकर रखा। जैसे-तैसे किशोर ससुरालियों के चंगुल से छूटकर घर पहुंचा। इसके बाद दोनों परिवार वालों ने फैसले के लिए पंचायत बुला ली और लोहे की रॉड से किशोर के पिता का सिर फोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बिजनौर के कोतवाली थाना क्षेत्र के हीरामंडी निवासी सतपाल ने दी तहरीर में बताया कि सिविल लाइंस के अगवानपुर निवासी राजकुमार व दोनों बेटे अमन, आनंद और ओमप्रकाश दो साल पहले उनके नाबालिग बेटे संदीप को जबरदस्ती अपने घर से ले गए थे। इसके बाद ओमप्रकाश ने तमंचा के बल पर अपनी बेटी की शादी करा दी। फिर दो साल तक उसे घर जमाई बनाकर रखा। संदीप के साथ मारपीट करते थे। 16 अगस्त को संदीप जैसे-तैसे ससुरालियों के चंगुल से छूटकर अपने घर बिजनौर पहुंच गया। उसने पूरी घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद किशोर के ससुराल वाले फैसले का दबाव बनाने लगे। बावजूद इसके दोनों पक्ष पंचायत बुलाकर फैसले पर सहमत हो गए। 21अगस्त को सतपाल बेटे को साथ लेकर फैसला करने के लिए अगवानपुर पहुंच गए। आरोप है कि पंचायत की बैठक में हल न निकलने पर किशोर के ससुरालियों ने लाठियों से उनकी जमकर पिटाई कर दी। बेटे संदीप को कमरे में बंद कर दिया। विरोध करने पर लोहे की रॉड से उनका सिर फोड़ दिया। किसी तरह जान बचाकर वह थाने पहुंच गए। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने चार के खिलाफ नामजद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मझोला थाना क्षेत्र में डंपर की टक्कर से पंजाब के चालक की मौत, कोहराम

- शनिवार देर रात दिल्ली-लखनऊ बाईपास मार्ग पर हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात बाईपास पर आगे चल रहे भारी वाहन से डंपर टकरा गया। हादसे में पंजाब के डंपर चालक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

पंजाब के तरनतारन जिले के मानो चहल खुर्द निवासी गगनदीप सिंह (28) डंपर चालक था। परिवार में मां दीपो कौर और एक छोटा भाई रमनदीप है। गगनदीप के बिजनौर के अफजलगढ़ निवासी रिश्तेदार सरवन सिंह ने बताया कि शनिवार रात गगनदीप डंपर में बजरी लादकर काशीपुर से अमरोहा जा रहा था। इसी दौरान रात करीब डेढ़ बजे मझोला थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ बाईपास पर मनोहरपुर गांव के सामने आगे चल रहा भारी वाहन अचानक से रूक गया। तभी गगनदीप का डंपर ब्रेक लगाने से अनियंत्रित हो गया और वाहन से टकरा गया। हादसे में गगनदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची मझोला पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। जिस पर पंजाब से चले परिजन रविवार शाम को महानगर पहुंचे। रिश्तेदार सरवन सिंह ने बताया कि 12 दिन पहले ही गगनदीप पंजाब से यहां आया था। वह यहां रहकर डंपर चालक का काम करता था।



मृतक गगनदीप के गमगीन परिजन।

# हाईवे पर बाइक फिसलने से युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र में सुबह बाइक फिसलने से एक युवक की मौत हो गई। वह काम करके घर जा रहा था। इसी दौरान मझोला थाना के निकट हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

थाना क्षेत्र के लाकड़ी फाजलपुर निवासी कादिर (23) के पिता रजाबुल हसन ने बताया कि रविवार सुबह कादिर काम से घर लौट रहा था। इसी दौरान मझोला थाने के निकट रविवार सुबह करीब 3 बजे उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। रविवार को कादिर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पिता रजाबुल हसन ने बताया कि आठ माह पहले कादिर की शादी हुई थी। कादिर पर चार बेटे और दो बेटियां हैं। कादिर घर में सबसे छोटा था। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। घटनास्थल से क्षतिग्रस्त बाइक बरामद की है।

# मंडी के नाला निर्माण में रोड़ा बना नगर निगम

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मंडी समिति में सड़क व नाली-खड़ंजे बनाने का कार्य सुस्ती के चलते दो महीने पिछड़ गया है। निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था के मुताबिक नगर निगम के नाले में मंडी के नाले का पानी छोड़ने में निगम कर्मियों की ओर से देरी की जा रही है। मंडी सचिव का कहना है कि कई बार नगर निगम को पत्र के माध्यम से बताया जा चुका है।

# युवक ने दुपट्टे से फंदा लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/छजलैट

**अमृत विचार:** छजलैट थाना क्षेत्र में युवक ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। वह घर में अकेला था। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी अश्वनी कुमार उर्फ टीटू (28 ) एक्सपोर्ट फर्म में काम करता था। परिवार में पत्नी पूजा और चार साल का बेटा हिमांशु है। गांव के प्रधान हरिओम सिंह ने बताया कि अश्वनी की पत्नी रक्षाबंधन पर राखी बांधने मायके गई थी। अश्वनी घर में अकेला था।

शनिवार शाम को वह काम से घर लौटा और अपने कमरे में चला गया। रात करीब 8 बजे मां संतोष देवी अश्वनी के घर खाना लेकर गई तो काफी देर आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। बाद में खिड़की से झांक कर देखा तो अश्वनी का शव दुपट्टे के सहारे पंखे से लटका था।

आनन फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। युवक की मौत के बाद से पत्नी, मां समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कूपन सैम्पल इसी तरह काटकर चिपकायें

भाद्रपद कृष्णा पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081
शुक्रवार, 23 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 149, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
अमृत विचार
मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com
शांति के लिए भारत हर सहयोग को तैयार 16
सलमान के नए गाने यू आर माइन का टीजर रिलीज 15



## उपहार ही उपहार योजना - कूपन प्रपत्र

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मास्टर कूपन | | | | मास्टर कूपन |
| | | | मास्टर कूपन | | | | मास्टर कूपन |
| | | | मास्टर कूपन | | | | मास्टर कूपन |
| | | | मास्टर कूपन | | | | मास्टर कूपन |
| | | | मास्टर कूपन | | | | मास्टर कूपन |

**उपहार ही उपहार योजना नियम एवं शर्तें:-** ◆ योजना अवधि 75 दिन की होगी, आपको किन्हीं 30 दिन के कुपन ऊपर चित्र में दर्शाये गए के अनुसार अपने अखबार की डेट काट कर चिपकाने होंगे। ये डेट का भाग ही कूपन होगा। ◆ **योजना अवधि के दौरान 10 मास्टर कूपन अखबार में छापे जायेंगे इन सभी कूपनों को चिपकना अनिवार्य है।** ◆ कूल कूपनों की संख्या मास्टर कूपन सहित 45 होगी। ◆ **पूर्ण रूप से भरे कूपन प्रपत्र एवं आधार कार्ड की फोटो खींच कर 6392828360 पर व्हाट्सअप कर देना होगा।** उक्त कूपन प्रपत्र को संभाल कर रखना होगा। ◆ जिन प्रतिभागी का कूपन प्रपत्र पूर्ण रूप से भरा होगा एवं रजिस्ट्रेशन में दी गयी डिटेल का मिलान करने के बाद भाग लेने वाले पाठको के नाम एवं पुरस्कार वितरण की तिथि अखबार में प्रकाशित की जाएगी। आप अपना उपहार उक्त तिथि को प्राप्त कर सकते हैं। ◆ यदि किसी पाठक ने योजना में रजिट्रेशन नहीं कराया होगा या कूपन प्रपत्र पूर्ण रूप से नहीं भरा होगा, उपहार नहीं दिया जायेगा। ◆ **एक से अधिक रजिस्ट्रेशन अमान्य होंगे।** ◆ उपहार प्राप्त करते समय आधार की छाया प्रति एवं रजिस्ट्रेशन का मेसेज पूर्ण रूप से भरे फॉर्म के साथ उपलब्ध कराना होगा। ◆ यह योजना सिर्फ मुरादाबाद संस्करण के नियमित पाठको के लिए ही होगी ◆ **योजना को किसी भी समय बंद करने, रद्द करने का निर्णय अमृत विचार संस्थान के पास रहेगा।** ◆ इस पुरस्कार योजना का उद्देश्य सिर्फ अमृत विचार के नियमित पाठको का मनोरंजन करना है। ◆ **किसी भी वाद/विवाद के लिए न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा।**

पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त...
पढ़ते रहिए अमृत विचार ...

## शहर में आज



☞ स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक युवा मंच की ओर से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अन्तर्गत दही हांडी कार्यक्रम रात 10:00 बजे।

☞ दिल्ली रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी उत्सव रात 11:00 बजे।

☞ लालबाग स्थित कालीमाता मंदिर में सायंकालीन आरती 7:00 बजे।

## एक नजर

### लड्डू गोपाल को सजाने के लिए बाजार से खरीदे वस्त्र

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर महानगर के बाजारों में देररात तक भगवान श्रीकृष्ण की वेशभूषा और साज सज्जा का सामान खरीदने वालों की भीड़ लगी रही। लोगों ने अपने घरों के मंदिरों में रखे लड्डू गोपाल के लिए विभिन्न प्रकार की ड्रेस के साथ उनको झुलाने के लिए पालने खरीदे।



पौधे लगाते अग्रवाल सभा के पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

## जीवन में एक पौधा अवश्य लगाएं

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अग्रवाल सभा द्वारा रविवार को नया मुरादाबाद स्थित महाकालेश्वर धाम मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया। इसके अलावा 150 पेड़ बिना ट्री गार्ड के भी लगाए गए। सात पेड़ ट्री गार्ड समेत अमर कॉम्प्लेक्स, रामगंगा विहार में भी लगाए गए। जिसमें नीम, गुलमोहर, बरगद, पीपल, हरसिंगार, अमलताश, आंवला व बेल के पौधे शामिल हैं।

पौधे लगाने के बाद सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि इनकी देखभाल भी करेंगे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाकर उसकी देखभाल अपने बच्चों की तरह करनी चाहिए। अगर हम सब मिलकर संकल्प लेकर पौधरोपण करेंगे तो पर्यावरण संरक्षित होगा। अध्यक्षता महेश अग्रवाल और संचालन महामंत्री सीए अजीत कुमार अग्रवाल ने किया। आभार कोषाध्यक्ष पवन अग्रवाल ने जताया। कार्यक्रम के संयोजक मनोज अग्रवाल व अनुराग अग्रवाल रहे। इस मौके पर सुरेश अग्रवाल, शरद अग्रवाल, नीरज, गौरव मित्तल सागा, नलिन, शैलेंद्र बंसल सागर, विजय, ज्ञान प्रकाश सिंघल, आशीष, अखिल अग्रवाल, सुनील, पंकज दर्पण आदि मौजूद रहे।

## डाक विभाग का मेगा ड्राइव 29 से 31 अगस्त तक

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** डाक विभाग की ओर से 29 से 31 अगस्त तक नये खाते खोलने की मेगा ड्राइव चलाई जा रही है। इसके अंतर्गत ग्राहकों को डाकघर की विभिन्न उच्च ब्याज दरों की बचत योजनाओं में डाकघर खाता में निवेश के लिए विशेष सुविधा प्रदान की जाएगी।

प्रवर अधीक्षक मुरादाबाद डाक मंडल अमित दत्त ने बताया कि डाकघर बचत खाता (एसबी) किसी भी बचत खाते जैसा ही है। इसमें 4 प्रतिशत की ब्याज दर और न्यूनतम जमा राशि 500 रुपये है। न्यूनतम निकासी राशि केवल 50 रुपये है। वहीं आवर्ती जमा खाता डाकघर की लोकप्रिय बचत योजनाओं में से एक है जिसका सभी लाभ उठा सकते हैं। न्यूनतम मासिक जमा राशि 100 रुपये है। जिसमे निवेश की कोई अधिकतम सीमा नहीं है। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण के लिए सुकन्या समृद्धि खाता डाकघर में खोला जाता है। इसकी उच्च ब्याज दर 8.2% है।

### जिलाधिकारी ने संबंधित तहसीलों में उप जिलाधिकारियों को सतर्क रहने को कहा

# नदियों के बढ़ते जलस्तर से बढ़ी अधिकारियों की चिंता

● पहाड़ों पर बारिश होने से तीन दिन से बढ़ रहा नदियों का जलस्तर, येलो अलर्ट जारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के पहाड़ों में हो रही बारिश से नदियां उफना गई हैं। रामगंगा नदी का कटघर और कालागढ़ में लगातार तीसरे दिन बढ़ते क्रम में जलस्तर रिकॉर्ड किया गया। जबकि गागन का जलस्तर रविवार को स्थिर रहा। प्रशासन ने येलो अलर्ट जारी कर बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया है। नदियों का जलस्तर बढ़ने से प्रशासनिक अधिकारियों की चिंता बढ़ गई है। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों व बाढ़ खंड के अधिकारियों को सतर्क कर दिया है। बाढ़ चौकियों को 24 घंटे सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्ट्रेट स्थित जिला आपदा कार्यालय में स्थापित बाढ़ कंट्रोल से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को रामगंगा नदी का जलस्तर कटघर रेलवे पुल पर बढ़ते क्रम में 189.67 मीटर रिकॉर्ड किया गया। जबकि रामगंगा कालागढ़ बांध पर जलस्तर चढ़ाव के क्रम में 350.120 मीटर रहा। जबकि गागन नदी का जलस्तर दो दिन बढ़ने के बाद रविवार को स्थिर रहकर 189.15 मीटर रिकॉर्ड किया गया। जलस्तर के बढ़ने का कारण उत्तराखंड के पहाड़ों पर हो रही बारिश को बताया। जिला आपदा विशेषज्ञ सुजीत गौतम ने बताया कि नदियों के जलस्तर बढ़ने को देखते हुए येलो अलर्ट जारी है। जलस्तर बढ़ने से सदर तहसील के मूंढापांडे ब्लॉक के कई गांव जद में हैं जहां पानी पहुंच गया है। लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। वहीं जिलाधिकारी ने बाढ़ चौकियों पर रोस्टर के अनुसार कर्मचारियों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं।



रामगंगा का बढ़ा जलस्तर। ● अमृत विचार

### नदियों का तीन दिन का जलस्तर

| तारीख | रामगंगा नदी कटघर रेलवे पुल | रामगंगा कालागढ़ डैम | गागन नदी |
|---|---|---|---|
| 25 अगस्त | 189.67 मीटर | 350.120 मीटर | 189.15 मीटर |
| 24 अगस्त | 189.57 मीटर | 349.830 मीटर | 189.15 मीटर |
| 23 अगस्त | 189.36 मीटर | 349.350 मीटर | 189.10 मीटर |

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियों में जुटे लोग, दिखा उल्लास

### मंदिरों, घरों में लड्डू गोपाल का जन्मोत्सव मनाने को सजाई झांकियां, पुलिस लाइंस, राधा कृष्ण मंदिर आदि में होगा आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व आज उल्लास व आस्था के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए घरों व मंदिरों में तैयारियां की जा रही हैं। सोमवार को लड्डू गोपाल का जन्मोत्सव धूमधाम से मनेगा। इसके लिए रविवार को भी बाजारों में माला, मुकुट, मोर पंखी आदि की खरीददारी में लोग जुटे रहे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के आयोजन में झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर कान्हा के श्रृंगार के लिए कपड़े, माला, मुकुट, मोर पंखी, बांसुरी आदि की खरीदारी की गई। कई लोगों ने चांदी की बांसुरी खरीदी। हरथला, गुरहट्टी, गंज बाजार, डिप्टीगंज में देर शाम तक भीड़ लगी रही। माखन मिश्री का भोग लगाकर प्रभु श्रीकृष्ण का आशीर्वाद और अपनी मनोकामना की प्राप्ति के लिए पूजा अर्चना की जाएगी।

उल्लासपूर्वक जन्मोत्सव का आयोजन सोमवार को मंदिरों व घरों में किया जाएगा। बहुत से लोग व्रत रखकर कान्हा का जन्मोत्सव मनाएंगे। आकर्षक झांकियां सजाई जाएंगी। राधा कृष्ण मंदिर के अलावा पुलिस लाइंस व अन्य जगहों पर भव्य आयोजन की तैयारी की गई है।




जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर रोशनी से जगमगाया दिल्ली रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर। ● अमृत विचार

### भक्ति से श्रद्धा बढ़ी, ऊंचा मिला मुकाम...

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा मुरादाबाद इकाई द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। अध्यक्षता अधीक्षक मुकेश कुमार चौधरी व संचालन कवि राजीव प्रखर ने किया। शुभम ने पढ़ा, भक्ति से श्रद्धा बढ़ी, ऊंचा मिला मुकाम। जब से कर दी जिदगी, गोविंद तेरे नाम। इंदूरानी ने पढ़ा- बंटवारा जिस दिन हुआ, सुर्ख हुई कश्मीर, स्वर्ग नहर लाशें भरी बहती मन को चीर।

### सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे 500 पुलिसकर्मी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पुलिस प्रशासन कृष्ण जन्माष्टमी और चेहल्लुम को लेकर सतर्क हो गया। कार्यक्रम को लेकर 6 क्षेत्राधिकारी समेत 500 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा एक कंपनी बीएसएफ और एक प्लाटून पीएसी भी सुरक्षा में तैनात रहेगी। इस बार जन्माष्टमी और मुस्लिमों का चेहल्लुम सोमवार को एक ही दिन मनाया जाएगा। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि शहर में 34 मंदिरों पर जन्माष्टमी के कार्यक्रम किए जाने हैं। इसके अलावा 14 शोभायात्राएं और जुलूस निकाले जाएंगे। चेहल्लुम का विशाल जुलूस भी इसी दौरान निकलना है। इसके लिए सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। सभी शोभायात्रा और जुलूस में अनिवार्य रूप से पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। मझोला क्षेत्र के राधाकृष्ण मंदिर, सिविल लाइंस के मनोकामना मंदिर, पुलिस लाइन मंदिर समेत सभी प्रमुख मंदिरों पर भी सुरक्षा के मद्देनजर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी जगह सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था की गई है। पुलिसकर्मी कंट्रोल रूम में बैठकर नियमित निगरानी करेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के लिए बीएसएफ जवानों की एक कंपनी को जगह-जगह तैनात किया गया है। एक प्लाटून पीएसी भी लगाई गई है।



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर बाजार में खरीदारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सुबह से शहर में नहीं घुसेंगे भारी वाहन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर यातायात विभाग ने रूट डायवर्जन प्लान लागू किया है। सोमवार की सुबह सुबह छह बजे से देर रात दो बजे तक भारी वाहन महानगर में प्रतिबंधित रहेंगे। जबकि शाम छह बजे से लेकर देर रात दो बजे तक रोडवेज और निजी बसों को शहर में नहीं घुसने दिया जाएगा। बसों को शहर से बाहर अस्थायी बस अड्डों पर रोका जाएगा। वहीं ऐसी स्थिति में कोई वाहन शहर में घुसेगा तो चौराहों पर तैनात पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि सोमवार सुबह 6 बजे से भारी वाहनों को प्रतिबंधित किया गया। वहीं रोडवेज व निजी बसें शाम छह बजे के बाद शहर में प्रवेश नहीं करेंगी। उन्होंने बताया है कि काशीपुर, टांडा और बाजपुर से आने वाली बसों के लिए काशीपुर तिराहे पर अस्थायी बस अड्डा बनाया गया है जबकि कांठ, बिजनौर से आने वाली बसें कांठ रोड पर विवेकानंद मोड़ तक आएंगीं। बिलारी, संभल और दिल्ली से आने वाली बसों के लिए टीपी नगर आजाद नगद में अस्थायी बस अड्डा बनाया गया है।

### ये हैं वैकल्पिक मार्ग

- कांठ रोड से आने वाली रोडवेज की बसें विवेकानंद तिराहा कांठ रोड तक आएंगी और वहीं से वापस जाएंगी।
- बिलारी, संभल रोड, दिल्ली रोड से आने वाली रोडवेज व निजी बसें आजाद नगर मोड़ तक आएंगी और यहीं से वापस जाएंगी।
- ठाकुरद्वारा, कांशीपुर, स्वार, टांडा रोड से आने वाली बसें काशीपुर तिराहे तक आएंगी। वहीं से वापस कर दी जाएगी।
- रामपुर बरेली की तरफ से आने वाली रोडवेज व निजी बसें हनुमान मूर्ति तिराहे तक आएंगी और वहीं से सवारी लेकर वापस चली जाएंगी।
- शहर में भारी वाहनों की नो एंट्री सामान्य दिनों में सुबह छह बजे से 11 तक रहती है लेकिन, सोमवार को नो एंट्री सुबह 6 बजे से देर रात 02 बजे तक रहेगी।

# समस्याओं को लेकर शासन से करेंगे वार्ता

● मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्ट एसोसिएशन की बैठक में रखी गई निर्यातकों की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्ट एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक कांठ रोड स्थित एक होटल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष नवेदुर्रहमान ने की।

मंच पर मौजूद महासचिव अवधेश अग्रवाल, ईपीसीएच के वाइस चेयरमैन नीरज खन्ना, संरक्षक नजमुल इस्लाम व कोषाध्यक्ष डॉ. हामिद ने निर्यातकों की समस्याओं पर अपने विचार रखे। इस दौरान कहा गया कि नगर निगम का हाउस टैक्स कैंप लगवा कर हाउस टैक्स जमा कराकर उसका निस्तारण किया जाए। एमएसएमई के अंतर्गत 45 दिनों में पेमेंट की बाध्यता को सभी सदस्य एक मत हों तो कानूनी रूप से चुनौती दी जाए। जिन सदस्यों ने काफी समय से एसोसिएशन का शुल्क जमा नहीं किया है तो उन्हें निष्कासित किया जाएगा। निष्कासित सदस्यों की जगह वेटिंग कर रहे अन्य निर्यातकों को नई सदस्यता दी जाएगी। इसके अलावा कहा गया कि जिन सदस्यों की इस वर्ष की अभी तक वार्षिक सदस्यता नहीं आई है। उनके लिए अंतिम तिथि 24 सितंबर तय की गई है। जिसके बाद उनकी सदस्यता पर विचार किया जाएगा।

नगर निगम, प्रदूषण व एमडीए की समस्याओं के लिए जल्द ही शासन स्तर पर वार्ता की जाएगी। इसके अलावा जल्द ही कैश एंड कैरी जल्द ही शुरू किया जाएगा। इस मौके पर नदीम खान, हाजी अशरफ, हसनैन अख्तर समेत अन्य निर्यातक शामिल रहे।



मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्ट एसोसिएशन की बैठक में शामिल निर्यातक।

## हिंदी साहित्य संगम करेगी निशंक को सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** साहित्यिक संस्था हिंदी साहित्य संगम की बैठक रविवार को मिलन विहार में रामदत्त द्विवेदी के आवास पर हुई। जिसमें 13 सितंबर को हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर संस्था की ओर से आयोजित होने वाले समारोह में महानगर के वरिष्ठ कवि राम सिंह निशंक को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि संस्था की ओर से इस वर्ष सम्मानित होने जा रहे राम सिंह निशंक हिंदी की सेवा में पूर्णतया समर्पित रचनाकार हैं। महानगर में होने वाले विभिन्न साहित्यिक आयोजनों में उनकी भागीदारी रहती है। वर्तमान में राम सिंह निशंक महानगर की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था राष्ट्रभाषा हिंदी प्रचार समिति के अध्यक्ष हैं। बैठक में रामदत्त द्विवेदी, ओंकार सिंह ओंकार, जितेन्द्र जौली, राजीव प्रखर, नकुल त्यागी शामिल रहे।

# विनोद फिर निर्विरोध बने जिलाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य पर्यवेक्षक संघ की जिला इकाई का निर्वाचन रविवार को कराया गया। इसमें विनोद कुमार शर्मा को फिर से जिलाध्यक्ष चुन लिया गया। यह लगातार पिछले 24 वर्ष से इसी पद की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

चुनाव में कोई भी मतदाता स्वास्थ्य पर्यवेक्षक जितेंद्र के विरोध में नहीं नजर आया। सभी ने उनका जिलाध्यक्ष पद के लिए एक बार फिर से समर्थन कर दिया है। जिस कारण जिलाध्यक्ष पद के लिए किसी दूसरे प्रत्याशी में प्रतिस्पर्धा भी नहीं हुई और जितेंद्र शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। वहीं नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष ने भी अपने सभी साथियों को भरोसा दिया है कि वह कर्मचारियों के हित में जितना संभव होगा, प्रयासरत रहेंगे। इस निर्वाचन को चुनाव अधिकारी चीफ फार्मासिस्ट हेमंत चौधरी ने अपनी देखरेख में संपन्न कराया। हेमंत चौधरी उप्र डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला मंत्री हैं। निर्वाचन में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संदीप बडोला मुख्य अतिथि रहे। नई जिला इकाई में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक भगवान सिंह और उपाध्यक्ष पद पर अमित भारद्वाज, जिला मंत्री पद के लिए नरेश सिंह चुने गए हैं। जबकि, नवीन दिवाकर संगठन मंत्री, वीरेंद्र सिंह संयुक्त मंत्री, हर्षवर्धन कोषाध्यक्ष, वासु भटनागर संप्रेक्षक बनाए गए हैं। अजय सक्सेना को प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। इस मौके पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अंकुर शर्मा, अनुकूल चौहान, देवेंद्र कुमार शर्मा, सूर्यांश वेदी, विपुल कुमार, अनिल कुमार उपस्थित रहे।



निर्वाचित पदाधिकारियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संदीप बडोला व हेमंत चौधरी।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर किया जा रहा अत्याचार

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रविवार को लाजपत नगर श्री रामलीला मैदान में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल की मेरठ क्षेत्र (मेरठ प्रांत, उत्तराखंड प्रांत, ब्रज प्रांत) की प्रवासी कार्यकर्ताओं की एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट देवेश उपाध्याय ने कहा कि बांग्लादेश में लड़ाई सत्ता की, मगर जिस प्रकार से हिंदू मंदिरों का तोड़ा जाना व मूर्तियों को खंडित करना, हिंदू बहन-बेटियों की इज्जत लूटना दर्शाता है कि उनका मकसद हिंदुओं पर अत्याचार करना है। इस दौरान महामंत्री मनोज व्यास, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सावित्री चंद, डॉ. अंजली सैनी, एडवोकेट सुभाष जोशी, डॉ. रंजीत सिंह राघव, संघटन मंत्री हरेंद्र, प्रमोद, गौरव राघव, रोहन सक्सेना, ब्रजेश राणा, सुनील गुप्ता, श्याम कृष्ण रस्तोगी आदि शामिल रहे।

**आयोजन** डीआईजी ने विजेता-उपविजेता टीम को ट्रॉफी भेंट कर किया सम्मानित

# अंतिम दिन रहा मुरादाबाद के खिलाड़ियों का दबदबा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** 9वीं वाहिनी पीएसी में चल रही 27वीं अंतरवाहिनी तैराकी व क्रासकंट्री प्रतियोगिता के अंतिम दिन भी मुरादाबाद के प्रतिभागियों का दबदबा रहा। शुक्रवार से शुरू हुई प्रतियोगिता रविवार शाम को संपन्न हुई। डीआईजी ने विजेता टीम को ट्रॉफी व शील्ड देकर खिलाड़ियों का गौरव बढ़ाया।

पीएसी पश्चिम जोन की 27वीं अंतरवाहिनी तैराकी एवं क्रासकंट्री प्रतियोगिता का आरंभ शुक्रवार को हुआ था। प्रतियोगिता में पश्चिम जोन की सभी 14 वाहिनियों की टीमों ने हिस्सा लिया था। इस दौरान खेली गई विभिन्न स्पर्धाओं में 10 किलोमीटर क्रासकंट्री रेस में 24वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद को प्रथम स्थान मिला। वहीं इसी प्रतियोगिता में बरेली की टीम दूसरा स्थान पाकर उपविजेता रही। तैराकी प्रतियोगिता में भी सर्वाधिक अंक पाकर 9वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद की टीम विजेता बनी। 24वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद उपविजेता रही। वहीं, वाटरपोलो प्रतियोगिता में भी सर्वाधिक अंकों के साथ 9वीं वाहिनी मुरादाबाद को प्रथम और 23वीं वाहिनी मुरादाबाद को द्वितीय स्थान मिला। रविवार को अंतिम दिन मुख्य अतिथि डीआईजी मुनिराज जी ने विजेताओं की टीम को ट्रॉफी, शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन रवि कुमार शर्मा ने किया। इस मौके पर विनोद कुमार, सतीश कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई।




विजेता टीम को ट्राफी देते डीआईजी मुनिराज जी व उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारी।

### डाइविंग स्पर्धा में रही मुरादाबाद की टीम प्रथम

प्रतियोगिता के अंतिम दिन अधिकतर स्पर्धाओं में मुरादाबाद की टीम ही विजेता और उपविजेता रही। डाइविंग स्पर्धा में 24वीं वाहिनी मुरादाबाद की टीम ने प्रथम स्थान का गौरव हासिल किया। वहीं 9वीं वाहिनी पीएसी उपविजेता रही है। इस बार 9वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद को प्रतियोगिता की मेजबानी मिली थी।

## जन आरोग्य मेले में 2699 को मिला इलाज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन रविवार को जिले की सभी पीएचसी हुआ। इसमें 26 अर्बन पीएचसी और 31 ग्रामीण अस्पतालों में आने वाले रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं दी गई हैं।

नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में जिन डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टॉफ कर्मियों की ड्यूटी लगाई, वह सभी उपस्थिति रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मेले में गर्भवती महिला के ब्लड सैंपल व अन्य जांचें भी की गई हैं। इसके अलावा बुखार, खांसी के रोगियों ने भी स्वास्थ्य मेले में आकर परीक्षण कराया और दवाएं ली हैं। इसमें कुल 2699 रोगियों का पंजीकरण किया गया। इनमें 1252 पुरुष, 1086 महिला और 361 बच्चे शामिल हैं।

# अनुराग बने जिलाध्यक्ष, अभिषेक मंत्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय मिनिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ की जनपद शाखा की द्विवार्षिक कार्यकारिणी का चुनाव रविवार को कराया गया। जिसमें 79 में से 77 मतदाताओं ने अपने अधिकार का प्रयोग किया। निर्वाचित कार्यकारिणी में अनुराग को जिलाध्यक्ष, अनिल सैनी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और अभिषेक सिंह को जिला मंत्री चुना गया।

कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यकारिणी के चुनाव की प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह की देखरेख में सुबह 10 बजे से शुरू हुआ। इसमें कार्यकारिणी के सदस्यों में 79 में से 77 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें अनुराग को कुल पड़े वैध 77 मतों में से 66 मत प्राप्त हुए। जिसके चलते उन्होंने 55 मतों से जिलाध्यक्ष पद का चुनाव जीत लिया। दूसरे प्रत्याशी संजीव कुमार सक्सेना को केवल 11 वोट मिला। जिला मंत्री पद के लिए अभिषेक सिंह को 63 वोट मिला। जबकि उनके प्रतिद्वंदी कुलदीप वन को 14 मतों से संतोष करना पड़ा। इस प्रकार अभिषेक सिंह 49 मतों के अंतर से जीत हासिल कर निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष पद पर श्रवण कुमार को 77 में से 67 और अनीता रानी को सिर्फ 10 वोट मिला। चुनाव अधिकारी ने निर्वाचित पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की। जिसमें अनुराग को जिलाध्यक्ष, अनिल सैनी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कुलदीप सिंह कनिष्ठ उपाध्यक्ष, अभिषेक सिंह जिला मंत्री, एजाज अहमद संयुक्त मंत्री, हरकेश कुमार संगठन मंत्री, श्रवण कुमार कोषाध्यक्ष, सोनू सिंह ऑडिटर और दुरदाना इकबाल को सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा मंत्री निर्वाचित घोषित किया।



निर्वाचित होने के बाद खुशी जताते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## एक नजर



पीपलसाना में प्रशिक्षण के दौरान ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव।

### गांव में बेहतर साफ सफाई रखने का दिया प्रशिक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण दूसरे चरण में भगत पुर ब्लॉक में के 22 ग्राम प्रधान व पंचायत सहायकों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें शनिवार को संभल जिले बहजोई में बने जिला पंचायत संसाधन केंद्र पर ले जाकर गांव में साफ सफाई कैसे रखी जाए इसके बारे जानकारी दी गई। सहायक खंड विकास अधिकारी भगतपुर मनोज कुमार ने बताया कि दूसरे दिन क्षेत्रीय भ्रमण के पीपल साना गांव का चयन हुआ। जिसमें गांव एफ बी पब्लिक स्कूल सभी ग्राम प्रधानों व पंचायत सहायकों को जिला पंचायत संसाधन केंद्र संभल से आए वरिष्ठ प्रबंधक नवनीत शेखर ने सफाई कर्मचारियों को फील्ड प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रधान पंचायत सहायकों गांव सिल्ट कैचर, सोकपिट, आरसीसी के कूड़ेदान बरनी कम्पोजट बनाकर गांव में बेहतर साफ सफाई रखने के तरीकों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान, बीसी अवधेश कुमार, शकील अहमद, ग्राम पंचायत पीपल साना से ग्राम प्रधान पंचायत सचिव आदि मौजूद रहे।

### विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**संवाददाता, पाकबड़ा :** अमृत विचार : रविवार को रतनपुर कला में विश्व हिंदू परिषद के 60 वर्ष पूरे होने पर स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रणीत गुप्ता ने विश्व हिंदू परिषद द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया। जिसमें रामजन्म भूमि आंदोलन, प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, विश्व में चल रहे कार्यों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन महानगर सह संयोजक राजीव ठाकुर द्वारा किया गया। प्रखंड अध्यक्ष सुशील शर्मा ने सभी लोगों का धन्यवाद किया। महानगर अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद अविनाश गुप्ता ने बताया कि भारत पुन: विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। वो दिन दूर नहीं जब भारत फिर से अखंड होगा। इस अवसर पर दीपक कश्यप, राहुल ठाकुर, शिवम् सैनी, सचिन कश्यप, अतुल चौधरी, आदेश कुमार, गजेंद्र सिंह, गजराम सिंह, जगत सिंह, विशाल दिवाकर, सतीश, अमित, नितेश आदि मौजूद रहे।

# आदर्श नगर में दो गुटों में मारपीट, चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के आदर्श कालोनी में दो गुटों में मारपीट हो गई। जिसमें तीन लोग गंभीर घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर जानलेवा हमला, छेड़छाड़ समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

सिविल लाइंस के आदर्श कालोनी निवासी एक पक्ष की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती रात दूसरे पक्ष के रामबाबू, उसका बेटा आकाश आदि आठ लोगों ने उसके पति अमित कुमार को घेर कर लाठी-डंडे से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। जब वह बचाने पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। एसएचओ सिविल लाइंस मनीष सक्सेना ने बताया कि दूसरे पक्ष की ओर से भी एक महिला ने तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी का आरोप पीछा करते हैं। इसी का विरोध करने पर रोनित, अमित समेत अन्य आरोपियों ने उसके ऊपर पति आकाश के ऊपर जानलेवा हमला किया। एसएचओ ने बताया कि पहली महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी रामबाबू, के बेटै आकाश, विकास, विमल, विशाल, विनय भतीजे रोहित उफ गुटकला समेत आठ के खिलाफ केस दर्ज किया है। रविवार को एसएसआई हरेंद्र सिंह की टीम ने इनमें से विशाल, विमल, अकाश व विनय को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। तीनों आरोपी सगे भाई हैं। इसी तरह दूसरी महिला की तहरीर पर आरोपी रोनित, अमित, पिंकू राजन, बबीता, साक्षी, मोना, कविश, राधिका व किन्नी समेत 9 के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इनमें से आरोपी अमित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## नर्स दुष्कर्म प्रकरण : एबीएम क्लीनिक में बेहोशी देने वाले डॉ. अरुण कुमार जैन का सीएमओ ने लिया बयान

# उदाहरण बनेगी कार्रवाई, ऑपरेशन छोड़कर भागने वालों को घेरा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा के एबीएम क्लीनिक में नर्स से दुष्कर्म का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग भी अपनी पूर्व में की गई अनदेखी को छिपाने के लिए जांच में गंभीरता दिखा रहा है। एक-एक बिंदु पर विस्तृत जांच कर साक्ष्य जुटा रहा है। रविवार को भी इस मामले में सीएमओ ने एबीएम क्लीनिक में ऑपरेशन से जुड़े रोगियों में जैसे गर्भवती व अन्य को एनेस्थीसिया (निष्चेतना इंजेक्शन) देने वाले डॉ. अरुण कुमार जैन को तलब कर उनके लिखित में बयान लिए हैं। बयान में उन्होंने क्या लिखा है, सीएमओ ने इसे तो सार्वजनिक नहीं किया है। लेकिन, उन्होंने इतना जरूर कहा कि ऑपरेशन के बाद रोगियों को छोड़कर भाग जाने वाले जिम्मेदारों और उनसे जुड़े लोगों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई होगी कि आने वाले दिनों के लिए नजीर होगी। इससे पहले उन्होंने सर्जन डॉ. सरताज आलम के बयान लिए थे।

सीएमओ ने बताया कि एबीएम क्लीनिक में ऑपरेशन वाले रोगियों को छोड़कर भाग जाना बड़ा अपराध है। क्लीनिक में बगैर अधिकृत के चिकित्सा सेवा देने वालों पर बड़ी कार्रवाई होगी। इस क्लीनिक से एमबीबीएस डॉ. हिमांशु चौधरी भी जुड़े हैं। खबर है कि इनके बयान भी सीएमओ ने दर्ज किए हैं।

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि एबीएम क्लीनिक और उससे जुड़े लोगों के विरुद्ध उनकी जांच पूरी होने वाली है। कार्रवाई के लिए अगले एक-दो दिन में रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि जांच में जिसके विरुद्ध आरोप सत्य होते हैं, उसे छोड़ेंगे नहीं। सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट तैयार होने के बाद एबीएम क्लीनिक से जुड़े एमबीबीएस डॉक्टर व सर्जन का मेडिकल काउंसिल में पंजीयन निरस्त कराने की भी योजना बन रही है। हैरत की बात ये है कि सीएमओ कार्यालय में एबीएम क्लीनिक के पंजीयन दस्तावेजों में शाहनवाज का कहीं नामोनिशान तक नहीं है। इसके बाद भी वह क्लीनिक का मालिक बना था। वहीं जिनके नाम पर क्लीनिक का पंजीयन सीएमओ ऑफिस में था, वह एमबीबीएस डॉ. हिमांशु चौधरी व सर्जन डॉ. सरताज आलम हैं। इन्हें भी ओपीडी के लिए स्वीकृति मिली थी, लेकिन यह लोग क्लीनिक में खासकर गर्भवती महिलाओं का ऑपरेशन कर शिशु का जन्म करा रहे थे। क्लीनिक में स्त्री रोग विशेषज्ञ भी कोई नहीं था। सीएमओ ने खुद बताया कि सर्जन डॉ. सरताज ऑपरेशन करके पूरे-पूरे महीने गायब हो जाते थे।

### तीन डॉक्टरों समेत कई पर सीएमओ की नजर

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि एबीएम क्लीनिक का पंजीयन सर्जन डॉ. सरताज आलम और एमबीबीएस डॉ. हिमांशु चौधरी के नाम से है। फिर इन दोनों का क्लीनिक में ऑनकॉल पर आने का औचित्य ही नहीं उठता है लेकिन, अपने बयान में इन्होंने यही कहा है कि वह लोग ऑनकॉल आते थे। इससे स्पष्ट है कि क्लीनिक का 24 घंटे संचालन गैर शिक्षित-प्रशिक्षित व्यक्ति शाहनवाज और उसकी पत्नी करती थी। बताया जा रहा है कि अपनी जांच रिपोर्ट में सीएमओ तीनों डॉ. सरताज आलम, हिमांशु चौधरी और डॉ. अरुण कुमार जैन के साथ ही शाहनवाज व इसकी पत्नी व कुछ अन्य लोगों को शामिल करते हुए कार्रवाई की जद में ले रहे हैं।

### पंजीयन में 'नजराना', सारे नियम दरकिनार

सीएमओ कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि एबीएम क्लीनिक को लाइसेंस देने व नवीनीकरण में नियमों की जो अनदेखी की गई है, उसके जिम्मेदारों के नाम भी तलाशे जा रहे हैं। इन पर भी बड़ी कार्रवाई होने की उम्मीद है। जाहिर है कि बिना साक्ष्य के ही एबीएम क्लीनिक का सीएमओ ऑफिस न सिर्फ लाइसेंस मिल गया बल्कि समय-समय पर जिम्मेदार 'नजराना' लेते हुए उसका नवीनीकरण भी करते रहे हैं। वैसे इस मामले में एबीएम तो एक नमूना है, महानगर और ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे कई और एबीएम हैं, जहां पंजीयन किसी के नाम है और उसका संचालन झोलाछाप ही कर रहे हैं। जिनमें स्वास्थ्य विभाग आज भी अनदेखी कर रहा है।

# तीसरे दिन कम हुए अनुपस्थित, 18371 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

## सिपाही भर्ती परीक्षा: बेटियों का सिपाही बनने का होगा सपना पूरा, परीक्षा देकर केंद्र से बाहर निकलीं बेटियों के चेहरे खिले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कड़ी सुरक्षा के बीच तीसरे दिन भी पुलिस भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से कराई गई। एसओजी समेत सुरक्षाकर्मी सतर्क रहे। 26 केंद्रों पर पांच दिन तक आयोजित परीक्षा दो पालियों में कराई जा रही है। केंद्रों के बाहर सुबह से अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन के लिए लंबी लाइनों में लगे रहे। केवाईसी होने के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। दो दिन के मुकाबले तीसरे दिन भी अभ्यर्थियों की अनुपस्थिति घटी है। तीसरे दिन 5053 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि पहले दिन 5690 और दूसरे दिन 5270 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी थी।

तीसरे दिन कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच दोनों पालियों की परीक्षा सकुशल कराई गई। पेपर में धांधली को लेकर प्रशासन ने हर केंद्र पर जैमर और सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। सिपाही बनने का सपने लेकर दूर-दराज से अभ्यर्थी महानगर के केंद्रों पर पहुंचे हैं। तीसरे दिन रविवार को भी केंद्रों के बाहर दस्तावेज सत्यापन के लिए लंबी लाइन लगी रही। कड़ी जांच के बाद परीक्षार्थियों को केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया। पुलिस प्रशासन समेत नोडल अधिकारी केंद्रों पर पहुंचकर तैनात सुरक्षाकर्मियों को



परीक्षा छूटने के बाद रेलवे स्टेशन रोड पर लगा लंबा जाम। ● अमृत विचार

कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। प्रत्येक पाली में 11712 अभ्यर्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं। रविवार को 18,371 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 5,053 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

बीते दो दिन के मुकाबले अभ्यर्थियों की अनुपस्थिति घटी है। परीक्षा के शुरुआती दिन में 5690 ने अभ्यर्थियों ने पेपर नहीं दिया था, जबकि दूसरे दिन 5270 ने परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। तीसरे दिन भी परीक्षार्थियों ने पेपर आसान बताया। कुछ अभ्यथियों ने गणित समेत रीजनिंग के सवाल कठिन बताए।

दूर-दराज से पेपर देने पहुंची युवतियों ने भी पेपर को काफी हद तक आसान ही बताया। उन्होंने पुनर्परीक्षा में सिपाही बनने का सपना साकार होने की उम्मीद जताई।

### अब 30 अगस्त को होगी सिपाही भर्ती परीक्षा

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया है कि शहर के सिविल लाइंस, कटघर, पाकबड़ा मुगलपुरा समेत कई थाना क्षेत्रों में कड़ी निगरानी के बीच तीसरे दिन भी पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा सकुशल संपन्न कराई है। जिलास्तर पर एसओजी व सर्विलांस समेत अन्य सुरक्षाकर्मी केंद्रों पर तैनात किए हैं। उन्होंने बताया कि अब 30 और 31 को होने वाली परीक्षा को भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाएगा। बताया है कि जन्माष्टमी को लेकर परीक्षा में चार दिन का गैप है। 30 अगस्त को फिर से परीक्षा होगी।



केंद्र से परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

### नहीं मिली पैर रखने की जगह, दोपहर से शाम तक जाम से बेहाल हुए लोग

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर दूर-दराज से महानगर आए अभ्यर्थियों की भीड़ के कारण जाम के हालत बने रहे। परीक्षा छूटते ही दोपहर से शाम तक मुख्य मार्गों जाम लग गया। देखते ही देखते वाहनों का लंबी कतारें लग गई। दिनभर जाम से लोग बेहाल रहे। शाम के बाद ट्रैफिक पुलिस ने यातायात सुचारू कराया।

26 केंद्रों पर आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा देने के लिए दूर-दराज से अभ्यर्थी महानगर पहुंच रहे हैं। तीसरे दिन भी सुबह से ही परीक्षार्थियों का पहुंचना शुरू हो गया था। काफी संख्या में अभ्यर्थी अपनी बाइक और गाड़ियों से भी पहुंचे थे। इस कारण केंद्रों के बाहर फुटपाथ पर गाड़ियां पार्क कर दी गई। सुबह की पहली पाली की परीक्षा समाप्त होने के बाद स्टेशन रोड पर जाम लग गया। दिनभर लोग सड़कों पर जूझते रहे। स्टेशन रोड पर पैदल चलने वाले राहगीरों को पैर रखने की जगह तक नहीं मिली। दोपहर डेढ़ बजे से परीक्षार्थी और स्कूल वाहनों के आने पर रोड पर वाहनों की संख्या बढ़ गई। क्षमता से अधिक वाहनों की बजह से घंटों तक लोग सड़क पर जूझते रहे। परीक्षार्थियों के बाहर आते ही सड़को वाहन रेंग-रेंगकर कर चलने लगे। जाम की स्थिति के बाद ट्रैफिक पुलिस ने यातायात सुचारू कराया।

### नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रविवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की मुरादाबाद शाखा के वार्षिक चुनाव की प्रक्रिया निर्विरोध रूप से संपन्न हो गई। 18 सदस्यीय कार्यकारिणी के साथ ब्रांच की 60 सदस्यीय नई टीम चुने जाने का ऐलान आईएमए भवन के सभागार में आयोजित हुई जनरल बॉडी मीटिंग में किया गया। नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

इस वर्ष के चुनाव की प्रक्रिया संपन्न कराने की जिम्मेदारी बतौर मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. सुधीर मिड्डा, सहायक चुनाव अधिकारी डॉ. नितिन बत्रा व डॉ. जितेंद्र कुमार शर्मा को सौंपी गई थी। जिन्होंने चुनाव में निर्वाचित हुई जिसमें प्रेसीडेंट इलेक्ट डॉ. सीपी सिंह और सेक्रेट्री के पद पर चुनी गईं डॉ. सुदीप कौर प्रमुख रूप से शामिल हैं। ब्रांच के अध्यक्ष डॉ. रवि गंगल व सचिव डॉ. श्रुति खन्ना ने बताया कि नवनिर्वाचित प्रेसीडेंट इलेक्ट वर्ष 2025-26 के दौरान ब्रांच के अध्यक्ष का दायित्व संभालेंगे। वर्ष 2024-25 के अध्यक्ष का पद पिछले वर्ष प्रेसीडेंट इलेक्ट निर्वाचित हुईं डॉ. प्रीति गुप्ता ग्रहण करेंगी। उनके नेतृत्व में नई टीम पहली अक्तूबर को कार्यभार संभालेगी। इस मौके पर डॉ. अनुराग खन्ना, डॉ. बबिता गुप्ता, डॉ. नीरज, डॉ. अरुण चुग, डॉ. आशीष पुरी, डॉ. पायल, डॉ. सीमा मिड्डा, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. संगीता मदान आदि सदस्य शामिल रहे।

# कर्मियों का कार्य बहिष्कार स्थगित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एसडीओ, जेई ने अधिशासी अभियंता को व्यवहार में बदलाव के लिए दिया 15 दिन का समय

**अमृत विचार:** लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियन्ता और एसडीओ, जेई एवं लिपिक के बीच हड़ताल को समाप्त कराने के लिए मध्यस्थता कमेटी ने प्रयास किया। मध्यस्थता कर रहे अधीक्षण अभियंता सुधीर कुमार ने दोनों पक्षों को एक साथ बैठकर वार्ता कराई। जिसमें अधिशासी अभियंता को अपने व्यवहार एवं कार्यशैली में परिवर्तन लाने का मौका दिया गया है। संगठनों के पदाधिकारियों ने 15 दिन में अधिशासी अभियंता के व्यवहार व कार्यशैली में सुधार न होने पर दोबारा आंदोलन की चेतावनी दी है।

लोनिवि प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता की कार्यशैली, आक्रामक व अभद्र भाषा को लेकर चल रही खींचतान से अभियंताओं व अन्य कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर हड़ताल की थी। इसको लंबा खिंचता देखकर मुख्य अभियंता संजय सिंह ने प्रकरण को समाप्त कराने के लिए अधीक्षण अभियन्ता, वित्त विश्व बैंक परियोजना वृत्त सुधीर कुमार को जिम्मेदारी सौंपी। हालांकि पहले दोनों पक्षों के बीच चल रहे विवाद के निपटारे के लिए तीन बार हुई आपसी वार्ता विफल रही थी। इसके बाद गठित कमेटी के अध्यक्ष अधीक्षण अभियंता ने 24 अगस्त को आयोजित बैठक में दो पक्षों को बुलाया और बातचीत की। अधिशासी अभियंता ने अपने व्यवहार में बदलाव लाने के लिए सभी संगठनों से 15 दिन का समय मांगा। जिस पर सभी ने अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड के आश्वासन का सम्मान करते हुए आन्दोलन को 15 दिन के लिए स्थगित करने की घोषणा की। व्यवहार में सुधार न होने पर दोबारा आंदोलन करने की चेतावनी दी। ऐसे में अब विभाग में सभी कार्य पूर्व की तरह किए जाएंगे।

### इमाम हुसैन की शहादत सुन आंखें हुईं नम

**अगवानपुर, अमृत विचार:** मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना सैयद ज़हीर अब्बास जाफरी ने इमाम हुसैन के 72 साथियों के शहादत बयां की। उन्होंने बताया कि इमाम हुसैन के शहीद होने के बाद 40 दिन तक उनकी लाश बे गोरों कफ़न रहा। इस बयान को सुनकर अज़ादारों की आंखे नम हो गई। इसके बाद जुलजनाह व अलम बरामद हुआ। जिसमें मकामी अंजुमन तंजीमे हुसैनी व बैरूनी अंजुमने सज्जादिया शाहपुर सिरपुड़ा सादात ने सीनाज़नी व नोहे ख्वानी करते हुए जुलूस को इमाम बारगाह वाजिद अली कोतवाल में जाकर पूरी रात अंजुमनों ने सीना ज़नी व नोहे ख्वानी की। इस दौरान गुलरेज रज़ा, नवाब मियां, नाज़िम हुसैन, सरताज मौजूद रहे।

# ट्रांसफार्मर की लीड फुंकने से बाधित रही आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रात भर उपभोक्ता करते रहे फोन सुबह 10 बजे के बाद पहुंचे कर्मचारी

**अमृत विचार:** रविवार सुबह कटघर विद्युत केंद्र में फाल्ट होने से प्रभात मार्केट, गोविंद नगर में पांच घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। नवाबपुरा मोहल्ले के ट्रांसफार्मर की लीड फुंक जाने से चार घंटे बिजली गुल रही। वहीं मुगलपुरा मोहल्ले में पिछले दो दिन से एक फेज की बिजली आपूर्ति बाधित होने से वहां रहने वाले 800 परिवार बिजली कटौती की मार झेल रहे हैं।

रविवार की सुबह कटघर विद्युत आपूर्ति केंद्र में भूमिगत केबल में कट लगने से कुछ फीडरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जिसमें प्रभात मार्केट और गोविंद नगर मोहल्ले



नवीन नगर में फाल्ट सही करता कर्मी।

के रहने वाले 1500 उपभोक्ताओं को सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक लगातार पांच घंटे बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ी। वहां रहने लोगों का कहना है कि पांच घंटे बिजली आपूर्ति गुल होने से घरों के इनवर्टर के बैटरे भी डिस्चार्ज हो गए। वहीं वितरण खंड तृतीय में मकबरा, इंदिरा चौक, छोटी मंडी में रात 3 बजे से लगातार तारों में आग लगने का सिलसिला जारी रहा। कई बार स्थानीय निवासियों ने मकबरा विद्युत केंद्र के जेई और लाइनमैन को फोन मिलाया लेकिन किसी ने भी फोन नहीं उठाया। जिससे पूरी रात बिजली गुल रहने से सुबह लोगों के सामने बिजली के साथ पानी का भी संकट बन रहा। सुबह 10 बजे बिजली कर्मचारियों के आने पर सात घंटे बाद बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी। वहीं दौलत बाग विद्युत केंद्र के दौलत बाग, दसवां घाट, बंगला गांव में बीती रात दो बजे से हर आधे घंटे में बिजली ट्रिपिंग रही। यही हाल अवंतिका और आशियाना कॉलोनी में रहा।नवीन नगर में सुबह कई बिजली के पोल पर तार में चिंगारी निकलने से बिजली आपूर्ति बाधित होती रही।

अधीक्षण अभियंता नगरीय मनीष चोपड़ा ने बताया कि गर्मी अभी कम नहीं हुई है। जिससे लोगों के एसी भी लगातार चल रहे हैं। इस कारण रात को उपकरणों पर एक साथ लोड पड़ रहा है। उपकरण हीट होकर फुंक रहे हैं। शनिवार की रात कई मोहल्ले में तारों में आग लग गई। जिसके बाद रविवार सुबह सभी स्थानों पर हुए फाल्ट को सही किया गया।

**प्रतियोगिता** | पीएमएस पब्लिक स्कूल में प्रमोशनल रोलर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन

# ओवरऑल चैंपियन बना गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पीएमएस पब्लिक स्कूल में रविवार को एक दिवसीय प्रमोशनल रोलर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन पीएमएस स्पोर्ट्स अकादमी और रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के द्वारा कराया गया। जिसमें लगभग 220 बच्चों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता की शुरुआत पीएमएस पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य मैथ्यू पॉल अलंचेरिल, उप प्रधानाचार्या निशिमा पाठक और रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव देवेंद्र राणा ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देकर की। यह प्रतियोगिता कुवाड्र्स, इनलाइन, एडजस्टेबल और टॉय ग्रुप के विभिन्न आयु वर्ग में कराई गई। प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियनशिप में प्रथम स्थान गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल को प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान पीएमएस पब्लिक स्कूल और तृतीय स्थान पर सेंट मेरी स्कूल बुद्धि विहार रहा। इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बालक वर्ग में अर्जित प्रभाकर गोल्डन गेट और आदविक फ्रेंड्स एकेडमी रहे। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बालिका वर्ग में अमीशी गुप्ता पीएमएस और अनिका सेंट मैरी स्कूल रही। प्रतियोगिता का संचालन शिक्षिका देविका रस्तोगी ने किया। रेफरी की भूमिका में ओम शिवम, गौरव सिंह, विपिन जखमोला, सचिन नैनवाल, रोहित कुमार, पारस, अनुराग, आरती, तरुण रहे। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव लियाकत अली ने सभी खिलाड़ियों तथा कोच का आभार प्रकट किया।



पीएमएस स्कूल में स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र। ● अमृत विचार

### साबरी झंडे का महानगर में जोरदार इस्तकबाल

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बरेली से चलकर साबरी झंडा रविवार को महानगर के पीरगैब स्थित हजरत सुल्तान साहब की दरगाह पर पहुंचा। जहां झंडे के साथ चल रहे लोगों का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। जिसके बाद दरगाह सुल्तान साहब पर झंडे ने हाजिरी दी। मजार पर चादरपोशी की और मुल्क एवं कौम की सलामती के लिए दुआ कराई गई।

दो दिन पूर्व साबरी झंडा बरेली से कलियर शरीफ के लिए पैदल ही रवाना हुआ था। रविवार को साबरी झंडा सबसे पहले जीरो प्वाइंट होते हुए हाफिज साहब की दरगाह पर पहुंचा। स्वागत करने वालों में सैय्यद मुर्तजा अली, शाह खालिद सुल्तानी, सैय्यद शाह फैज, सैय्यद अमा सुल्तानी, सैय्यद अली हुसैन सुल्तानी शामिल रहे।

# जयंती पर बीपी मंडल को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** समाजवादी जिला कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी में बाबू बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने बीपी मंडल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। बोले- समाज में भेदभाव खत्म करने को ही उन्होंने बिहार में पिछड़ी जातियों के लिए जनेऊ पहनाने का अभियान चलाया था। इस दौरान सपाइयों ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया।

रविवार को जिला कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी में जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बीपी मंडल क्रांतिकारी विचारों वाले व्यक्ति थे। उन्होंने यादवों के लिए अलग से रेजिमेंट की भी मांग की थी। हाईस्कूल में बीपी मंडल



जिला कार्यालय पर बीपी मंडल को श्रद्धांजलि अर्पित करते सपा कार्यकर्ता।

हॉस्टल में रहते थे।

पूर्व महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू ने कहा कि भारत के क़ानूनमंत्री से लेकर राष्ट्रपति तक को जातिगत भेदभाव झेलना पड़ा। इस मौके पर शैलेन्द्र यादव, विजय वीर सिंह यादव, धर्मेन्द्र यादव, वेद प्रकाश सैनी, जितेंद्र प्रजापति सुरेंद्र शर्मा, आदित्य चौधरी, असलम चौधरी, हनीफ चौधरी, डॉ .अशोक सैनी, अस्कार पाशा ,विक्रम सिंह यादव, अताउरहमान, भूप सिंह यादव, वीरेंद्र प्रसाद, जिगरी मलिक, वीर सिंह यादव, सुनीता सिंह, राजेश्वरी यादव, बददू खान, हारून पाशा, मास्टर रहीस, गोविंद प्रजापति मौजूद रहे।

## एक नजर

### नगर में आज निकलेगा चेहल्लुम का जुलूस

**कुंदरकी, अमृत विचार :** नवास ए रसूल और हजरत अबुतालिब के पोते हजरत इमाम हुसैन के चेहल्लुम का मुख्य मातमी जुलूस सोमवार को निकलेगा। नवास ए रसूल हजरत इमाम हुसैन के चेहल्लुम के सिलसिले में नगर में शनिवार को शिया समुदाय के आजाखानों और इमामबाड़ों में महिलाओं और पुरुषों की मजलिसें हुई। जिसमें हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों कि शहादत बयां की गई। वहीं नगर में देर रात शिया समुदाय व अहले सुन्नत का छोटी मेंहदी का जुलूस निकला। जोकि नगर में गश्त करता हुआ रविवार की सुबह इमामबाड़े में पहुंच कर समाप्त हुआ। सोमवार को नगर में दोपहर बाद हजरत इमाम हुसैन के चेहल्लुम का मुख्य मातमी जुलूस निकलेगा। जुलुस को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी तैयारी कर ली है। साथ ही नगर पंचायत प्रशासन ने नगर में विशेष रूप से सफाई व्यवस्था के दिशा निर्देश दिए हैं।

### युवती को भगाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**छजलैट, अमृत विचार :** मामा के घर रहने आई भांजी अचानक गुम हो गई। इस संबंध में मामा द्वारा युवती को भगाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थाना छजलैट क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी भांजी यहां पर रहने के लिए आई थी, लेकिन दो दिन पूर्व अचानक गुम हो गई। उसकी तलाशी की तो कुछ पता नहीं चला। लेकिन बाद में पता चला कि शेरवा धर्मपुरा निवासी पुष्पेंद्र उनकी भांजी को बहला फुसलाकर कहीं ले गया है। जब उसकी शिकायत उसके बड़े भाई इंद्रजीत से की तो वह अभद्रता करने लगा। पीड़ित ने थाने में पुष्पेंद्र के खिलाफ तहरीर देकर प्राथमिकी की दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि जांच उपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी।

### सर्राफा से अंगूठी छीन कर भागने वाले दो पकड़े

**कुंदरकी, अमृत विचार :** नगर स्थित एक सर्राफा की दुकान से अंगूठी खरीदने का ड्रामा करते हुए दो लोग सुनार को धक्का देकर तीन अंगूठी लेकर फरार हो गए थे। जिस पर पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। रविवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो आरोपी उवैस और साहिल निवासी थाना नखासा जिला संभल को गिरफ्तार कर उनके पास से छीनी गई तीन अंगूठी और दो चाकू बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# आज मनाई जाएगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## नगर और देहात क्षेत्र में तैयारियां जोरों पर, मंदिरों में की गई भव्य सजावट

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सोमवार को धूमधाम से मनाई जाएगी। इसे लेकर नगर व ग्रामीण क्षेत्र के सभी मंदिरों में जोर शोर से तैयारियां चल रही हैं।

नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में आज जन्माष्टमी धूमधाम से मनायी जाएगी। इसको लेकर मंदिरों में तैयारी शुरू हो गयी है। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिरों में रात्रि से भजन संध्या होगी और रात्रि 12 बजे धूमधाम से भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। गृहस्थ व संन्यासियों का पर्व निर्धारित होने व पूरे समय अष्टमी व रोहिणी नक्षत्र का संयोग मिलने पर श्रद्धालु इसे अत्यधिक महत्वपूर्ण मान रहे हैं। पर्व पर विविध कार्यक्रमों की तैयारियां जोरों पर है। मंदिरों में भव्य कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी की गई। साज-सज्जा के सामान, झूला, योगेश्वर की लीलाओं से संबंधित चित्र व खिलौने आदि की खरीदारी हो रही है।



बिलारी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनातीं हरे रामा, हरे कृष्णा ग्रुप की महिलाएं।

### बच्चों को राधा-कृष्ण की वेश-भूषा में सजाया

**ठाकुरद्वारा / डिलारी, अमृत विचार :** श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव सोमवार को मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियों जोरों पर हैं। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मन्दिरों की साफ-सफाई कर रंग बिरंगी इलेक्ट्रिक झालरों, बल्ब एवं झण्डियों आदि द्वारा सजाया जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण व अन्य देवताओं की प्रतिमाओं को गंगा यमुना के पवित्र जल दूध, दही, गौघृत व शहद आदि से अभिषेतित कर नवीन परिधान पहनाये जाने की तैयारियां की जा रही है। बाजारों में सिंहासन, मोर पंख, बैजन्ती माला, इत्र, चन्दन, धूप, प्राकृतिक एवं कृत्रिम पुष्प, भगवान के भोग के लिए पंजीरी आदि बनाने के लिए सूखे मेवे आदि की खूब बिक्री हुई। महिलाएं अपने बच्चों को राधारानी व कान्हा के प्रतिरूप में सजाने के लिए पीताम्बर परिधान, मुकुट, माला आदि की खरीदारी कर रही हैं। राधा व कृष्ण के बाल स्वरूप की वेश-भूषा में अपने बच्चों को देखकर माताऐं प्रफुल्लित हो रही हैं।

### महिलाओं ने मनाई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के ओम विहार कॉलोनी स्थित खुशबू गुप्ता के आवास पर हरे रामा, हरे कृष्णा ग्रुप की महिलाओं ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व धूमधाम से मनाया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में हरे रामा, हरे कृष्णा ग्रुप की महिलाओं ने धूम मचाई। इस मौके पर उन्होंने श्री कृष्ण की वेशभूषा में मोर पंख और मुकुट लगाकर भजन गुनगुनाए। जिनमें फूलों में सज रहे हैं श्री वृंदावन बिहारी और साथ सज रही हैं बृज भानु की दुलारी, श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी हैं नाथ नारायण वासुदेवा, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, हम सब बोलेंगे हैप्पी बर्थडे टू यू श्याम आदि प्रमुख रहे। इस दौरान खुशबू गुप्ता, शालिनी चुग, पल्लवी गुप्ता, निधि शर्मा, तनु शर्मा, उमा अग्रवाल, सारिका गुप्ता, चंचल सिंघल, दीपा गुप्ता, गरिमा, आयुषी अग्रवाल, कनिका गुप्ता, परी गुप्ता आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

### कल निकाली जाएगी श्रीरामडोल शोभायात्रा

**कांठ, अमृत विचार:** नगर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर श्रीरामडोल शोभायात्रा मंगलवार को धूमधाम के साथ निकाली जाएगी। जिसकी आयोजकों द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर इस बार 70वें वार्षिकोत्सव का आरंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, विशिष्ट अतिथि ओंकार सिंह बिश्नोई व अरविंद चौधरी (गुरुजी) फीता काटकर करेंगे। मोहल्ला घोसीपुरा स्थित शिव मोहनी मंदिर पर सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी भजन कीर्तन रात्रि 8:00 बजे से किया जाएगा। इसके बाद मंगलवार की शाम 5:00 बजे श्री रामडोल शोभायात्रा शिव मोहनी मंदिर से प्रारंभ होकर नेता उपदेश चौराहा, मेन बाजार, पुराना बस स्टैंड, रामलीला मंदिर, संत रविदास मंदिर, पट्टीवाला होते हुए अपने गतंव्य स्थान पर पहुंचेगी। इस अवसर पर नवनीत पहलवान, राकेश कुमार, राजेंद्र बिश्रोई, पिंटू बिश्नोई, सचिन कुमार, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप





हरियाणा में विनेश फोगाट को जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते अनिल चौधरी।

### पहलवान विनेश फोगाट को जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं

**मुरादाबाद/बिलारी, अमृत विचार :** जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने हरियाणा पहुंचकर देश का गौरव बढ़ाने वाली महिला पहलवान विनेश फोगाट को जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। रविवार को जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करने वाली महिला पहलवान विनेश फोगाट को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अनिल चौधरी ने कहा कि विनेश ने कड़ी मेहनत व लगन से कुश्ती में देश व हरियाणा का नाम रोशन किया है। हम अपनी छोटी बहन के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद करते हैं कि वह ऐसे ही देश का नाम रोशन करतीं रहेंगी।



पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकालते कोतवाली प्रभारी राजीव चौधरी।

### कोतवाली पुलिस ने निकाला पैदल फ्लैग मार्च

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में भारी पुलिस बल के साथ आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति व्यवस्था को लेकर कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में मुख्य मार्गों से पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। कोतवाली प्रभारी राजीव चौधरी के नेतृत्व पुलिस बल के साथ नगर में पैदल मार्च निकाल कर जन्माष्टमी व चेहल्लुम के मद्देनजर कोतवाली, बुधबाजार, बाज़ार गंज, राजीव मार्केट, कदीर तिराहा, चलचित्र ढाल, कमालपुरी चोराहा, अस्पताल रोड पर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान उपनिरीक्षक आसिम खान, रजत कुमार, तेज प्रताप सिंह, सतेंदर सिंह, महिला उपनिरीक्षक स्वाति चौधरी सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### भाकियू टिकैत की बैठक में हुई समस्याओं पर चर्चा

**कांठ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला पट्टी वाला स्थित सैनी धर्मशाला में भारतीय किसान यूनियन की बैठक हुई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में संगठन के विस्तार के साथ-साथ किसानों की विभिन्न समस्याएं जिसमें बिजली के गलत बिल, किसानों के ट्यूबवेलों पर लगाए गए मीटर व गन्ना क्रय केंद्रों के प्लेटफार्म बड़े करने पर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन के विस्तार के दौरान तहसील संचालक का पद मास्टर बाबूराम व कुलदीप कुमार सैनी को तहसील सचिव की जिमेदारी दी गई। बैठक की अध्यक्षता रामोतार सिंह बिश्नोई ने की। बैठक में किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की गई। चेतावनी दी गई कि अगर समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह, हरदीप बिश्नोई, दर्शन सिंह, अरविंद जॉनी, भविष्य बिश्नोई, धर्मपाल सैनी, महेश ठाकुर, सलीम अहमद, धर्मपाल सिंह, महिपाल सैनी, हरकेश सिंह सैनी, ओमप्रकाश सिंह सैनी, अमित सैनी, संजय सैनी आदि मौजूद रहे।

### माइंड्स आई इंटरनेशनल में मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के निमरी गांव स्थित माइंड्स आई इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला पर आधारित नृत्य नाटिका छात्र-छात्राओं द्वारा पेश की गई। छात्रों द्वारा दही -हांडी फोड़ कर जन्माष्टमी मनाई गई। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर अजीत कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही बच्चों को श्रीकृष्ण की लीलाओं के बारे में बताया। इस दौरान जितेंद्र, हरवीर, पूजा वाष्णेय, पीयूष, अजय, नेहा, अभिषेक आदि ने प्रस्तुति दी। संचालन पूजा ने किया।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने उठाई एरियर की मांग

- प्रदेश व केंद्र सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** नगर के बस स्टैंड पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने बैठक की। जिसमें परिवहन निगम के अधिकारियों पर हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना का भी आरोप लगाया।

रविवार को रोडवेज के रिटायर्ड कर्मचारी बस स्टैंड पर एकत्र हुए। जहां उन्होंने कहा कि उनकी आयु 70 से 75 वर्ष है। कहा कि छठे वेतन का एरियर का भुगतान हाईकोर्ट के आदेश से 80 कर्मचारियों को मिला था। जिसकी मूलप्रति क्षेत्रीय प्रबंधक मुरादाबाद को कार्यालय में यह कहकर जमा कराई थी। तब बताया गया था कि एक माह के अंदर भुगतान कर दिया जाएगा, लेकिन भुगतान नहीं कराया गया। साथ ही आरोप लगाया कि कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया। अध्यक्ष ताहिर हुसैन ने कहा कि सभी कर्मचारियों की उम्र 70 से 75 साल के करीब हो चुकी है। ऐसे में निगम द्वारा उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। इस बीच सभी ने एरियर भुगतान की मांग उठाई।

इस मौके पर सियाराम, मशकूर अली, अर्जुन सिंह, आनंदपाल, तारिक अली खान, रामकिशोर गुप्ता, अब्दुल मुईद, रामौतार गुप्ता, मुन्नू खां, कृष्ण कुमार, राजेंद्र सिंह ,आरसी त्रिवेदी, रामकुमार गुप्ता, मुन्नू खान, जगबीर सिंह, इकराम खान, इकबाल हुसैन आदि सहित सेवानिवृत कर्मचारी मौजूद रहे।

# भारतीय संस्कृति में सभी धर्मों का सम्मान

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** मामूली मनमुटाव अज्ञानता के कारण बड़े विवाद का कारण बन जाते हैं। भारतीय संस्कृति सभी धर्मों का सम्मान करना सिखाती है।

यह विचार भगवान श्रीकृष्ण के 5310 जन्मोत्सव व भगवान जंभेश्वर के 574 जन्मोत्सव पर विश्नोई मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के पंचम दिवस पर देवभूमि हरिद्वार भीमगोड़ा के महंत स्वामी राजेंद्रानंद ने श्री हरि कथा में व्यक्त किए। कथा का आरंभ तीन विद्यार्थियों ने शिव स्तुति प्रस्तुत कर किया। स्वामी जी ने कहा कि धन को भोग विलास, ऐश्वर्य में खर्च न करें। प्राप्त धन को सेवा, शुभ कर्मों में लगाएं, यही धन की सार्थकता है।

उन्होंने कहा कि माता-पिता ने आपको अनमोल जीवन दिया है। उनका तिरस्कार कभी नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जम्भो जी ने ज्ञान का प्रकाश प्रदान किया है, इसके बावजूद हम अज्ञानता के कारण अपना जीवन व्यर्थ गंवा देते हैं और वृद्धावस्था आने पर हमें परमात्मा का स्मरण होता है। जीवन का अंत समय निकट आने पर हमारे पास तन, मन से भक्ति करने के मार्ग बंद हो जाते हैं और हम अनेक योनियों में भटकते रहते हैं।

उन्होंने कहा कि कभी-कभी मामूली विवाद में हम आपस में तनाव रखने लगते हैं और यह विवाद भयंकर रूप धारण कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु जंभेश्वर भगवान ने 29 नियम बनाकर उद्धार का मार्ग प्रशस्त किया है जिनका पालन करने से हम भवसागर पार कर सकते हैं। कथा में समस्त मौजूद संतों का सम्मान किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली सिंह, चौधरी ऋषिपाल सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।



विश्नोई मंदिर में कथा सुनाते स्वामी राजेंद्रानंद। ● अमृत विचार



पीड़िता के परिजनों व ग्रामीणों से बात करते भाजपा जिला अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

# दुष्कर्म पीड़िता नर्स के पिता से मिले भाजपा के जिलाध्यक्ष

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** दुष्कर्म पीड़िता नर्स के परिजनों से मिलने भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आकाश पाल ग्राम में पहुंचे। जहां उन्होंने पीड़िता के पिता से बेटी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

रविवार को दुष्कर्म पीड़िता को सहायता दिलाने के लिए जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी अनुज सिंह व एसडीएम ठाकुरद्वारा से फोन पर वार्ता की। दोनों अधिकारियों ने उन्हें अब तक गई कार्रवाई के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी डॉ. शाहनवाज की संपत्ति व भूमि की जांच की जा रही है। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, दीपक गोस्वामी, परमेश्वर लाल सैनी, नवीन चौधरी, महमूदपुर माफी के अध्यक्ष मंगल सिंह, नागेंद्र लंबा, कमलेश कुमार, मुकेश चौधरी, बलवंत सिंह, कुलदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

### राधा-कृष्ण की वेशभूषा में बच्चों ने दी प्रस्तुति

**बिलारी, अमृत विचार :** बहोरनपुर नरौली स्थिति प्रेम शांति इंटर कॉलेज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। छात्रों ने राधा-कृष्ण, सुदामा व गोपियों का रूप धारण कर सबका मन मोह लिया। जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। अरे द्वारपालो कन्हैया से कह दो, कि दर पर सुदामा गरीब आ गया पर छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राएं जिनमें सायमा, खुशी, आस्था, फातिमा, यशिका, कामिल, वीरेश, सुमित, ऋतिक आदि ने राधा-कृष्ण गोप- गोपिकाएं, द्वारपाल और सुदामा के वेशभूषा में सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। इस दौरान प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। कार्यक्रम में अनिल चौहान, आदित्य राघव, शुभम, मनोज कुमार, जूली चौहान, सुषमा राघव, परीक्षा आदि का सहयोग रहा।

### दंपति को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट

**बिलारी, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव थांवला में बच्चों की लड़ाई में दंपति को मारपीट करके घायल कर दिया। इस मामले में तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। थांवला गांव की सन्नो पत्नी मुन्ना कुरैशी ने दी तहरीर में बताया कि उनके 3 साल का धेवता अर्श मोहल्ले में खेल रहा था। बच्चों की लड़ाई में समीर, साजिद, आलम, रानी आदि उनके घर पर आ गए और गालियां देने लगे। जब मना किया तो लात घूसों से पीटा। इस बीच उनके पति को भी बुरी तरह से मारपीट करके घायल कर दिया। इस मामले में तहरीर पर पुलिस में चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### वंचित समाज मोर्चा ने कोर्ट का फैसला सराहा

**बिलारी, अमृत विचार:** वंचित समाज आरक्षण मोर्चा उत्तर प्रदेश के महामन्त्री राजेन्द्र सहदेव ने एक अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कोटे में कोटा वर्गीकरण कर अनुसूचित जाति जनजातियों की वंचित कोमों को अलग से आरक्षण दिए जाने के निर्णय का स्वागत किया है।

### राधा-कृष्ण के स्वरूपों में दिखाई दिए नन्हें-मुन्ने

**कांठ, अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में सेंट मैरीज डे एकेडमी मोहल्ला पट्टीवाला में जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें छोटे बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिक्षक कृष्ण कुमार ने बच्चों को जन्माष्टमी के त्योहार के बारे में बताया। कार्यक्रम में बच्चों ने श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं बच्चों ने राधा कृष्ण की वेश-भूषा धारण की।


## कार्यालय-ग्राम पंचायत गजगोला नानकवाड़ी वि०ख० मुरादाबाद, (मुरादाबाद)

पत्रांकः- मीमो/ग्रा०पं० गजगोला नानकवाड़ी ग्राम निधि व केन्द्रीय वित्त 2024-2025 दिनांकः-23-08-24

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड मुरादाबाद की ग्राम पंचायत गजगोला नानकवाड़ी में पंचायती राज अधिनियम एवं नियमावली 1947 (यथा - संसोधित 1994) के नियम संख्या 157 सहपठित नियम संख्या 152 (क) एवं शासनादेश संख्या 58/2021/2350/33-3-2021-2257/2021 के क्रम में केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु पंजीकृत ठेकेदारों / फर्म से निविदा आमंत्रित की जाती है, कार्य निम्नलिखित हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन लागत, जी.एस. टी. सहित | निविदा का प्रकार | सामग्री/पूर्ण कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भूरे के घर से राजू के प्लाट तक सी.सी. टाईल्स रोड व नाली निर्माण | 269104.00 | सामग्री आपूर्ति | 210944.00 | 2% | 300.00 | 3 माह |
| 2 | महेन्द्र के घर से प्रेमपाल के प्लाट तक सी.सी. टाईल्स व नाली निर्माण | 195409.00 | सामग्री आपूर्ति | 150777.00 | 2% | 300.00 | 3 माह |
| 3 | करतार के घर से निहाल के घर तक सी.सी. टाईल्स व नाली निर्माण | 146488.00 | सामग्री आपूर्ति | 117565.00 | 2% | 300.00 | 3 माह |
| 4 | मैन रोड से हाईवे रोड तक नाली निर्माण कार्य | 120124.00 | सामग्री आपूर्ति | 97119.00 | 2% | 300.00 | 3 माह |
| 5 | आर. आर. सी. के पास सी.सी. टाईल्स का निर्माण कार्य | 87966.00 | सामग्री आपूर्ति | 68350.00 | 2% | 300.00 | 3 माह |
| 6 | छत्रपाल के घर से सतीश के प्लॉट तक सी.सी. टाईल्स व नाली निमार्ण कार्य | 240826.00 | सामग्री आपूर्ति | 173369.00 | 2% | 300.00 | 3 माह |
| 7 | वेजेन्द्र के घर से भूप के घर तक सी.सी. टाईल्स व नाली निर्माण कार्य | 225900.00 | सामग्री आपूर्ति | 150500.00 | 2% | 300.00 | 3 माह |

**निविदा से सबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | विवरण | दिनाँक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रारम्भ | 23.08.2024 | 10:00 बजे |
| 2 | निविदा समाप्त | 29.08.2024 | 2:00 बजे |
| 3 | निविदा खुलने का समय | 29.08.2024 | 3:00 बजे |

1. कार्य से सबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियामानुसार देय होगा।
3. कार्यों का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन / स्वीकृती प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यदेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढ़ाने या घटाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गजगोला नानकवाड़ी
विकास खण्ड व जिला मुरादाबाद

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत गजगोला नानकवाड़ी
विकास खण्ड व जिला मुरादाबाद


**आयोजन** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन के तहत विकास खंड में हुआ कार्यक्रम

# छजलैट में 637 लखपति दीदी को बांटे प्रमाण पत्र

- प्रदेश व केंद्र सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन के तहत विकास खंड स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं 637 महिलाओं को लखपति दीदी बना गया है। आयोजित समारोह में खंड विकास अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

ब्लाक खंड छजलैट में खंड स्तरीय उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत विभिन्न सहायता समूह से जुड़ीं 637 महिलाओं को चयनित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को बड़ी सौगात देते हुए लखपति दीदी योजना शुरू की थी। सरकार की इस योजना को महिला सशक्तिकरण के तहत लाया गया था। इस योजना के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया था। जिसमें महिलाओं को स्वयं रोजगार शुरू करने के लिए पांच लाख रुपये तक का ऋण दिया जाता है। आयोजित सम्मान समारोह में खंड विकास अधिकारी गिरीश पंत द्वारा 637 महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर सहायक खंड विकास अधिकारी सतीश कुमार, खंड प्रबंधक मनीष कुमार, मीर मोहम्मद, गोपाल बाबू , पिंकी, ज्योति, सुमन ,नीतू, रजिया, मंजू, शशि, आशा, पूनम, काजल, सारिका, संजू, साहिन आदि मौजूद रहीं। प्रमाण पत्र पाकर लखपति दीदियों ने प्रसन्नता जाहिर की।





प्रमाण पत्र प्राप्त होने के उपरांत हर्ष व्यक्त करती महिलाएं। ● अमृत विचार

### पीएम के मन की बात कार्यक्रम सुना

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जलगांव में हो रहे कार्यक्रम का सीधा प्रसारण ब्लॉक परिसर में किया गया। वहीं लोगों ने पीएम के मन की बात कार्यक्रम को भी सुना। ब्लॉक सभागार में कार्यक्रम का आरंभ ब्लॉक प्रमुख के पति डॉ. वीर सिंह सैनी ने किया। कार्यक्रम में 200 लखपति दीदी व लखपति सीआरपी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही आरएफसीआईएफ वितरण में ब्लॉक ठाकुरद्वारा में 500 प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में के खंड विकास अधिकारी सुरेश चंद्र गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी आईएसबी नेम सिंह, उमेश यादव, अतीक अहमद, समूह की अध्यक्ष गार्गी चौहान, दीपिका चौहान, हेमवती आदि मौजूद रहे।

## एक नजर


लोगों को सुरक्षा कवच वितरित करते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### बाइक सवारों को वितरित किए सुरक्षा कवच

**रामपुर, अमृत विचार :** रामपुर जनसेवा समिति ने लोगों को चाइनीज मांझे से होने वाले हादसों से बचाने के लिए दो पहिया वाहन चालकों को सुरक्षा कवच वितरित किए। इस दौरान नगर अध्यक्ष हारिस शम्सी ने कहा कि यह सुरक्षा कवच चाइनीज मांझे से होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए दिया जा रहा है। चाइनीज मांझे की चपेट में आकर लोगों के घायल होने की खबरें रोजाना मिल रही हैं। चाइनीज मांझा लोग ऑनलाइन मंगा रहे हैं। इस पर रोक लगाने के लिए जिला अधिकारी को ज्ञापन भी दिया था। चाइनीज मांझे से होने वाले हादसों से बचने के लिए ईदगाह गेट के चौराहे पर दो पहिया वाहन चालकों को सुरक्षा कवच वितरित किए हैं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष वसीम उल हसन खान, हारिस शम्सी, फैजान हुसैन, शाहबाज खान आदि मौजूद रहे।

# पहुंची खबर जो खेमे में अब्बास मर गए ...

## हजरत अब्बास अलमदार की याद में निकला अलम का जुलूस, अंजुमनों ने की नोहाख्वानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** हजरत अब्बास अलमदार की याद में रविवार की शाम मोहल्ला कटकुय्या स्थित इमामबाड़ा मुन्ने मियां से अलम का जुलूस निकला। जुलूस परंपरागत मार्गों से होते हुआ लाल कबर स्थित इमामबाड़ा मिर्जा मोहम्मद जफर बेग पहुंचा। जुलूस में अंजुमनों ने नोहाख्वानी की।

हजरत अब्बास अलमदार की याद में इमामबाड़ा मुन्ने मियां से निकले अलम के जुलूस में अंजुमन के साहिबे बयाज कामिल नकवी ने यह नोहा पढ़ा-पहुंची खबर जो खेमे में अब्बास मर गए, यह सुनते ही सैयदानियों के चेहरे उतर गए। इसके बाद अलम का जुलूस आगे बढ़ा। लाल कबर तिराहे पर यह नोहा पढ़ा गया-अब्बास आ रहे हैं मश्को अलम संभाले, दरिया से अपनी फौजे बातिल जरा हटा ले। इसके बाद जुलूस इमामबाड़ा मिर्जा मोहम्मद जफर बेग में पहुंचा। इस मौके पर मिर्जा मुजतबा अली बेग, मसूद जैदी, हसन रिजवी, इमरान मियां, यावर हुसैन, लक्की, हनी, मिर्जा राशिद हुसैन समेत काफी तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे।


कटकुय्या में निकाले गए जुलूस में शामिल अकीदतमंद। ● अमृत विचार

### मिलक में चेहल्लुम पर निकले ताजियों के जुलूस

**मिलक, अमृत विचार :** इस्लाम धर्म के आखिरी पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के नवासों हजरत इमाम हुसैन और इमाम हसन की शहादत के अवसर चेहल्लुम पर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में ताजियों के जुलूस निकाले गए। जुलूस नगर के नसीराबाद, रौरा कलां, रौरा खुर्द और ग्रामीण क्षेत्र से ग्राम नया गांव, इस्लाम नगर, जालिफ नगला, क्योरार, धनेली पूर्वी, निस्वी, धर्मपुरा और नवदिया से शुरू होकर शाम पांच बजे हाईवे पर एकत्र हुए। यहां दरगाह हजरत नन्हे शाह पर पहुंचकर वापस हुए। जुलूस में शामिल अजदार या हुसैन या हुसैन के नारे लगाते हुए चल रहे थे। सुरक्षा की दृष्टि से उप जिलाधिकारी राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी आरएस परिहार, कोतवाल धनजंय सिंह तथा भारी संख्या में पुलिस मौजूद रही। पूर्व सभासद इकरार हुसैन, हाजी सईद उर रहमान, मोहम्मद असलम, सिराज खान, जिशान रजा खान, हनीफ कुरैशी, जमील कादरी, आरिफ मियां, हनीफ, मुस्तकीम, असगर अली, जाकिर हुसैन आदि शामिल रहे।


हकीम गंज से कर्बला पहुंचे ताजिए। ● अमृत विचार

### ताजियों को कर्बला में किया गया सुपुर्दे खाक

**सैदनगर, अमृत विचार :** नवासे रसूल हजरत इमाम हुसैन समेत 72 शहीदाने कर्बला के चेहल्लुम पर मजलिस और मातम हुआ। इमामबाड़ों से मातमी जुलूस निकले। ताजियों को कर्बला में सुपुर्दे खाक किया गया। सींगनखेड़ा स्थित इमामबाड़ा दरबार ए हुसैन में सैयद आरिफ मियां ने मजलिस को खिताब किया। कहा कि इंसानियत को बचाने के लिए हजरत इमाम हुसैन अपने 72 साथियों समेत कर्बला में शहीद हो गए। रविवार को हकीमगंज स्थित इमामबाड़े में मजलिस के बाद मातमी जुलूस निकला। जुलूस से पहले मौलाना शफी अहमद ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि हजरत इमाम हुसैन की जिंदगी से सबक लें। इसके बाद जुलूस कर्बला पहुंचा और ताजियों को सुपुर्दे खाक किया गया। जुलूस में अली असगर, सैयद आरिफ मियां, हिदायत अली, अजहर अली, निसार हुसैन, सुबहान मियां, मुन्ने मियां, अकील शाह, शकील हुसैन, आरिफ और चांद आदि मौजूद रहे। देर शाम को जुलूस हकीमगंज, सींगनखेड़ा, खौद, मिश्रीनगर होते हुए कर्बला पहुंचा। देर रात तक ताजियों को दफनाया गया।

## सार संक्षेप


रास्ते-नालियों का निर्माण न होने पर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

### विकास कार्य न होने पर ग्राम प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन

**मसवासी, अमृत विचार :** भूबरा मुस्तहकम के मझरा मिलक भूबरी में मार्ग और नालियों का निर्माण न होने से गुस्साए ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान सफाई व्यवस्था पर भी ध्यान नहीं दे रही हैं। रविवार को मझरा मिलक भूबरी के ग्रामीणों ने गांव के कच्चे रास्ते और नालियों का निर्माण न होने पर ग्राम प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि गांव की सफाई व्यवस्था चौपट है। जगह- जगह घूरों के ढेर लगे हैं। नालियों का निर्माण न होने से दूषित पानी रास्तों में बह रहा है। रास्ते भी खराब हैं। उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारी के खिलाफ भी नारेबाजी की। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में कादिर अली, रिजवान, रईस अहमद, रियासत, तस्वीर, अफसर अली, फाजिल अहमद, फारूक, अब्दुल्ला, इदरीश, इबले हसन आदि शामिल रहे।


पार्क का निरीक्षण करते विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार

### आवास विकास के पार्क में बनेगा हॉल, जिम व लाइब्रेरी

**रामपुर, अमृत विचार :** आवास विकास स्थित पार्क में बुजुर्गों के लिए हॉल, जिम और लाइब्रेरी बनेगी। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने बताया कि मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत यह कार्य होगा। इनका निर्माण जल्द शुरू होगा। रविवार को शहर विधायक ने आवास विकास कालोनी के पार्कों का निरीक्षण किया। लोगों से सुझाव भी मांगे। बुजुर्गों ने सुझाव दिया कि पार्क में भरपूर जगह है। ऐसे में यहां एक जिम बन जाएगा तो काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने पार्क में लाइब्रेरी और विभिन्न प्रकार के इंडोर खेलों की व्यवस्था करने को भी कहा। उन्होंने मुख्य सड़क को चौड़ा करने, पथ प्रकाश के लिए ऑक्टागोनल पोल लगाने की मांग भी की। इस मौके पर भाजपा के कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।


प्रदेश सचिव मणि कपूर के साथ मौजूद कांग्रेसी। ● अमृत विचार

### युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव बने मणि कपूर

**रामपुर, अमृत विचार :** युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला ने मणि कपूर को प्रदेश सचिव नियुक्त किया। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने शौकत अली रोड स्थित कांग्रेस के कैंप कार्यालय पर नवनियुक्त प्रदेश सचिव का मालाएं पहनाकर स्वागत किया। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता ने कहा कि युवाओं का भविष्य कांग्रेस में सुरक्षित है। मणि कपूर के प्रदेश सचिव बनने से रामपुर में युवा कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। पूर्व विधायक अफरोज अली खां ने कहा युवा देश का भविष्य है। आने वाले समय में युवा ही देश का नेतृत्व करेगा। राहुल गांधी ने युवाओं को कांग्रेस में महत्वपूर्ण पदों पर बैठाया है। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आरिफ अल्वी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला ने जो भरोसा मणि कपूर पर किया है, उसका युवा कांग्रेस शुक्रिया करती है। इस मौके पर कांग्रेस के शहर अध्यक्ष नोमान खां, लल्लन खां, जगमोहन मोना, अकरम सुल्तान, ताहिर अंजुम, जिशान रजा, फैजान अल्वी, महबूब खां, नदीम खां, अफसर खां, असलम खां, दामोदर सिंह गंगवार, मोमिन खां आदि मौजूद रहे।

### मंडलायुक्त से लगाई तेदुओं को पकड़ने की गुहार

**सैदनगर, अमृत विचार :** सीगनखेड़ा के युवा नेता मुबाशिर मियां ने रविवार को मंडलायुक्त से मुलाकात कर तेंदुओं को पकड़वाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने एक साल का कार्यकाल बढ़ने पर मुबारकबाद भी दी। उन्होंने एक साल से गांव के आसपास देखे जा रहे तेंदुओं को पकड़वाने की मांग करते हुए कहा कि तेंदुओं को लेकर ग्रामीणों में दहशत है। वन विभाग इन्हें पकड़ने में नाकाम है।


कार्यक्रम में प्रमाण पत्र के साथ लखपति दीदियां। ● अमृत विचार

## लखपति दीदियों को बांटे पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** चमरौआ विकास खंड सभागार में आयोजित लखपति दीदी सम्मान कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना गया। इसके बाद लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश की लखपति दीदियों से संवाद करने के लिए रविवार को जलगांव में आयोजित समारोह में गए थे। उन्होंने समारोह को संबोधित किया और लखपति दीदियों को सम्मान पत्र भी दिए। कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के लिए चमरौआ विकास खंड सभागार में व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम की विशेष अतिथि ब्लॉक प्रमुख हरिबाला रहीं। उन्होंने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के प्रसारण के बाद लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यकम का संचालन खंड विकास अधिकारी निहारिका जैन के किया। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी आईएसबी दानिश हबीब, तंजील मलिक, माजिद अली व स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं महिलाएं मौजूद रहीं।

## लखपति दीदी व सीआरपी को किया सम्मानित

**शाहबाद, अमृत विचार :** रविवार को विकास खंड के सभागार में लखपति दीदी व लखपति सीआरपी के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर ने उन्हें सम्मान पत्र दिए।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महाराष्ट्र के जलगांव में आयोजित लखपति दीदी व लखपति सीआरपी दीदी के सम्मलेन एवं संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण अधिकारियों व समूह की महिलाओं ने देखा। सहायक विकास अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में 50 लखपति दीदी व 30 सीआरपी दीदी को सम्मान पत्र वितरित किए गए। बताया कि स्वयं सहायता समूह में रहते हुए जिन महिलाओं की वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक होती है उन्हें लखपति दीदी कहा जाता है। सचिव अवधेश कुमार, ग्राम प्रधान संजीव चौधरी, संजीव चौहान एवं लक्ष्मी चौहान आदि मौजूद रहे।

## किसानों की समस्याओं का कराएंगे समाधान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पंचायत में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि किसान निराश न हों। धरना समाप्त नहीं किया है बल्कि बुधवार तक स्थगित किया गया है। सभी की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। अधिकारियों की लापरवाही से जो सड़क अभी तक नहीं बनी है, उसका जवाब लिया जाएगा।

ग्राम भटपुरा तारन में मोहम्मद कामिल पाशा के आवास पर हुई भारतीय किसान यूनियन भानू की पंचायत में एनएचएआई के अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश जताया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि जो प्रोजेक्ट 2018 में पूरा होना चाहिए था व 2024 में भी पूरा नहीं हो सका। जिला महासचिव सरदार मक्खन सिंह चौहान ने कहा कि कई थानों में लूट मची है।


पंचायत में बोलते किसान नेता। ● अमृत विचार

● ग्राम भटपुरा तारन में हुई भारतीय किसान यूनियन भानू की पंचायत आक्रोश जताया

गरीब किसानों के बच्चों व महिलाओं को थाने में बैठाकर दवाब बनाकर पैसे वसूले जा रहे हैं। ऐसे थानों की सूची पुलिस अधीक्षक को सौंपी जाएगी। पंचायत में नबी हसन, पप्पू दिवाकर, लोकेश पांडे, श्याम मोहन पांडे, महावीर सागर, मुख्तार अहमद, इलियास अली, मुशर्रफ अली, जयेंद्र सिंह, सतनाम सिंह आदि शामिल रहे। अध्यक्षता डॉ. जमाल अहमद व संचालन मुबारक हसन ने किया।

## डीएमए की आत्मका को मिला पहला स्थान

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** आर्य समाज मंदिर पट्टी टोला में रविवार को श्रावणी पर्व के अवसर पर जिला स्तरीय वैदिक हवन संध्या मंत्र प्रतियोगिता हुई। इसमें कई स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया।

जिला स्तरीय वैदिक हवन संध्या मंत्र प्रतियोगिता चार वर्गों में हुई। प्रथम वर्ग में नर्सरी से कक्षा एक तक के बच्चों ने भाग लिया। वर्ग 2 में कक्षा 2 से 5 तक के विद्यार्थी शमिल रहे। वर्ग 3 में कक्षा 6 से 8 तक और वर्ग 4 में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 158 विद्यार्थी शामिल हुए। वर्ग एक में 58 बच्चों ने प्रतिभाग किया गया। इसमें प्रथम स्थान दयावती मोदी एकेडमी वाटिका की आत्मका अग्रवाल को मिला। द्वितीय स्थान सेंटमेरी हायर सेकेंडरी स्कूल की नव्या रस्तोगी को मिला। तृतीय स्थान पर रामलीला पब्लिक इंटर कॉलेज की वैष्णवी रहीं।


कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

दूसरे वर्ग में 31 बच्चों ने प्रतिभाग किया गया। इसमें प्रथम स्थान आनंद कान्वेंट स्कूल के श्रेष्ठ आर्य को मिला। द्वितीय स्थान आनंद कान्वेंट स्कूल के शगुन लोधी और तृतीय स्थान आनंद कान्वेंट स्कूल के सौंदर्य आर्य को मिला। तीसरे वर्ग में 23 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इसमें हरि इंटर कॉलेज के वैभव रस्तोगी प्रथम, दयावती मोदी एकेडमी के हार्दिक आर्य द्वितीय और रामलीला पब्लिक इंटर कॉलेज की राधिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

चतुर्थ वर्ग में 23 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इसमें रामलीला पब्लिक इंटर कॉलेज की कनिका शर्मा प्रथम, दिव्यांशी सिंगल द्वितीय और राजकीय बालिका कन्या इंटर कॉलेज की काव्यांशी भारद्वाज तृतीय स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथि आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान गंगाराम एवं विशिष्ट अतिथि ज्वाला नगर आर्य समाज के प्रधान ओमवीर रहे। इस दौरान मुकेश आर्य, मनोज कुमार, राजीव कुमार रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## मुस्लिम फेडरेशन के जिला अध्यक्ष बने अब्बास

**रामपुर, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष खान शुऐब यूनुस ने गोरखपुर के दौरे के दौरान कार्यकारिणी का गठन किया। उन्होंने प्रदेश महासचिव की संस्तुति पर अब्बास अहमद अंसारी को जिला अध्यक्ष, तबरेज आलम को उपाध्यक्ष, रियाज अहमद को वरिष्ठ महासचिव मनोनीत किया है।

प्रदेश अध्यक्ष खान शुऐब युनूस ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां ने पूरी जिंदगी कौम की खिदमत में गुजार दी। उन्हें राजनीति में जाने के बहुत मौके मिले, मगर उन्होंने कौम की खिदमत को तरजीह दी। उन्होंने मशहूर शायर जफर गोरखपुरी को याद करते हुए उनका शेर सुनाया- इरादा हो अटल, तो मौजजा ऐसा भी होता है, दिये को जिंदा रखती है हवा ऐसा भी होता है। इस अवसर पर बाबू खां, शाहबाज आलम प्रधान, अरशद अंसारी प्रधान, मुन्ना राईन, सिराज अहमद, एजाज अहमद मौजूद रहे।

## भीम आर्मी ने निकाला कैंडल मार्च

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कोलकाता प्रकरण को लेकर भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने आंबेडकर पार्क में कैंडल मार्च निकाला। दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष राजेश खन्ना ने कहा कि कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में महिला चिकित्सक के दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। सरकार महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करे।

रविवार की शाम सात बजे जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारी एकत्र हुए। इसके बाद जुलूस के रूप में आंबेडकर पार्क पहुंचे और कैंडल मार्च निकाला। इस मौके पर सतपाल सिंह बादल, लखन वीर सिंह, दिनेश बाबू, राजेश कुमार, गुड्डू कुमार, सुरेश कुमार, अनिल गौतम, अर्जुन गौतम, सिद्धार्थ गौतम, विक्रम गौतम, लाल सिंह, उमेश कुमार आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय-ग्राम पंचायत ऊमरी वि०ख० मुरादाबाद, (मुरादाबाद)

पत्रांकः- मीमो/ग्रा०पं० ऊमरी | ग्राम निधि व केन्द्रीय वित्त 2024-2025 | दिनांकः-23-08-24

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड मुरादाबाद की ग्राम पंचायत ऊमरी में पंचायती राज अधिनियम एवं नियमावली 1947 (यथा - संसोधित 1994) के नियम संख्या 157 सहपठित नियम संख्या 152 (क) एवं शासनादेश संख्या 58/2021/2350/33-3-2021-2257/2021 के क्रम में केन्द्रीय वित्त आयोग के अर्न्तगत निम्नलिखित कार्यो हेतु पंजीकृत ठेकेदारों / फर्म से निविदा आमंत्रित की जाती है, कार्य निम्नलिखित हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन लागत, जी.एस. टी. सहित | निविदा का प्रकार | सामग्री/पूर्ण कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देवेन्द्र के मकान से डाक खाने तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण | 258857.00 | सामग्री आपूर्ति | 194384.00 | 2% | 300.00 | 3 माह |
| 2 | महीपाल के घर से रामौतार के घर तक सी.सी. टाईल्स व नाली निर्माण | 253672.00 | सामग्री आपूर्ति | 188986.00 | 2% | 300.00 | 3 माह |
| 3 | सरकारी हैण्डपम्प से उमेश के घर तक सी.सी. टाईल्स व नाली निर्माण | 156996.00 | सामग्री आपूर्ति | 115340.00 | 2% | 300.00 | 3 माह |
| 4 | सोनू के घर से नौबत के घर तक नाली व सी.सी. टाईल्स निर्माण कार्य | 263418.00 | सामग्री आपूर्ति | 194723.00 | 2% | 300.00 | 3 माह |
| 5 | कपिल की दुकान से जगदीश के घर तक नाली निर्माण | 204651.00 | सामग्री आपूर्ति | 149518.00 | 2% | 300.00 | 3 माह |
| 6 | कपिल की दुकान से जगदीश के घर तक सी.सी. टाईल्स कार्य | 489000.00 | सामग्री आपूर्ति | 235700.00 | 2% | 300.00 | 3 माह |

**निविदा से सबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | विवरण | दिनाँक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रारम्भ | 23.08.2024 | 10:00 बजे |
| 2 | निविदा समाप्त | 29.08.2024 | 2:00 बजे |
| 3 | निविदा खुलने का समय | 29.08.2024 | 3:00 बजे |

1. कार्य से सबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियामानुसार देय होगा।
3. कार्यों का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन / स्वीकृती प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यदेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढ़ाने या घटाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत ऊमरी**
**विकास खण्ड व जिला मुरादाबाद**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत ऊमरी**
**विकास खण्ड व जिला मुरादाबाद**


कार्यक्रम | सहकारी बैंक में बढ़ा जनपद के लोगों का भरोसा

## किसान ले रहे हैं सुविधाओं का लाभ : जेपीएस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने कहा कि आज के समय में किसी भी सोसाइटी में किसी को खाद की कमी नहीं होती है। उत्तर प्रदेश में सहकारी बैंक की शाखों को पूरी तरह सीबीएस कर दिया गया है। यूपीआई से पेमेंट में भी बढ़ोतरी हुई है। किसान एटीएम कार्ड, एटीएम वैन, किसान क्रेडिट कार्ड आदि सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं।

जिला सहकारी बैंक की ओर से 34वीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक का एक वैंक्वेट हॉल में हुई। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर और विशेष अतिथि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 113वें एपिसोड को सुना। इसके बाद सहकारिता गीत के साथ बैठक शुरू हुई।

जनपद में 2023-2024 में हुई सहकारिता की विभिन्न परियोजनाओं का जानकारी दी। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहनलाल सैनी के ने बैंक की प्रगति के आंकड़े प्रस्तुत किए। बताया कि पिछले वर्ष में हमारे बैंक में बचत खातों की संख्या भी बढ़ी है। पूरे जनपद में सभी लोगों का भरोसा सहकारी बैंक में बढ़ा है। लोगों ने बचत खातों, चालू खातों के साथ बैंक में फिक्स डिपोजिट की संख्या भी बढ़ी है।



मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देते मंत्री। ● अमृत विचार

### यह लोग रहे मौजूद

भाजपा के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, पूर्व विधायक बीना भारद्वाज, युसूफ अली, सरदार हरजिंदर सिंह, रोहतास मौर्य, दीप गोयल, नीलम गुप्ता, योगेश सिंह, टीकम सिंह, रविंद्र सिंह यादव, नंदकिशोर गंगवार, तेजपाल गंगवार, हरदीप सिंह, संजा देवी, वीर विक्रम सिंह, गणेश गुप्ता, प्रकाश त्रिपाठी, ज्ञानदेव गंगवार, अभय गुप्ता, रविंद्र सिंह रवि, हरीश गंगवार, अशोक विश्नोई, सतनाम सिंह, प्रेम शंकर पांडे, जगपाल यादव, मोहन लोधी, महेश मौर्य, पंकज लोधी, अनुज सक्सेना, भारत भूषण गुप्ता, अर्जुन रस्तोगी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### 451 जंगली तोतों के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन पुलिस ने एक युवक को 451 जंगली तोतों के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। सिविल लाइन पुलिस शनिवार की शाम चौकी पनवड़िया के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक युवक तोते लेकर जा रहा था। शक होने पर पुलिस ने उसे रोक लिया और तोतों के बारे में पूछा मगर वह सही जवाब नहीं दे सका। इस पर पुलिस ने उसके खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी अजीम निवासी पसियापुरा शुमाली थाना कोतवाली का निवासी है। पुलिस को उसके पास से 451 जंगली तोते मिले हैं।

### दो भाइयों ने पौधे विक्रेता को पीटकर किया घायल

**टांडा, अमृत विचार :** यूकेलिप्टस के पौधे बेचने वाले को दो भाइयों ने पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के ग्राम नियामतपुर उधमपुरा निवासी लड्डन यूकेलिप्टिस के पौधे बेचकर अपने घर जा रहा था। टांडा थाना क्षेत्र के ग्राम धीरजनगर में चौराहे पर मस्जिद के पास गांव के नावेद व सूखा पुत्र आबिद उसे रोक कर पौधों की कीमत पूछने लगे। लड्डन ने 12 रुपये प्रति पौधा कीमत बताई। आरोप है कि इसी बात को लेकर दोनों भाई गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर आरोपियों ने उसे पीट दिया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हैंडपंप पर पानी पीने गया युवक करंट से झुलसा

**पटवाई, अमृत विचार :** गांव पटरिया निवासी नेकपाल खेत से घर आ रहा था। गांव के एक घर में लगे हैंडपंप पर वह पानी पीने लगा। हैंडपंप का हत्था पकड़ते ही वह करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। यह देख मौके पर पहुंचे लोगों ने किसी तरह उसे बचाया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे कस्बे के ही निजी अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस बीच ग्रामीणों के सुझाव पर नेकपाल को रेत में दबाकर देशी उपचार करना शुरू कर दिया। तीन घंटे बाद भी उसे होश नहीं आया तो परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। परिजनों ने बताया कि चिकित्सकों उसकी हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।



दही हांडी फोड़ते श्रीकृष्ण की वेशभूषा में सजे बच्चे। ● अमृत विचार




कार्यक्रम में मौजूद राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजे बच्चे। ● अमृत विचार

# जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर बाजारों में रही रौनक

## भक्तों ने लड्डू गोपाल के लिए पालना, बांसुरी और पंखे खरीदे, सजावटी सामान भी खूब बिका

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आज हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर रविवार को बाजारों में रौनक रही। लड्डू गोपाल के लिए बांसुरी, पालना, मुकुट, पोशाक व पायल सहित सजावटी सामान की खूब बिक्री हुई। देर शाम तक महिलाएं खरीददारी करती रहीं।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी आज मनाई जाएगी। रात 12 बजते ही भगवान श्री कृष्ण का जन्म होगा। जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर रविवार को बाजारों में रौनक रही। ज्वालानगर, सिविल लाइन, मिस्टनगंज सहित कई स्थानों पर जन्माष्टमी के मौके पर दुकानें लगीं। महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण का पालना, बांसुरी, मुकुट और मोर पंख के पंखे खरीदे। दुकानदार माखन ने बताया कि लड्डू गोपाल के झूले, सिंहासन से लेकर सजावटी वस्तुएं दिल्ली व अहमदाबाद आदि से मंगाई जाती हैं। मुकुट, बांसुरी व कटोरी भी दूसरे शहरों से आती हैं।




राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार



लड्डू गोपाल के लिए कपड़े खरीदती महिला।

### बच्चों ने स्कूल में कागज से बनाए बांसुरी व मोर पंख, माखन की मटकी भी फोड़ी

**रामपुर, अमृत विचार :** रविवार को साईं विहार स्थित फर्स्ट इंप्रेशन पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण करके दीप जलाए गए। श्रीकृष्ण के रूप में सजे बच्चों ने माखन की मटकी फोड़ी। बच्चों ने कागज से बांसुरी व मोर पंख आदि बनाए। भगवान श्री कृष्ण के जीवन से जुड़े कई प्रसंग बच्चों ने नृत्य और नाटक द्वारा प्रस्तुत किए। अध्यापिकाओं ने श्रीकृष्ण के मनमोहक भजन प्रस्तुत किए। छात्र-छात्राओं ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा पहनकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य वंदना डिमरी ने श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़ी ज्ञानवर्धक बातें बताईं। डायरेक्टर अतुल कुमार सिंह ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अंत में मिठाई और फल वितरित किए गए। कार्यक्रम में हेड चांदनी और मुस्कान खान, प्रियंका यादव, लाजवती राजपूत, आकांक्षा मौर्य, गीता, चंचल प्रजापति, कुमकुम राजपूत, राजकुमारी प्रजापति, शशि, खुशी सक्सेना, कंचन दिवाकर, शिवानी त्रिपाठी, तानिया, सरप्रीत कौर, जागृति सहगल, ममता, लोंगश्री, मंजू आदि उपस्थित रहे। संचालन राजकुमारी प्रजापति और खुशी सक्सेना ने किया।

### 100 से 1000 रुपये तक में बिका पालना

भगवान श्रीकृष्ण का पालना 100 से एक हजार रुपये तक बिका। हालांकि लोग अपनी श्रद्धा के अनुसार इससे महंगा पालना भी खरीदते देखे गए। इसके अलावा लड्डू गोपाल के कपड़े 100 से 400 रुपये तक साइज से हिसाब से बाजार में उपलब्ध हैं। महिलाओं ने कपड़ों के साथ श्री कृष्ण का मुकुट भी खरीदा।

### श्री कृष्ण और राधा बनकर इठलाए बच्चे

**रामपुर, अमृत विचार :** नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रीकृष्ण, राधा रानी, नंद बाबा, गोपियां इत्यादि स्वरूपों में सजे बच्चों से विद्यालय परिसर में हर तरफ कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही। स्कूल में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने भगवान कृष्ण और राधा की भूमिका निभाई। उनकी लीलाओं को प्रस्तुत किया। बच्चों को श्री कृष्ण जन्म की कथा और विष्णु भगवान के आठ अवतारों के बारे में बताया गया। स्कूल में दही हांडी प्रतियोगिता भी हुई। इसे कृष्ण भगवान का स्वरूप धरे बच्चे ने अपने सखा और गोपियों के साथ मिलकर तोड़ा। बच्चों को माखन और मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। अंत में प्रधानाचार्या नगमा खान ने बच्चों को भगवान कृष्ण के जीवन और उनके संदेशों के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रतीक मधुर, दिव्यांश सिंघल, ज्योति, बबिता चौधरी, सजल सक्सेना, माधुरी सक्सेना, शालिनी कुमारी, हिना खान, विजेता सक्सेना, अंजली चौहान, अलाफिया, शिखा कालाकोटी, नवजोत कौर, नीतिशा सैनी, फुरकान, गदीर, अनम, साहिला आदि उपस्थित रहे। संचालन पायल सक्सेना एवं आफरीन ने किया।

### एक-दूसरे के साथ मित्रता का भाव रखें बच्चे : नवीन

**रामपुर, अमृत विचार :** प्रभावती विद्यालय के प्रबंधक नवीन कुमार शर्मा ने बच्चों से कहा कि बच्चे एक-दूसरे के साथ मित्रता का भाव रखें। विद्यालय में मानव पिरामिड बनाकर 15 फिट ऊंची मटकी फोड़ने की प्रतियोगिता हुई। काफी कोशिश के बाद मटकी फोड़कर बच्चों ने खुशी जताई। इसके बाद बच्चों ने मटकी के माखन का लुत्फ उठाया। प्रबंधक ने कहा कि श्रीकृष्ण ने सुदामा से अच्छी मित्रता निभाई। उनके अंदर जरा भी घमंड नहीं दिखा। मित्र को अपने आसन पर बिठाकर उसके चरण धोए। गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र के क्रोध से रक्षा की। अत्याचारी कंस को मारकर मथुरा वासियों की रक्षा की। प्रधानाचार्य अर्चना शर्मा, शिवम शर्मा, सृष्टि चौहान, गुंजन कश्यप, अंकित, अंकिता सिंह, सत्यजीत सिंह, पूनम आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### भीम आर्मी ने बिलासपुर में निकाला कैंडल मार्च

**बिलासपुर, अमृत विचार :** रविवार की शाम साढ़े छह बजे भीम आर्मी के विधानसभा अध्यक्ष विपिन कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च पटेल चौक से शुरू होकर रामपुर मार्ग, मुख्य चौराहा, नैनीताल हाईवे से होकर आंबेडकर पार्क पर समाप्त हुआ। कार्यकर्ता हाथों में बैनर लेकर दोषियों को फांसी दो के नारे लगाते हुए चल रहे थे। कहा कि कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म एवं जघन्य अपराधों को अंजाम दिया गया। इस कांड में संलिप्त सभी दोषियों को कठोर सजा दिलाने, अस्पतालों और समाज में महिला सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने की मांग की। इस मौके पर सोनू सागर, महेश, मनीष गौतम, विनोद कुमार, जसविंदर, राजकुमार, अरविंद, अमित कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पशुओं के अवशेष मिलने से हिन्दू संगठनों में आक्रोश

**मिलक, अमृत विचार :** गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे हिन्दू संगठन के लोग अवशेष देख भड़क गए। पुलिस ने अवशेषों को जमीन में दबा दिया। क्षेत्र के लखीमपुर गांव के जंगल में स्थित एक बाग के पास रविवार की सुबह कुछ कुत्ते एकत्र हो गए। माजरा जानने को ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। वहां तेज दुर्गंध आ रही थी। एक खेत में गोवंशीय पशु का सिर वह हड्डियां पड़ी थीं। पास ही स्थित गन्ने के खेत में भी गोवंशीय पशुओं के अवशेष पड़े थे। जानकारी मिलते ही हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता मुकेश पटेल, सूरज गंगवार, रोहित भी मौके पर पहुंच गए। पशुओं के अवशेष देख आक्रोश जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया की लखीमपुर गांव के जंगल में गोवंशीय अवशेष मिलने की सूचना मिली थी। मामले की जांच की जा रही है।



जिला महासचिव को मनोनयन पत्र सौंपते जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

### समन बनीं राष्ट्रीय लोकदल की जिला महासचिव

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने समन को जिला महासचिव मनोनीत किया। इसके अलावा दर्जनों महिलाओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई। रविवार को मोहल्ला इन्द्रा नगर में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि रालोद एनडीए का घटक दल है। इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी हैं। पार्टियों की नीतियों से प्रभावित होकर लोग सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान, नारी शक्ति और युवा वर्ग की आवाज को बुलंद कर रहे हैं। अध्यक्षता राबिस्ता ने व संचालन नवाब खां ने किया। इस मौके पर शाइस्ता, शाजिया, आलिया, सुरईया, तरन्नुम, नाजिया, नूर जहां, फरहा, हुमा और नसीम जहां को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई।

### शरारती तत्वों ने पीएचसी में की तोड़फोड़, दवाएं भी फेकीं

**मसवासी, अमृत विचार :** शनिवार को शरारती तत्वों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टोर रूम का ताला तोड़कर जमकर उत्पात मचाया। अस्पताल में तोड़फोड़ की और स्टोर रूम में रखीं दवाएं भी फेंक दीं। फार्मासिस्ट हरीश चंद्र अधिकारी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सीएचसी में हुई इस घटना की जानकारी रविवार की सुबह करीब सवा आठ बजे अस्पताल पहुंचने पर हुई। चौकी इंचार्ज मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। सीएचसी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जाएंगी।

### व्यापारी का मोल, तौल और बोल सही होना चाहिए

**बिलासपुर, अमृत विचार :** जैन समाज के नरेंद्र मुनि महाराज ने कहा कि व्यापारी का मोल, तौल और बोल सही होना चाहिए। तभी वह अच्छा व्यापारी बन सकता है। रविवार को माटखेड़ा मार्ग स्थित एसएस जैन सभा स्थानक में संघ संचालक गुरुदेव नरेश मुनि महाराज का जन्मदिवस व व्यापारी दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान नरेंद्र मुनि महाराज ने व्यापारियों को व्यापार में उन्नति के कुछ सूत्र बताए। कहा कि व्यापारी को परिश्रमी होना चाहिए, भाग्यवादी नहीं। कमाई नेक होनी चाहिए। व्यापारी को अपनी आमदनी से ज्यादा खर्चा नहीं करना चाहिए। मन में दया व दान की भावना होनी चाहिए। यदि ये गुण व्यापारी के अंदर होंगे तो लक्ष्मी स्वयं खींची चली आएंगी। कार्यक्रम में व्यापारियों के साथ कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, पालिक अध्यक्ष चित्रक मित्तल, ब्लाक प्रमुख कुलवंत औलख आदि मौजूद रहे। इसी बीच गुरुदेव वात्सल्य निधि नरेंद्र मुनि महाराज व सेवामूर्ति गुरुदेव जयंत मुनि महाराज के प्रवचन सुनकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान माला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर सभी का स्वागत किया गया।



परीक्षा केंद्र के बाहर अधिकारियों से जानकारी लेते एएसपी। ● अमृत विचार

### तीसरे दिन दोनों पालियों में 1467 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा के तीसरे दिन रविवार को दोनों पालियों में पंजीकृत 7152 से 5685 अभ्यर्थी ही परीक्षा देने पहुंचे। जबकि 1467 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। तीन दिन की परीक्षा शांतिपूर्वक निपटने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। जिले में 13 केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा चल रही है। पहली पाली 10 से 12 और दूसरी पाली 3 से 5 बजे तक हुई। परीक्षा शुरू होने से पहले ही अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग की गई। इसके बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्र में में जाने दिया गया। रविवार को भी परीक्षा दो पालियों में हुई। सुरक्षा किलए से हाईवे और परीक्षा केंद्रों के आसपास पुलिस तैनात रही। यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थी कम रुचि दिखा रहे हैं। रविवार को पहली पाली में 21.40 और दूसरी पाली में 19.63 प्रतिशत अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्वत ने ककरौआ स्थित सेंटर का निरीक्षण किया।

# शिक्षकों के हितैषी थे पूर्व शिक्षक विधायक

बिलासपुर, संवाददाता

**अमृत विचार :** पूर्व शिक्षक विधायक रामबाबू शास्त्री के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

रविवार को रामपुर हाईवे स्थित एक होटल में हुई श्रद्धांजलि सभा में दूर-दराज तथा क्षेत्र से आए लोग शामिल हुए। कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि पूर्व शिक्षक विधायक शिक्षकों और समाज के हितैषी थे। शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लों ने कहा कि रामबाबू शास्त्री ने शिक्षकों के प्रति ईमानदारी से अनेक कार्य किए। एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि पूर्व शिक्षक विधायक ने शिक्षकों के लिए कड़ा संघर्ष किया। उन्होंने शिक्षकों के लिए इतने कार्य किए हैं, जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उत्तर-प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह, संगठन के संरक्षक व कानपुर के एमएलसी राजबहादुर सिंह चंदेल, एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह, एमएलसी इलाहाबाद लवकुश मिश्रा आदि ने भी विचार प्रस्तुत किए।

इस मौके पर संजय कपूर, सुभाष चंद्र शर्मा, जयदीप सिंह बरार, बीना भारद्वाज, चंद्रपाल सिंह, अमरजीत सिंह, ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, नगर पालिका के अध्यक्ष चित्रक मित्तल, लखविंदर सिंह, जागेश्वर दयाल दीक्षित, सुजात खां, विपिन कुमार पप्पी, सुलेखा जैन, सुरेश तिवारी, डा. राकेश सिंह, आरपी सिंह, हरविंदर सिंह, अवतार सिंह, स्वराज सिंह, अनिरुद्ध त्रिपाठी, शाहिद हुसैन, विशाल शर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन मुनीष चंद्र शर्मा ने किया।




शिक्षक नेता को श्रद्धांजलि देते एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त एवं अन्य।

## पति को बाजार में छोड़ युवक के साथ फरार हुई पत्नी

**रामपुर, अमृत विचार :** पति के साथ सामान खरीदने बाजार आई महिला मौका पाकर दूसरे युवक की बाइक पर बैठकर फरार हो गई। पीड़ित पति ने युवक पर अपहरण का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी युवक सहित 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मिलकखानम थाना क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद निवासी राजकुमार का कहना है कि 20 अगस्त को वह पत्नी काजल के साथ मिलकखानम आया था। वापस जाते समय वह सामान लेने के लिए रुक गया। इस बीच अजय कुमार उसकी पत्नी को बाइक पर बैठाकर ले गया। पीड़ित के अनुसार उसकी पत्नी 45,000 रुपये, कुंडल, टीका, अगूंठी, हार, चांदी का कूल्हा और पायल भी ले गई।



किसानों की पंचायत को संबोधित करते प्रदेश महासचिव। ● अमृत विचार

# किसानों की मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि इस बार जब तक किसानों की सभी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। फैक्ट्रियां ही सबसे ज्यादा पानी का दोहन कर रही हैं। जहरीला और दूषित पानी छोड़ा जा रहा है।

रविवार को भाकियू के कार्यालय पर पंचायत हुई। इसमें प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के हवाले से कहा कि केंद्र सरकार ने वादाखिलाफी की है। वायदा पूरा कराने के लिए आंदोलन के सिवा कोई और रास्ता नहीं है। किसान ट्रैक्टर सहित तैयार रहें। हाईकमान का कभी भी दिल्ली चलने का बुलावा आ सकता है।

इस अवसर पर राहत खां, छिदा नेता, रामऔतार लोधी, नल सिंह यादव, मोहम्मद तालीब, रियाजुल, हारून, बाबू खां, खलील, जुनैद, मोहसिन, सलीम, सलामत जान, अशोक सागर, महेंद्र सिंह, राम बहादुर आदि मौजूद रहे।

## जीजा-साले ने किशोरी से किया दुष्कर्म, रिपोर्ट

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में किशोरी के साथ जीजा-साले ने दुष्कर्म किया। आरोपियों ने किशोरी को घर बुलाकर नशीला पदार्थ खिलाया और फिर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पड़ोस में रहने वाली किशोरी को अपने घर बुला लिया। इसके बाद उसे नशीला पदार्थ खिलाकर आरोपी और उसके बहनोई ने किशोरी से दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। आधी रात के बाद किशोरी अपने घर पहुंची और परिजनों आपबीती बताई। सुबह को परिजनों किशोरी को लेकर थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुरेश सैनी और जय विंदर सैनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। देर रात सीओ टांडा ने घटना स्थल का निरीक्षण कर पीड़ित परिवार से जानकारी ली।

**मांग** — विकल्प में पुरानी पेंशन योजना को भी शामिल करे सरकार

# एकीकृत पेंशन योजना से शिक्षक असंतुष्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एकीकृत पेंशन योजना लागू कर दी है। शिक्षक इससे संतुष्ट नहीं है। शिक्षकों का कहना है कि सरकार को पुरानी पेंशन योजना ही बहाल करना चाहिए।

सरकार शिक्षकों को लेकर नए-नए तरीके अपना रही है। इससे शिक्षक संतुष्ट नहीं हैं। पिछले दिनों सरकार ने ऑन लाइन उपस्थिति लगाने के आदेश दिए थे। इससे शिक्षकों में आक्रोश था। जैसे तैसे यह मामला शांत हुआ। शनिवार को एकीकृत पेंशन योजना का फैसला लिया गया। इससे शिक्षक असंतुष्ट हैं। उनका कहना है कि एनपीएस या एकीकृत पेंशन योजना में से कोई एक पेंशन योजना चुन सकते हैं। शिक्षक कई वर्ष से एनपीएस का विरोध करते हुए पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग कर रहे हैं। कई राज्यों में पुरानी पेंशन योजना लागू हो चुकी है।

शनिवार को लागू की गई एकीकृत पेंशन योजना में सरकार ने एनपीएस या एकीकृत पेंशन योजना चुनने का विकल्प दिया है। लेकिन विकल्प में पुरानी पेंशन योजना को शामिल नहीं किया। शिक्षक चाहते हैं कि तीनों योजनाओं का विकल्प रखा जाए, जिससे वह अपनी इच्छानुसार पेंशन योजना चुन सकें।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू की गई एकीकृत पेंशन योजना से शिक्षक संतुष्ट नहीं है। सरकार ने यह विकल्प भी दिया है कि शिक्षक एनपीएस या एकीकृत पेंशन योजना में से कोई एक योजना चुन सकते हैं। सरकार को विकल्प में पुरानी पेंशन योजना को भी शामिल करना चाहिए।

**-कैलाश बाबू पटेल, जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ**



केंद्र सरकार द्वारा शनिवार को लागू की गई एकीकृत पेंशन योजना कर्मचारी हित में नहीं है। कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग कर रहे हैं। सरकार जो पेंशन देने जा रही है उसमें कर्मचारियों के वेतन से भी कटौती होगी। बेहतर होता कि पुरानी पेंशन योजना लागू होती।

**-आनन्द प्रकाश गुप्ता, जिला मंत्री उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ**



शिक्षक लंबे समय से पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने एनपीएस के स्थान पर यूपीएस (यूनिफाइड पेंशन स्कीम) लागू की है। इसके फायदे भी गिनाए हैं। यदि यूपीएस इतनी ही फायदेमंद है तो सांसद और विधायक भी इसे क्यों नहीं लेते।

**-राम चन्द्र, जिला महामंत्री यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन**



पूरे देश के कर्मचारी व शिक्षक असमंजस की स्थिति में हैं। कभी एनपीएस और कभी यूपीएस योजना लाने से वह समझ ही नहीं पा रहे हैं क्या सही है और क्या गलत। जहां तक समझ में आया है कि यह दोनों ही सही नहीं हैं। सभी को ओपीएस ही अच्छी लग रही है। जल्द ही यूपीएस की समीक्षा हो। कर्मचारी व शिक्षक हित में बहाल तो ओपीएस ही होनी चाहिए।

**-डॉ. राजवीर सिंह, जिला अध्यक्ष, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ**

## दहेज में कार नहीं देने पर रिश्ता तोड़ा, 6 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** दहेज में कार नहीं मिलने पर युवक पक्ष के लोगों ने युवती पक्ष से रिश्ता तोड़ लिया। युवती के भाई ने खजुरिया थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव करसौला निवासी इरशाद का कहना है कि 2 माह पहले उसने अपनी बहन का रिश्ता जिला बरेली के थाना देवरनिया के गांव रहपुरा गनीमत निवासी अंसार से तय किया था। उसने मंगनी में काफी पैसा खर्च किया था। आरोप है कि बाद में युवक पक्ष के लोग दहेज में कार और जेवर मांगने लगे। इन्कार करने पर रिश्ता तोड़ दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। इस पर खजुरिया पुलिस ने अंसार, निसार हाफिज, सुगरा बी, अफसार, राजदा और अदीबा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एक नजर

### कोर्ट के आदेश पर वारंटी गिरफ्तार

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव गुमसानी निवासी तैय्यब न्यायालय में चल रहे वाद की पैरवी नहीं कर रहा था। न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर पुलिस को तैय्यब को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। रविवार को पुलिस तैय्यब के घर पहुंची और गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### पोस्टर बनाकर दिया नशा नहीं करने का संदेश

**बहजोई, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद शाखा मंगलम व केमिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में एक युद्ध नशा के विरुद्ध शीर्षक पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन सिल्वरस्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। बच्चों ने पोस्टर से ड्रग्स, धूम्रपान, मद्यपान नहीं करने का संदेश दिया तो वहीं समाज में हो रहे हानिकारक दुष्प्रभाव नशे के अन्य साधनों से होने वाली बीमारियों और हानि का चित्रण बहुत ही अच्छी तरीके से किया। प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। इस दौरान डॉ. प्रियंका वार्ष्णेय, ज्योति राघव, मेघाव्रत यादव, दीपांशु शर्मा, राहुल वार्ष्णेय एडवोकेट, कपिल दीवाना आदि ने सहयोग किया। संचालन लव कुमार आर्य ने किया।

### आज खिरनी में मटकी फोड़ व सांस्कृतिक कार्यक्रम

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव खिरनी में स्थित कृष्णा कोल्ड स्टोर में यादव युवा संघ की ओर से आज सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर मटकी फोड़ व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन पूजन कर किया गया। इस मौके पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा के मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में बदायूं सपा सांसद आदित्य यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष संभल डॉ. अनामिका यादव, असमोली विधायक पिंकी यादव, पूर्व मंत्री डीपी यादव, गुन्नौर विधायक राम खिलाड़ी सिंह यादव सहित समाजसेवी व किसान नेता शामिल होंगे।

संभल की खबर पेज 14 पर भी

# बकाया गन्ना भुगतान न हुआ तो आंदोलन होगा

## भाकियू टिकैत की महापंचायत में उठे कई मुद्दे, बिजली विभाग पर लगाया किसानों के उत्पीड़न का आरोप

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की महापंचायत में छुट्टा गोवंश पशु, बिजली विभाग द्वारा किसानों के उत्पीड़न समेत कई मुद्दे उठे। अयोध्या शुगर मिल बिलारी द्वारा बकाया गन्ना भुगतान नहीं करने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन का ऐलान किया गया।

तहसील क्षेत्र के गांव तिमनपुर में हुई महापंचायत में मुख्य अतिथि प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष मनपाल सिंह यादव किसानों के साथ पहुंचे। ब्लॉक अध्यक्ष शुभम चौधरी ने अयोध्या शुगर मिल बिलारी सहसपुर पर किसानों का बकाया गन्ना भुगतान, छुट्टा गोवंश पशुओं का मुद्दा उठाया। जिलाध्यक्ष मनपाल सिंह यादव ने कहा कि बिजली विभाग की मनमानी करते हुए किसानों का उत्पीड़न कर रहा है। किसान किसी भी हाल में ट्यूबवेल पर मीटर नहीं लगवाएं।



तिमनपुर गांव में भाकियू की पंचायत में बोलते प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव।



भाकियू असली की महापंचायत में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

तहसील अध्यक्ष चौधरी महीदेव सिंह ने छुट्टा गोवंश पशुओं का मुद्दा उठाते हुए गोशालाओं में गायों की मौत पर नाराजगी जाहिर की। प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि अयोध्या शुगर मिल पर बकाया गन्ना भुगतान को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन होगा। जब तक बकाया गन्ना भुगतान नहीं होगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान चौधरी बैराज सिंह, आशु बालियान, विक्की चौधरी, ओंकार सिंह चौधरी, मुन्ना सिंह, बबलू सिंह, शेखर सिंह, योगेश चौधरी, विपिन चौधरी, रामपाल सिंह यादव, मुनेंद्र यादव, बृजेश, रामवीर सिंह त्यागी, अंकित त्यागी, दानिश अली, सतवीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, संजीव यादव, डॉ. हरेंद्र सिंह, डॉ. देवेंद्र सिंह, महेश यादव आदि रहे। अध्यक्षता चौधरी अतर सिंह ने तथा संचालन चौधरी महीदेव सिंह एडवोकेट ने किया।

### एमएसपी गारंटी कानून को महापंचायत में बनेगी रणनीति

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले गांव हिसामपुर और भटौला में हुईं किसान पंचायत में किसानों की समस्याएं उठाई गईं। एक सितंबर को एमएसपी गारंटी कानून की मांग को लेकर होने वाली किसान महापंचायत को सफल बनाने का आह्वान किया। गांव हिसामपुर और भटौला में हुई किसान पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह ने कहा कि किसानों के साथ फसल का बीज और दवाई में बहुत बड़ा स्कैम हो रहा है। किसानों को एक लाख रुपये क्विंटल के हिसाब से धान का बीज मिला है और किसान को फसल का वाजिब दाम नहीं मिल रहा है। एमएसपी गारंटी कानून को लेकर एक सितंबर को जुनावई में किसान महापंचायत होगी। जिसमें कई प्रदेशों से किसान नेता पहुंचेंगे। किसान बड़ी संख्या में पहुंचकर आवाज बुलंद करने का काम करें। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, चौधरी संजीव गांधी, दिनेश सिरोही, दिलशाद अली, वारिस, राहिद, सुलेमान, होशियार सिंह, अर्जुन सिंह, वेद प्रकाश शर्मा, विजय भान शर्मा, रामकिशन, विनय, सुरेश, जसवंत सिंह, किशनपाल ब्रह्मचारी, अनीस, डॉ. जावेद, गंगाशरण, पप्पू यादव, नेमपाल, राजकुमार, मनवीर सिंह, समरपल सिंह, सोनू आदि रहे। अध्यक्षता चंद्रभान शर्मा ने और संचालन जयवीर सिंह यादव ने किया।

# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से मैजिक चालक की मौत

संवाददाता, संभल/रजपुरा

## हादसा

- हादसे में परिचालक गंभीर रुप से घायल
- चालक सीमेंट से लदी ट्रैक्टर ट्राली मौके पर ही छोड़कर भाग गया

**अमृत विचार:** रजपुरा थाना क्षेत्र में गवां अनूपशहर मार्ग पर टी प्वाइंट पुलिस चौकी के पास सीमेंट की बोरी से लदी ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से टाटा मैजिक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि इस हादसे में परिचालक गंभीर रुप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक के परिजनों को हादसे की सूचना दी और पंचनामा भरकर पुलिस ने चालक का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। गाजियाबाद जिला निवासी चालक गांव के ही परिचालक के साथ पीलीभीत में मैजिक से सामान पहुंचाकर घर जा रहा था।

गाजियाबाद जिले के गांव बहटा हाजीपुर निवासी चालक मुनाजिर उर्फ जमीर अहमद 25 वर्ष पीलीभीत में सामान उतारकर गांव के ही परिचालक सलीम के साथ टाटा मैजिक से वापस घर जा रहा था। रजपुरा थाना क्षेत्र में गवां अनूपशहर मार्ग पर टी प्वाइंट पुलिस चौकी के पास सामने से आ रहे सीमेंट की बोरी से लदी ट्रैक्टर ट्राली ने टाटा मैजिक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मुनाजिर की मौके पर ही मौत हो गई और परिचालक सलीम गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गई। मौका मिलते ही चालक सीमेंट से लदी ट्रैक्टर ट्राली मौके पर ही छोड़कर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया। सलीम से पूछताछ कर पुलिस ने हादसे की जानकारी मुनाजिर के परिजनों को दी। पुलिस ने सलीम को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। पंचनामा भरकर पुलिस ने मुनाजिर का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# 2083 अभ्यर्थियों ने छोड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल में तीसरे दिन पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा देने के लिए अभ्यर्थियों में उत्साह दिखाई दिया। कड़ी निगरानी एवं सुरक्षा प्रबंध के बीच अभ्यर्थियों ने 9 केंद्रों पर परीक्षा दी। पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया। 5885 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 2083 गैरहाजिर रहे।

रविवार को सुबह आठ बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की कतार लग गईं। यहां सघन चेकिंग के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया।

सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रथम पाली की परीक्षा हुई। केंद्रों से बाहर आए अभ्यर्थियों के चेहरों पर रौनक दिखाई दी। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा देने के लिए दोपहर 1 बजे से ही अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए। अभ्यर्थियों ने




चौधरी सराय में बस का इंतजार करते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

- सघन चेकिंग के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया

दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक दूसरी पाली की परीक्षा दी।

दोनों पालियों में परीक्षा होने के बाद शहर के चौराहों पर जाम के हालात बने। हालांकि पुलिस प्रशासन द्वारा अभ्यर्थियों के वाहन खड़े कराने के लिए पार्किंग व्यवस्था की गई लेकिन जब वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ी तो जाम भी लगा।

एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने बताया कि पहली पाली में पंजीकृत 3984 में से 2914 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 1070 गैरहाजिर रहे। वहीं दूसरी पाली में पंजीकृत 3984 में से 2971 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि 1013 ने परीक्षा छोड़ दी।

### बसें नहीं मिलने पर भटके अभ्यर्थी

**संभल, अमृत विचार :** पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा देकर घरों का रुख करने वाले अभ्यर्थियों को रविवार को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विभिन्न शहरों के लिए रोडवेज बसें नहीं मिली तो अभ्यर्थी कड़ी धूप में भटकते रहे। अभ्यर्थियों ने अव्यवस्था को लेकर रोष जाहिर किया। संभल में 9 केंद्रों पर रविवार को भी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा हुई। जिसके बाद अभ्यर्थियों ने घरों को लौटना शुरू किया। तमाम अभ्यर्थी शहर के चौधरी सराय चौराहा पर पहुंचकर रोडवेज बसों का इंतजार करने लगे लेकिन घंटों बीतने के बाद भी बस नहीं मिली। मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली आदि जाने वाले अभ्यर्थियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अभ्यर्थी राहुल कुमार, विनीत कुमार और गौरव आदि का कहना रहा कि करीब डेढ़ घंटे से चौराहा पर खड़े हैं लेकिन रोडवेज बस नहीं मिल रही है।

### भाकियू की बैठक में हुई समस्याओं पर चर्चा

**संभल, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस के कार्यकर्ताओं ने रविवार को जिला संरक्षक राजवीर सिंह की अध्यक्षता में संभल विकासखंड क्षेत्र के गांव चमरौआ में बैठक का आयोजन किया। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अधाना, राष्ट्रीय संरक्षक प्रोफेसर विनोद नागर व युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा और क्षेत्र के दर्जनों किसान शामिल हुए। युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बैठक में किसानों की समस्याओं से जुड़े मुद्दों को उठाया और उनके समाधान कराने की बात कही। संगठन को मजबूत करने के लिए बैठक में नए नए कार्यकर्ता बनाने पर बल दिया गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी, सरदार गुरु वचन सिंह, सुभाष चाहल, छोटे सिंह, दिनेश शर्मा, सुशील राठी, बिट्टन शर्मा, राहुल भाटी, अनमोल कुमार, कन्हैया कुमार, मुनेंद्र चौधरी, अरुण चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, नानक कश्यप आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप




महिला डॉक्टर के हत्यारों पर कार्रवाई की मांग उठाते संगठन के लोग।

### महिला डॉक्टर के दोषियों को दी जाए फांसी की सजा

**संभल, अमृत विचार :** मानव विकास जनसेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुई घटना को लेकर गुस्सा जाहिर किया। कार्यकर्ताओं ने दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग उठाई। रविवार को समिति के कार्यकर्ता शंकर इंटर कॉलेज चौराहा पर पहुंचे। हाथों में नारे लिखे पोस्टर लेकर घटना पर गुस्से का इजहार किया। कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए और अंकुश लगाना चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। डॉ.मुहम्मद नाजिम ने कहा कि सरकार को कड़े कदम उठाकर दोषियों को फांसी की सजा दिलानी चाहिए। कानून व्यवस्था का चरमरा जाना दुख का विषय है। इस दौरान रविराज चाहल, सफदर अल्वी, यासीन अंसारी, नवाब साद आदिल, रहमान इंजीनियर, साकिब एडवोकेट, महावीर सिंह यादव, डॉ.मोहम्मद शावेज, डॉ.सलमान मसूद, मोहसिन अली, मोहम्मद अनवर सैफी, डॉ.मोहम्मद अजमी, चौधरी वसीम एडवोकेट आदि रहे।

### आरोग्य मेले में 3191 मरीजों का हुआ निःशुल्क उपचार

**संभल, अमृत विचार :** जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 3191 मरीजों का निःशुल्क उपचार हुआ। 133 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मेले में 38 चिकित्सकों और 125 पैरामेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। 1271 पुरुषों, 1104 महिलाओं और 816 बच्चों का निःशुल्क उपचार किया। आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 133 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श और सामग्री के लिए अलग से काउंटर की व्यवस्था रही। आयुष विभाग के चिकित्सकों ने सहयोग किया। जिलाधिकारी के निर्देश पर आशाओं ने सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया। मेले का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.तरन्नुम रजा और अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

### निराश्रित गोवंशीय पशुओं को डीएम ने कराया संरक्षित

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई की सड़कों पर निराश्रित गोवंश देखकर डीएम ने निराश्रित गोवंशीय पशुओं को गोशाला भिजवाया। वहीं डीएम ने गोवंशीय पशु सड़कों पर न मिलें इसको लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। डीएम राजेंद्र पैंसिया बहजोई संभल मार्ग से निकल रहे थे। उन्होंने सड़कों पर निराश्रित गोवंशीय पशु देखे तो गाड़ी रुकवाई और नगर पालिका परिषद व विकासखंड के अधिकारियों को निर्देश दिए। डीएम के निर्देश के बाद आनन फानन में अधिकारियों ने निराश्रित गोवंश पशुओं को गोशाला भेजा। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए की सड़कों पर गोवंश पशु देखने नहीं चाहिए। इन्हें अभियान चलाकर गोशालाओं में भेजा जाए। अगर आगे से सड़कों पर गोवंश पशु मिले तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### चेहल्लुम पर निकला ताजियों का जुलूस

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव ओबरी में मुस्लिमों ने इमाम हुसैन की यौम-ए-शहादत के 40वें दिन चेहल्लुम के मौके पर ताजियों का जुलूस निकाला। जुलूस इमामबाड़ों से गांव ओबरी में चेहल्लुम के मौके पर रविवार को देररात लोगों ने ताजियों का जुलूस निकाला। ताजियों का मुख्य जुलूस सोमवार को दोपहर बाद इमामबाड़ों से निकलकर गांव मुख्य रास्तों से होता हुआ करबला पहुंचेगा। क्षेत्र के अलावा अन्य जनपदों से आने वाले लोग इमामबाड़ों पर ही ताजियों की जियारत करेंगे। निर्धारित ऊंचाई वाले ताजियों को जुलूस में शामिल किया जाएगा।



चेहल्लुम पर सजाया गया ताजिया।

### श्री रामलीला कमेटी के संजय अध्यक्ष, अनुराग बने प्रबंधक

**संभल, अमृत विचार :** नगर हिंदू सभा की बैठक में श्री रामलीला कमेटी के संजय गुप्ता पोली अध्यक्ष और अनुराग गुप्ता प्रबंधक बनाए गए। बैठक में सभी कार्य हर्षोल्लास से कराने की बात कही गई। नगर हिंदू सभा की बैठक कुरुक्षेत्र तीर्थ मंदिर के सत्संग भवन में हुई। सभा के अध्यक्ष कमलकांत तिवारी ने नगर में श्रीराम लीला, शोभायात्रा और त्योहारों को लेकर चर्चा की। परपंरानुसार सभी कार्य भव्यता, सुन्दरता के साथ शांतिपूर्ण माहौल में करने की बात कही। सभा के महामंत्री शोभित गुप्ता ने इस वर्ष श्रीराम लीला कमेटी संभल के अध्यक्ष पद के लिए संजय गुप्ता पोली और प्रबंधक पद के लिए अनुराग गुप्ता को मनोनीत करने की घोषणा की। इस तरह संजय गुप्ता पोली लगातार छठी बार कमेटी के अध्यक्ष बनाए गए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे विष्णु सरन रस्तोगी ने कहा कि अध्यक्ष और प्रबंधक सुन्दर कार्यकारिणी का गठन करके श्रीराम लीला के सभी कार्य हर्षोल्लास से करेंगे। बैठक में डॉ.यूसी सक्सेना, डॉ.अरविंद गुप्ता, राजेश सिंघल, विनय गुप्ता, दीपक गुप्ता, राहुल शर्मा, शोभित शास्त्री, अभिषेक शर्मा, राजकुमार शर्मा, अनुज शर्मा आदि रहे। संचालन पूरन त्यागी ने किया।

### भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर बैठक

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के पंवासा मंडल के कार्यकर्ताओं ने रविवार को श्रीमती मनोरमा राघव आदर्श इंटर कालेज में एक अक्टूबर से शुरु हो रहे सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आयोजित की। मंडल सदस्यता प्रमुख श्याम राघव व उनके सहयोगी के रुप में और मंडल के 16 शक्ति केंद्रों पर एक एक सदस्यता सहयोगी को जिम्मेदारी सौंपी। पूर्व विधायक भारत सिंह यादव ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष अभयपाल सिंह राघव, संचालन मंडल अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने किया।

# ब्रेकर पर उछलकर गिरी बाइक बहनोई की मौत, साला घायल

संवाददाता, संभल

- बरेली जिले में मनोना धाम से बाबा खाटू श्याम के दर्शन कर आ रहे थे

**अमृत विचार:** बरेली जिले में मनोना धाम से बाबा खाटू श्याम के दर्शन कर आ रहे संभल जिले निवासी साले बहनोई की तेज रफ्तार बाइक स्पीड ब्रेकर पर उछलकर सड़क पर गिर गई। इस हादसे में बहनोई की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मृतक का साला गंभीर घायल हो गया।



रवि कश्यप की फाइल फोटो।

हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर उतमा निवासी रवि कश्यप 27 वर्ष अपने दो भाइयों के लोगों के साथ दिल्ली में रहकर फास्ट फूड का ठेला लगाता था। शनिवार को रवि कश्यप बहजोई थाना क्षेत्र के गांव सिंहपुर थरैसा निवासी साले सोनू के साथ बाइक से बरेली जिले में स्थित मनोना धाम मंदिर में बाबा खाटू श्याम के दर्शन करने गया था। देर रात वापस लौटते समय आंवला के पास ब्रेकर पर उछलकर बाइक सड़क पर गिर गई। जिसमें रवि कश्यप की मौके पर ही मौत हो गई और इस हादसे में सोनू गंभीर रुप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए घायल सोनू को सरकारी अस्पताल भिजवाया और परिजनों को हादसे की सूचना देकर रवि कश्यप का शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### ई रिक्शा में ट्रक ने मारी टक्कर, 6 लोग घायल

**बहजोई, अमृत विचार:** गंगा स्नान कर घर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं के ई-रिक्शा में ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें आधा दर्जन श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

थाना धनारी के गांव पीपल वाला निवासी भूपेंद्र पुत्र खजान सिंह, कुंती पत्नी भूपेंद्र, भूदेव पत्नी खजान सिंह, कंचन पुत्री खजान सिंह, गंगा देवी पुत्री नानकराम व अंशु पुत्री हेमचंद्र राजघाट गंगा तट से स्नान करके ई रिक्शा में सवार हुए थे। जैसे ही वह बहजोई बबराला मार्ग पर गांव उधरनपुर के निकट पहुंचे तो ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। श्रद्धालुओं को घायल होता देख मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस में घायलों को बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# लखपति दीदी अन्य महिलाओं के लिए बनें प्रेरणा स्त्रोत : डीएम

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत डीएम ने जनपद में 406 से समूह को रिवाल्विंग फंड एवं 601 समूह को सीआईएफ का वितरण किया। वहीं लखपति महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महाराष्ट्र के जलगांव से लखपति दीदी सम्मान समारोह का सभी अधिकारियों ने लाइव प्रसारण देखा। डीएम राजेंद्र पैंसिया कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली लखपति दीदियों के समूह को रिवाल्विंग फंड एवं सीआईएफ भी वितरण किया। महिलाओं ने डीएम के सामने अपने अनुभव साझा किये। डीएम ने कहा कि आप लखपति महिला अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। समूह की प्रत्येक महिला किसी न किसी आजीविका गतिविधि से आवश्यक रूप से जुड़े। उन्होंने कहा कि सरकारी दफ्तर में समूह के उत्पाद जैसे श्रीअन्न प्रोडक्ट, फाइल, स्टेशनरी सामग्री का किया जाए। जिससे समूह की आजीविका बड़े। इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह, जिला मिशन प्रबंधक व ब्लॉक मिशन प्रबंधक आदि मौजूद रहे।



लखपति दीदी को प्रमाणपत्र देते डीएम राजेंद्र पैंसिया। ● अमृत विचार

## आयोजन

### मोमबत्ती जलाकर कोलकाता की महिला डॉक्टर को दी गई श्रद्धांजलि

# महिलाओं की सुरक्षा को कानून व्यवस्था सख्त हो

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भारत विकास परिषद संभल शाखा की ओर से शहीद भगत सिंह पार्क में कोलकाता की महिला डॉक्टर को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखा। घटना के आरोपियों को जल्द ही फांसी की सजा देने की मांग उठाई।

संगठन की सचिव मुदिता गुप्ता ने कहा कि सरकार से मांग है कि ऐसी निर्मम घटना करने वालों को सजा ए मौत दी जाए। भाजपा सभासद एवं जिला योजना समिति सदस्य चंचल सनी गुप्ता ने कहा कि ऐसे दरिंदों को ऐसी सजा दी जानी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी ऐसा जघन्य अपराध करने की सोच भी न सके। प्रीति देवल ने कोलकाता में हुई घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। कहा कि बहुत सख्त कानून व्यवस्था की जरूरत है ताकि महिलाएं सुरक्षित रहें। इस दौरान अध्यक्ष अजय रस्तोगी, उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता, महिला संयोजिका मंजू रस्तोगी, उमेश गर्ग, रवि अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, मुकेश रस्तोगी, आलोक गुप्ता, संजय देवल, महिमा अग्रवाल, पारुल रस्तोगी, अनुप्रिया अग्रवाल, गौरव अग्रवाल आदि रहे।



महिला डॉक्टर को श्रद्धांजलि देतीं संगठन से जुड़ी महिलाएं।



महिला डाक्टर को श्रद्धांजलि देते बच्चे। ● अमृत विचार

### कोलकाता की महिला डॉक्टर को श्रद्धांजलि देकर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**संभल, अमृत विचार :** फ्लाइंग जॉन इंटरनेशनल एकेडमी के हेड कोच मोहम्मद ताजवर के नेतृत्व में बच्चे शंकर कॉलेज चौराहा पर पहुंचे और कोलकाता की महिला डॉक्टर को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। डेमो के जरिये महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। बेटियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। इस दौरान आतिया आमिल, कशिश कासिम, अस्मा आमिल, हरीम हारिस, मरियम फातिमा, अनाया फातिमा, अरफा हिलाल, याहया, हारिस, मोहम्मद जियान कोच फरदीन, ख्वाजा मोहम्मद फहीम आदि रहे।

# बाइक को टक्कर मार ट्रक से भिड़ी ट्रैक्टर ट्राली, 6 घायल

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** संभल हसनपुर मार्ग पर मुहल्ला फतेहउल्ला सराय में आगे चल रही बाइक में टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर ट्राली सामने से आ रहे ट्रक में भिड़ गई। इस हादसे में बाइक सवार दंपति व बालक सहित छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने क्रेन व जेसीबी की मदद से वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारू कराया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला कबीर की सराय निवासी कदीर रविवार की शाम साढ़े पांच बजे बाइक पर सवार होकर पत्नी सना व आठ वर्षीय बेटे अब्दुल के साथ नखासा थाना क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय में स्थित ससुराल से आ रहा था। संभल हसनपुर मार्ग पर मुहल्ला फतेहउल्ला सराय में पीछे से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे कदीर, सना व अब्दुल सड़क किनारे गिरकर घायल हो गए और कदीर की बाइक ट्राली के पहिये के नीचे आ गई। हादसे के बाद चालक का ट्रैक्टर ट्राली से नियंत्रण हट गया और अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ गई। जिसमें ट्रक चालक मुहल्ला हिंदूपुरा खेड़ा निवासी मोहम्मद कमाल व ट्रैक्टर चालक जुबैर और सीट पर बैठा महराज घायल हो गया।

हादसे के बाद मौके पर इकठ्ठा हुई भीड़ ने घायल कदीर, सना, अब्दुल, महराज व जुबैर को उपचार के लिए पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि मोहम्मद कमाल को संभल चंदौसी मार्ग पर स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर मोहम्मद कदीर को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## एक नजर

### कल सात घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग द्वारा हनुमानगढ़ी उपकेंद्र पर रथयात्रा मार्ग के तारों को दुरुस्त किया जाएगा। विद्युत विभाग के एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि हनुमानगढ़ी उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्र राज मोहल्ला, बूढ़ी माता, इमामबाड़ा, कच्चा कटरा, पक्का कटरा, विजय लक्ष्मी टाकीज, रामबाग रोड, गुल डेहरा रोड, मोती मोहल्ला, डहरिया मोहल्ला, मारवाड़ी मोहल्ला, सीता रोड, मनिहार चौक, आशीष गार्डन, देवरखेड़ा आदि की विद्युत आपूर्ति मंगलवार की सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी।

### नकब लगाकर चोरों ने नकदी व जेवर चुराए

**असमोली, अमृत विचार :** गांव गोजनी निवासी बबलू का मकान गांव के बाहरी छोर पर है। शनिवार की रात बब्लू पत्नी व बच्चों के साथ घर के बरामदे में चारपाई पर सो रहा था। देर रात चोर दीवार में नकब लगाकर घर में घुस गए और कमरे में रखी छह सौ रुपये की नकदी, सोने व चांदी के जेवर चोरी कर भाग गए।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में जीनियस गर्ल्स स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया

# राधाकृष्ण स्वरुप में सजी बालिकाओं ने प्रस्तुतियों से मनमोहा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में जीनियस गर्ल्स स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राधाकृष्ण स्वरुप में सजी छात्राओं ने मंच पर मनभावन प्रेरणादायक प्रस्तुतियां देकर द्वापर युग की याद दिला दी। मुस्लिम छात्राओं ने भी राधा कृष्ण की वेशभूषा धारण कर सबका उत्साहवर्धन कर भारतीयता का संदेश दिया।

लघु नाटिकाओं में सभी बालिकाएं श्रीकृष्ण, राधा रानी और गोपीकाओं की भूमिकाओं में आकर्षण की छटा बिखेरती रहीं।

राधिया और दानिया महबूब खान ने राधाकृष्ण स्वरुप में नृत्य की प्रस्तुति से मनमोह लिया।

इस अवसर पर ट्रस्टी शोभा वार्ष्णेय ने बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। कोऑर्डिनेटर इंचार्ज सारिका एवं उप प्रधानाचार्य महिमा ने स्कूल द्वारा भारतीय संस्कार युक्त शिक्षा को समय के अनुकूल बताया। इस अवसर पर सभी अध्यापिकाओं के साथ छात्रा भूमि, अक्षिता, पूर्वी, आरोही, अनन्या, अम्बे, अनुभूति, अनिका, आयुषी, ऐश्वर्य, अर्पिता, वंशिका आदि की भूमिका सराहनीय रही।



चन्दौसी के जीनियस गर्ल्स स्कूल में राधाकृष्ण स्वरुप में सजे बच्चे व मौजूद शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार


राधाकृष्ण का स्वरुप धारण किए बच्चे।

### लड्डू गोपाल की मूर्ति और पोशाक की हुई खरीदारी

**संभल, अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार मनाने की तैयारी हो रही हैं। बाजारों में श्रीकृष्ण–राधा की मूर्ति, पोशाक और अन्य सामग्री से दुकानें सजी हैं, श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी की। रात तक श्रद्धालु सामग्री खरीदते रहे। मंदिरों को श्रीकृष्ण की झांकी व बिजली के रंगीन बल्बों से सजाया गया है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार मनाने को लेकर जहां मंदिरों में तैयारी की गई है, वहीं श्रीकृष्ण, राधा की मूर्ति, झूले, बांसुरी, पोशाक, टोपी समेत अन्य सामग्री पुरानी तहसील रोड पर कई दुकानों पर उपलब्ध रही तो शहर के अन्य हिस्सों में भी दुकानें सजी रहीं। कई लोग ठेलों पर गली मुहल्लों में सामग्री बेच रहे हैं। हयातनगर और सरायतरीन में भी लोग खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस बार ठीक–ठाक बिक्री हुई। संभल के अलावा असमोली, सिरसी, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने की तैयारी पूरी कर ली गई हैं।

# चार घरों से दो लाख का माल ले गए चोर

## थाना बनियाठेर के गांव आटा में कूमल लगा व ताले तोड़कर दिया वारदातों को अंजाम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव आटा में चोरों ने चार घरों को निशाना बनाया। चोर चार घरों से नकदी, जेवर सहित दो लाख रुपये का माल बटोर ले गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच जानकारी की। घटना की तहरीर थाने में दी गई है। एक रात में चार-चार घरों में चोरी की घटना से ग्रामीणों में चिंता व्याप्त है।

गांव आटा निवासी गोपाल वाहन (छोटा हाथी) चलाता है। शनिवार की रात गोपाल अपनी पत्नी नन्तेश व तीन बच्चों के साथ आंगन में सोया हुआ था। रात में किसी समय चोर मकान की दीवार में कूमल लगा कर अंदर घुस गए और अंदर से कमरे की कुंडी लगाकर संदूक खंगाल डाले।

रात तीन बजे खाटू श्याम मंदिर जाने के लिए पड़ोस में रहने वाली नन्तेश की जेठानी आई। जेठानी की आवाज सुनकर नन्तेश उठी और तैयार होने पर कमरा खोला तो अंदर से कुंडी लगी थी। इसकी महिला ने अपने पति को जानकारी दी और शोर मचाना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में ग्रामीण भी गोपाल के घर पहुंच गए। देखा तो मकान के मुख्य द्वार की कुंडी बाहर से लगी थी। ग्रामीण कुंडी खोल कर अंदर गए। घर के बाहर जाकर देखा कि दीवार में कूमल लगा था। कमरे में सामान बिखरा था। महिला ने बताया कि चोर उसके घर से जेवर व नकदी सहित डेढ़ लाख रुपये का सामान ले गए।

इसके अलावा चोर गांव के मोहम्मद वक्शली पुत्र हुसैन शाह के बंद मकान का ताला तोड़ अंदर घुस गए। चोर मकान से क्या ले गए इसकी जानकारी नहीं हो सकी। क्योंकि परिवार पंजाब में रहकर मजदूरी करता है। चोरों ने गांव के महेश पुत्र संतोष के मकान के ताले तोड़ लिए। जबकि महेश गांव में ही दूसरे मकान में रहता है। चोर उसके घर से बर्तन व अन्य सामान ले गए। वहीं गांव दाताराम पुत्र नारायन के बंद मकान के ताले भी चोरों ने तोड़ लिए।

दाताराम की पत्नी मोरश्री अपनी पुत्री के घर थाना बिसौली के गांव भटपुरा गई थी। चोर महिला के घर से बर्तन चोरी कर ले गए। कुल मिलाकर चोर चारों घरों से दो लाख रुपये का सामान समेट ले गए। घटना की सूचना मिलने पर रात में ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से जानकारी की। घटना की तहरीर थाना बनियाठेर में दी गई है।


चोरों द्वारा लगाया गया कूमल दिखाता पीड़ित। ● अमृत विचार


चोरों द्वारा तोड़ा गया ताला दिखाती पीड़ित महिला। ● अमृत विचार

● चार घरों में चोरी की घटना से ग्रामीण चिंतित

# अलीगढ़-बरेली पैसेंजर में नशीला बिस्कुट खिला कर यात्री को लूटा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** रविवार को अलीगढ़-बरेली पैसेंजर में तीन लुटेरों ने यात्री को नशीला बिस्कुट खिला कर लूट लिया। नगदी व मोबाइल समेत कपड़ों का बैग ले गए। सूचना पर जीआरपी ने मौके पर पहुंच बेहोशी की हालत में युवक को सीएचसी में भर्ती कराया।

जनपद अलीगढ़ के थाना अतरौली के गांव खीड़िया बहादुर गढ़ी निवासी प्रमोद शर्मा पुत्र जगदीश प्रसाद रविवार की दोपहर 12 बजे अलीगढ़ रेलवे स्टेशन से अलीगढ़-बरेली में सवार हुआ। उसे आंवला रेलवे स्टेशन पर उतरकर मनोना धाम जाना था। ट्रेन चलने के कुछ समय बाद तीन युवक उसके पास पहुंचे और बिस्कुट खाने को दिया। बिस्कुट खाने के बाद प्रमोद शर्मा को बेहोशी छाने लगी और कुछ ही देर में वह बेहोश हो गया। अलीगढ़-धर्मपुर रेलवे स्टेशन बीच घटना को अंजाम देकर तीनों युवक फरार हो गए। शाम चार बजे ट्रेन चन्दौसी रेलवे स्टेशन पर पहुंची। कुछ यात्रियों ने जीआरपी को सूचना दी कि एक युवक बेहोशी की हालत में है। जीआरपी सिपाही पहुंचे और युवक को नीचे उतार लिया। इसके बाद उसे सीएसची में उपचार के लिए भर्ती कराया। रात आठ बजे युवक को होश आने पर घटना की जानकारी हो सकी। जीआरपी युवक के परिजनों से संपर्क कर रही है।


जहरखुरान के शिकार यात्री से पूछताछ करती जीआरपी।

## सार संक्षेप

### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मनमोहा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जा रहे है। रविवार को दस वर्ष तक के बच्चों ने भगवान के स्वरूप में सज–धज कर धार्मिक गीतों पर नृत्य किया। बच्चों की प्रस्तुतियों पर जमकर तालियां बजीं। देर रात तक कार्यक्रम चलता रहा।

कागजी मोहल्ला स्थित श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर रविवार की रात बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दस वर्ष के 37 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। रात 12 बजे तक कार्यक्रम जारी बना रहा। इस अवसर पर सतीश अरोरा, अशोक शर्मा, चरनजीत आहूजा, मंदिर प्रधान आकाश आहूजा, राम खत्री, पारस बजाज, शक्ति कोहली, अभिषेक सक्सेना, आशु खुराना, बिट्टू अदलक्खा, राजू कालड़ा, राकेश दुआ, मोनू खुराना आदि मौजूद रहे।


भंडारे में प्रसाद वितरण करते अग्रवाल सभा के सदस्य। ● अमृत विचार

### अग्रवाल सभा ने कराया भंडारा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अग्रवाल सभा नगर इकाई की ओर से रविवार को बिसौली गेट स्थित हैप्पी बाबू के प्रतिष्ठान पर 49वें भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में राहगीरों को पूड़ी–सब्जी आदि का वितरण किया गया। सभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल गोगी ने बताया इस भंडारे का आयोजन समाज के सहयोग से किया जाता है तथा समाज इस आयोजन में अपना भरपूर सहयोग और समर्थन देता है। आज इस भंडारे का एक वर्ष पूर्ण हो चुका है और हम द्वितीय वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। मंत्री प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि भंडारे का आयोजन गरीबों की सहातार्थ किया जाता है। इस अवसर पर कृष्ण गोपाल मंगलम, प्रदीप कसेरे, पवन कुमार, सोनी रंग वाले, सोनू टेंट, विपिन चीनी वाले, मुनीश उत्तम मिल, अनिल गोयल, मोंटू सराफ, पंकज सराफ, अर्चित अग्रवाल, प्रदीप सिंघानिया, अंकुर भूषण अग्रवाल, जिवेन्द्र कुमार जीवो, विनय कुमार मोनू आदि उपस्थित रहे।


जिला सैनी शाक्य मौर्य कुशवाहा सभा की बैठक के बाद एकत्र पदाधिकारी।

### समाज को कुरीतियों से बचाकर बच्चों को दें अच्छी शिक्षा

**बबराला, अमृत विचार :** दीनानाथ अग्रवाल मेमोरियल इंटर कॉलेज गुन्नौर में जिला सैनी शाक्य मौर्य कुशवाहा सभा संभल की बैठक डॉ. चंद्रपाल कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सुरेश सैनी रहे। बैठक में 22 सितंबर को चंदौसी में होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। लोगों से बच्चों तथा खुद को नशा एवं धूम्रपान से दूर रहने की अपील की गई। कहा कि बच्चों को पढ़ाएंगे, तभी समाज आगे बढ़ेगा और हम आगे बढ़ेंगे। बैठक में चंद्रपाल कुशवाहा दानवीर कुशवाहा, कोमिल, रामवीर सिंह, सत्यपाल मौर्य, रितेश कुशवाहा, लाइक राम कुशवाहा, राम सिंह कुशवाहा, वेदराम सैनी, जोगिंद्र कुशवाहा, ओमकार शाक्य, जेपी कुशवाहा, ऋषिपाल कुशवाहा, मनवीर, राजाराम, जितेंद्र कुशवाहा, वीरपाल कुशवाहा आदि रहे। संचालन दानवीर कुशवाहा ने किया।

### मेला ग्राउंड में किया गया दुकान व स्टालों का आवंटन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गणेश चतुर्थी मेले को लेकर रविवार को मेला ग्राउंड में दुकानों व स्टालों का आवंटन मेला समिति के पदाधिकारियों ने किया। 350 दुकानों में से 322 दुकानों का आवंटन किया गया। दूरदराज से लोगों ने पहुंच दुकानें आवंटित कराईं। रविवार की सुबह 11 बजे गणेश मेला ग्राउंड पर बाहर से आए दुकानदारों को दुकान व स्टालों का आवंटन किया गया। मेला इंचार्ज रविंद्र गुप्ता ने बताया कि मेला ग्राउंड में दुकानों व स्टालों को 10 ब्लाकों में बांटा गया है। मेला ग्राउंड में 350 दुकानें हैं, जिसमें देर शाम तक 322 दुकानों का आवंटन न्यूनतम मूल्य पर किया गया। इस बार मेले में राजस्थानी कपड़ा, जूती, पिज्जा हट आदि के विशेष स्टॉल लगेंगे। मेले के खेल गांव में फिश एक्वेरियम व टॉवर नामक झूला लगाया जा रहा है। प्रशासन के अनुसार दुकानदारों से शपथ पत्र जमा कराए गए हैं। जिसमें प्रत्येक दुकानदार को अग्नि अवरोधक नियंत्रक रखना आवश्यक होगा। मेले में प्लास्टिक व डिस्पोजल पूर्णत वर्जित रहेगा। मेले के दुकानदार कूड़ा कूड़ादान में डालेंगे, अपनी दुकानों के आगे सफाई रखेंगे। इस अवसर पर मेला परिषद के मुख्य सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविंद्र कुमार, मनोज कुमार, डॉ. राजीव गुप्ता, वरदान गुप्ता, प्रजीत कुमार, मेजर शशिकांत गुप्ता, प्रभात कृष्णा, सतेंद्र मामा, शुभम अग्रवाल, मुकेश कुमार, लोकेंद्र शर्मा, संजय कुमार, अभिषेक गुप्ता, डॉ. शेखर वार्ष्णेय, प्रमोद कुमार, आशुतोष वार्ष्णेय, मित्रक्ष प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### जरा इतना बता दे कान्हा...

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से सीएचसी स्थित महामृत्युंजय मंदिर परिसर में संगीतमय श्री सुंदर कांड का पाठ किया गया। सर्वप्रथम पंडित योगेंद्र प्रसाद जोशी ने सभी देवी देवताओं का विधि विधान से पूजन कराया। इसके उपरांत केजी शर्मा, राजेश शंखधार, जेएन मिश्रा, वाईके शर्मा, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, कल्पना वार्ष्णेय, सुरेश चंद्र शर्मा ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने जरा इतना बता दे कान्हा, तेरा रंग काला क्यों, अजय सक्सेना ने मोहन से दिल क्यूं लगाया है, ये मैं जानू या वो जाने आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। संजीव शर्मा, राकेश चौबे, टीसी शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा, जयपाल सिंह, सूरज पाराशरी, सुमित पाराशरी, मनोज शर्मा, अवनेश शर्मा, एमसी दुबे, परमेश शर्मा आदि मौजूद रहे।


कस्बा नरौली में कबड्डी प्रतियोगिता का आरंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

# कबड्डी में मंशा देवी मोहल्ले की टीम जीती

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** नगर पंचायत नरौली के भाटिया वाले ग्राउंड पर रविवार को राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कस्बा नरौली के विभिन्न मोहल्लों की टीमों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का आरंभ कुंवर उपेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। बजरंगी व मंशा देवी की टीम के बीच हुए पहले राउंड में मंशा देवी की टीम ने 27 व बजरंगी टीम ने 19 प्वाइंट बनाए। 08 प्वाइंट की बढ़त लेकर मंशा देवी की टीम ने फाइनल में जगह बना ली। फाइनल मुकाबला मंशा देवी व मोहल्ला मकूपुरा के बीच खेला गया। मंशा देवी मोहल्ले की टीम ने 62 प्वाइंट व मकूपुरा ने 18 प्वाइंट बनाए। इस प्रकार मंशा देवी की टीम ने 44 प्वाइंट से फाइनल मुकाबला जीत कर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष अशोक त्रिवेदी व कस्बा चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह ने पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर कमल सैनी, दीपक कश्यप, टीटू सैनी, अजय दिवाकर, विक्की कश्यप, विशाल, बंटी, मोहन, दीपक आदि मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं ने कागज पर उकेरे प्रतिभा के रंग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

● श्री नारायण सेवा समिति की ओर से हनुमान गढ़ी स्कूल में हुई कला प्रतियोगिता

**अमृत विचार:** श्री नारायण सेवा समिति की ओर से हनुमानगढ़ी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित कला प्रतियोगिता में नगर क्षेत्र के 25 विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया और कागज पर कला उकेर कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 12 तक के 473 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। जिसमें 397 विद्यार्थियों ने ही परीक्षा दी। जबकि 76 प्रतिभागी अनुपस्थित रहे। संपूर्ण प्रतियोगिता चार वर्गों में संपन्न कराई गई। प्रथम वर्ग के प्रतियोगियों को खुला हुआ रंगीन छाता या पानी में तैरती बत्तख, द्वितीय वर्ग में माखन खाते बालकृष्ण या नदी, नाव, झोपड़ी, बादल, वर्षा, पेड़ आदि के संयोजन से दृश्य चित्र, तृतीय वर्ग में थीम के अनुसार क्लीन सिटी, ग्रीन सिटी या प्रदूषण हटाओ धरती बचाओ तथा चतुर्थ वर्ग में सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा या विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण का चित्र बनाकर उपयुक्त रंग भरने थे।

बच्चों ने चटक-चमकीले, स्केच, पेंसिल, स्पार्कल, ग्लिटर्स, सूखा व जल रंगों आदि का प्रयोग करके अपनी प्रतिभा के अनुसार आकर्षक चित्र उकेरे। मेजबान विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर हनुमानगढ़ी के अलावा सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, एएम वर्ल्ड, सेंट थॉमस, सिल्वर स्टोन, आरआरके, नवोदय विद्या मंदिर, रामप्यारी इंटर कॉलेज, ओपीजीएम, बाबूराम इंटर कॉलेज, राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर, जीके सिल्वर स्टोन, बीआर आंबेडकर जूनियर हाई स्कूल, नानक चंद आदर्श इंटर कॉलेज आदि के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सिम्मी रस्तोगी, मंजू, वंदना गर्ग, प्रभा राठौर, रेखा चक्रवर्ती, मुन्नी देवी, ललित गुप्ता, दीपांशी भारद्वाज, नरेश पाल यादव, आशा गोस्वामी, रोहिताश सिंह, प्रेम नारायण शर्मा, संगीता सक्सेना, क्षमा, मनोज वार्ष्णेय, डॉ. डीके अग्निहोत्री, ह्रदेश यादव, किरण, डॉ. जयशंकर दुबे व ओमेंद्र सिंह ने व्यवस्थाएं संभाली। सुभाष वार्ष्णेय सर्व व्यवस्था प्रमुख तथा डॉ. टीएस पाल केंद्र पर्यवेक्षक रहे। अन्य व्यवस्थाओं में अश्वनी सक्सेना, विपिन बालाजी, सूर्यजीत सिंह, जगदीश चौधरी, आशीष यादव, बृज गोपाल गुप्ता, आदेश शर्मा, अमिता सक्सेना रहे। केजी गुप्ता प्रतियोगिता प्रभारी तथा प्रतियोगिता का संयोजन हरीश कठेरिया ने किया।


चन्दौसी के हनुमानगढ़ी स्कूल में नारायण सेवा समिति की कला प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

**अनदेखी** घरों से आ रहे गंदे पानी की निकासी बाधित होने से है समस्या

# जलभराव की समस्या से जूझ रहे बनियाखेड़ा के ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव बनियाखेड़ा स्थित तालाब की भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। जिससे गांव के घरों से निकलने वाला गंदा पानी तालाब तक नहीं पहुंच पा रहा है। जिससे गांव की सड़कों पर जलभराव की समस्या से ग्रामीणों को जूझना पड़ रहा है। ऐसे में ग्रामीणों को बीमारियों का डर सता रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र समस्या समाधान की मांग की है।

गांव बनियाखेड़ा के तालाब की भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा करके अवैध निर्माण कर लिया है। जिससे गांव के घरों से निकलने वाला पानी व बरसात का पानी तालाब तक नहीं पहुंच पा रहा है। इससे गांव की गलियों में जलभराव की स्थिति बनी रहती है। आलम ये है कि सड़कों पर जलभराव के साथ कीचड़ फैली रहती है। महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों को आने जाने में काफी परेशानी होती है।

आए दिन लोग फिसल कर चोटिल हो जाते हैं। इतना ही नहीं कीचड़ से उठने वाली दुर्गन्ध से ग्रामीणों का घर के आंगन में भी बैठना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से ये समस्या चली आ रही है। कई बार ग्रामीण एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं। मगर समस्या का समाधान नहीं हो सका है। कुछ दिन पहले एसडीएम ने कार्य में लापरवाही बरतने पर गांव के लेखपाल अनिल कुमार भदोरिया की शिकायत डीएम से की थी। जिससे डीएम ने लेखपाल को निलंबित कर दिया था।


बनियाखेड़ा में सड़क पर फैली कीचड़ से गुजरती महिला।

● तालाब की भूमि पर कुछ लोगों ने कर लिया है अवैध कब्जा


घर के बाहर ही सड़क पर जलभराव के साथ गंदगी पसरी रहती है। जिससे फिसलन हो जाती है। आए दिन फिसल कर लोग चोटिल हो रहे हैं। -सोमवती


कीचड़ से उठने वाली दुर्गन्ध से घर के आंगन में बैठना मुश्किल हो जाता है। दिन में भी मच्छर खुले में नहीं बैठने देते। बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है। -शकुंतला


बारिश होने पर गलियों में जलभराव की स्थिति इस कदर खराब हो जाती है कि बच्चों को अकेले घर से निकलने नहीं दिया जाता। समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाए। -जगवती


पिछले दिनों तहसील की टीम तालाब से अवैध कब्जा हटवाने पहुंची थी। विरोध के चलते टीम वापस लौट गई। कब्जा हटवा कर समस्या का समाधान कराया जाए। -जगप्रसाद

### भाजपा की सदस्यता अभियान के बारे बताया

**चन्दौसी, अमृत विचार:** नरौली मंडल भाजपा की सदस्यता अभियान कार्यशाला की एक बैठक ग्राम अल्लीपुर बुजुर्ग उर्फ बड़ा गांव में हुई। मुख्य अतिथि डॉ. सुगंधा सिंह ब्लॉक प्रमुख बनियाखेड़ा, मनोज कठेरिया, अवधेश प्रताप सिंह जिला पंचायत सदस्य रहे। बैठक में एक सितंबर से आरंभ हो रहे सदस्यता अभियान के बारे बताया कि प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को कम से कम 200 सदस्य बनाने हैं। कार्यकर्ताओं से भाजपा की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा कर सदस्य बनाने पर जोर दिया। डॉ. सुगंधा सिंह ने सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हरवेश राघव ने की तथा संचालन मंडल महामंत्री ओमेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर मुकेश राघव, पवन राघव, माधवेन्द्र सिंह, चन्द्रवीर सिंह, बब्बू खां, नितिन कुमार, रामबाबू शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, लवकुश राघव, विनय कुमार, विनोद राघव, रोहित कुमार, प्रदीप चौहान, जीराजपुरी, आदि मौजूद रहे।

# जलनिगम के खिलाफ किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** नगर पालिका क्षेत्र में जलनिगम की पाइप लाइन में दूषित पानी आने से पीलिया जैसी बीमारी फैलनी शुरू हो गई है। नई पाइप लाइन में जगह-जगह लीकेज है। मोहल्ला मोती में पुरुष, महिलाएं व बच्चों सहित 30 से 32 लोग पीलिया से पीड़ित बताए जा रहे हैं। रविवार की सुबह लोगों ने जलनिगम के विरुद्ध नारेबाजी कर प्रदर्शन कर समस्या समाधान की मांग की।

दो माह से मोहल्ला मोती में दूषित पानी के पीने से लोग पीलिया का शिकार हो रहे हैं। दूषित पानी पीने से वर्तमान में गर्व, वैदिक, समृद्धि, अग्रिम आदि सहित दो दर्जन बच्चे पीलिया की चपेट में बताए जा रहे हैं जबकि एक दर्जन महिला-पुरुष भी चपेट में हैं। जिसका उपचार निजी अस्पताल में हो रहा है। ये समस्या शहर के कई हिस्सों में है। कई बार शिकायत के बाद भी जलनिगम द्वारा समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। रविवार को मोहल्ला मोती के लोगों का धैर्य जवाब दे गया। लोगों ने सड़कों पर उतरकर जलनिगम के विरुद्ध नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है कि दूषित पानी के सेवन से उनके परिवार के सदस्य पीलिया जैसी भयंकर बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। शिकायत के बाद जलनिगम द्वारा समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। प्रदर्शन करने वालों में देवेश नाथ वार्ष्णेय, अमित गुप्ता, शशिकांत गुप्ता, दिनेश कुमार, पवन शर्मा, आकाश गुप्ता, भास्कर गुप्ता, अनुपन वार्ष्णेय, राजकुमार, प्रतीक वार्ष्णेय, सोमिल वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।


चन्दौसी के मोहल्ला मोती में जलनिगम के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग।

नई पाइप लाइन में कहीं लीकेज है तो उसे ठीक कराया जाएगा। साथ ही पानी के सैंपल लेकर जांच कराई जाएगी। उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।
-अनुज, जेई जलकल विभाग, नगर पालिका, चन्दौसी

● जलनिगम की नई पाइप लाइन में लीकेज, टोंटियों में आ रहा दूषित पानी
● दूषित पानी आने से पीलिया जैसी बीमारी फैलनी शुरू हो गई है

एक नजर


दरगाह पर चादरपोशी करते विधायक महबूब अली व अन्य। ● अमृत विचार

## विधायक महबूब अली ने चादर पोशी की

**अमरोहा, अमृत विचार :** सदर विधायक महबूब अली ने हजरत बाबा फरीदी के उर्स के मौके पर चादर पोशी की। इस दौरान उन्होंने मुल्क में मिल्लत की सलामती के लिए दुआ की। रजबपुर में हजरत बाबा फरीदी का 550वां उर्स चल रहा है। यहां की मजार पूरे भारत में मशहूर है। जहां पर लाखों की तादात में हिंदू-मुस्लिम मुल्क के कोने-कोने से आते हैं तथा भाईचारे की मिसाल पेश करते हैं। उर्स के मौके पर जायरीन अपने दिल की मुराद पाते हैं। रविवार को सदर विधायक व पूर्व मंत्री महबूब अली एवं पूर्व एमएलसी परवेज अली ने चादर पोशी कर मुल्क की सलामती के लिए दुआ की।

# पेड़ से टकराई बाइक, युवक की मौत, साथी घायल

## पुलिस ने पूछताछ के लिए अंकुल को हिरासत में लिया

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में भूतखदेड़ी गांव के निकट देर रात बाइक से घर जा रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। जिससे युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रझोहा निवासी 23 वर्षीय विकास कुमार पुत्र भूकन सिंह दिल्ली की निजी कंपनी में मल्टी स्केल टेक्नीशियन के पद पर तैनात था। शनिवार देर रात वह अपने दूसरे साथी अंकुल के साथ बाइक से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक हसनपुर कोतवाली इलाके में भूतखदेड़ी गांव से 100 मीटर पहले पहुंची तो अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे 23 वर्षीय विकास कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका दूसरा साथी अंकुल दूर जा गिरा। परिजनों के मुताबिक अंकुल के द्वारा करीब एक घंटे के बाद परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस युवक को सीएचसी लाई। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने अंकुल को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। परिजनों ने बताया कि मृतक की शादी नौ जुलाई को देहरा मिलक निवासी मोनिका के साथ हुई थी। युवक दो भाइयों में बड़ा था। वह अपने पीछे मां, पत्नी मोनिका छोटे भाई आकाश तथा बहन सुहानी को छोड़ गया है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले में कार्रवाई की जाएगी।


मृतक विकास की फाइल फोटो।

## बाइक की टक्कर से पशु की मौत, बाइक चालक घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** शनिवार देर रात अलीगढ़ मार्ग पर हथियाखेड़ा गांव के निकट रहरा थाना क्षेत्र के गांव पतेई खादर निवासी दिलीप गजरौला थाना क्षेत्र के गांव तिगरी से बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही बाइक कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर हथिया खेड़ा गांव के निकट आई तभी सड़क पार कर रहे पशु से बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर से पशु की मौत हो गई और दिलीप घायल हो गया। हादसे की जानकारी पर ग्रामीणों ने घायल को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। घायल के मोबाइल से परिजनों को सूचना दी गई।


हादसे में घायल दिलीप।

## जहर खुरानी गिरोह का शिकार हुआ फौजी

**गजरौला, अमृत विचार :** रोडवेज बस में जहर खुरानी गिरोह ने फौजी को शिकार बना लिया। पीड़ित रविवार को हाईवे के किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर फौजी के परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए।

राजस्थान के सीकर जनपद के गांव नीमका निवासी भीम सिंह आर्मी में फायरमैन है। उनके चचेरे भाई बलवीर सिंह एयरफोर्स में थे। वह शहीद हो गए थे। परिवार वाले उनकी अस्थियां लेकर रविवार सुबह बृजघाट आए थे। भीम सिंह भी ड्यूटी से छुट्टी लेने के बाद सीधा बृजघाट पहुंचने वाले थे। जिसके चलते वह दिल्ली से रोडवेज बस से बैठकर बृजघाट आ रहे थे। परिवार वालों ने बृजघाट पहुंचकर भीम सिंह को फोन करने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं हो सकी। बस में रखा भीम सिंह का बैग रोडवेज डिपो में पहुंच गया। परिजनों ने फोन किया तो फोन भीम सिंह के बैग में मिला। वहां कंडक्टर ने मामले की जानकारी दी। जिसके बाद खोजने पर हाईवे के किनारे स्थित झाड़ियों में बेहोशी की हालत में भीम सिंह मिले। परिवार के नरपत सिंह, समर सिंह, गजानंद सिंह, दीपक सिंह, सुमन कंवर, प्रीति कंवर, विजेता कंवर आदि ने बताया कि भीम सिंह को सीएचसी में भर्ती कराया है।

# मैं समन्दर हूं नदी के पास जाना चाहता हूं...

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था मधुरम के तत्वावधान में काव्य गोष्ठी व साहित्यिक परिचर्चा हुई। जिसमें साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भावनाओं से ओतप्रोत कर दिया।

रविवार को हाईवे स्थित होटल में कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलन और वंदना से हुआ। कार्यक्रम में दिल्ली से आए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अशोक ने पढ़ा, मैं समन्दर हूं नदी के पास जाना चाहता हूं, नीर खारा है उसे मीठा बनाना चाहता हूं। रीत उल्टी है कहेंगे लोग ये मुझको पता है, मैं मुहब्बत का मगर नवगीत गाना चाहता हूं। दिल्ली से पधारीं कवयित्री डॉ. रमा सिंह ने कहा कि रेत के घर तपी है खामोशी, यूं भी जिंदा जली है खामोशी, इसके जज्बात पढ़ सको तो पढ़ो, आंसुओ में ढली है खामोशी। संस्था अध्यक्षा डॉ. मधु चतुर्वेदी ने पढ़ा कि उम्र भर हमने ऐसे कसाले जिये, तम निगलते रहे और उजाले दिये। प्यास में अश्रुओं का रसायन मिला, तृप्ति के घर तुम्हारे हवाले किये। शायर मासूम गाजियाबादी ने कहा कि चले जाते हैं जब बच्चे कभी स्कूल की जानिब, ख्याल आते तो हैं लेकिन बहुत अच्छे नहीं आते। कि उतनी देर तक चेहरे पे रौनक भी नहीं आती कि जितनी देर तक स्कूल से बच्चे नहीं आते। मुरादाबाद से आए गीतकार योगेन्द्र व्योम ने पढ़ा कि मिल जुलकर हम तुम चलो, ऐसा करें उपाय। अपने की लघुकथा, उपन्यास बन जाये। पहले मन में झांक फिर, बस पलभर को सोच, संबंधों के पांव में, आई कैसे मोच। मुरादाबाद की कवयित्री डॉ. पूनम बंसल ने कहा कि भक्ति से थी सजी जिंदगी जी गई, प्रीत की ओढ़नी दर्द से सी गई। छोड़कर मोह को देख जोगन बनी, कृष्ण की बाबरी वो गरल पी गई। संस्था महासचिव व पत्रकार चेतन आनंद ने भी काव्यपाठ करते हुए पढ़ा कि यूं भी हुए तमाशे सौ, पाया एक तलाशे सौ। जब भी उनका नाम लिया, मुंह में घुले बताशे सौ। गढ़मुक्तेश्वर के कवि राजकुमार हिंदुस्तानी, दिल्ली से आए कवि रत्नेश अवस्थी रत्न ने रचनाएं प्रस्तुत करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। संचालन बरेली से आए के कवि डॉ. राहुल अवस्थी ने किया। संरक्षक व श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है। साहित्यकार अपने शब्दों को भावों से भरकर श्रोताओं व पाठकों के हृदय तक पहुंचने का कार्य करते हैं। समापन पर संरक्षक व अध्यक्ष ने साहित्यकारों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।



कार्यक्रम में मौजूद साहित्यकार व अन्य। ● अमृत विचार


मातमी जुलूस निकालते लोग। ● अमृत विचार


जुलूस में करतब दिखाता युवक। ● अमृत विचार

# चेहल्लुम पर मातमी जुलूस निकाला

- मुख्य मार्गों से निकाला जुलूस, युवकों ने दिखाए करतब
- सुरक्षा में पुलिस रही तैनात

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में चेहल्लुम का मातमी जुलूस परंपरागत ढंग से निकाला गया। चेहल्लुम के जुलूस में शिया समाज के लोग मातम करते हुए चल रहे थे। जुलूस के आगे सुरक्षा के लिए से पुलिसकर्मी तैनात रहे।

रविवार शाम को चेहल्लुम का जुलूस मोहल्ला काला शहीद स्थित शिया मस्जिद से जुलजुना, अलम और ताजिये के साथ शुरू हुआ जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर शिया मस्जिद पर जाकर संपन्न हुआ।

जुलूस में शिया समाज के लोग मातम करते हुए हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों को याद करते हुए चल रहे थे। शिया मस्जिद के इमाम सैयद केसर हुसैन ने बताया कि हजरत इमाम हुसैन में सच्चाई के लिए अपने परिवार और अपने साथियों के साथ खुद को शहीद कर दिया था। लेकिन जुल्मी शासन की अधीनता कबूल नहीं की। चेहल्लुम के जुलूस में कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह एवं कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार पुलिस बल के साथ सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद रहे। चेहल्लुम जुलूस में शिया मस्जिद के इमाम सैयद कैसर हुसैन, अकील पहलवान, रिजवान, बब्बू केसर, तौफीक, इमरान, नवेद आदि लोग मौजूद रहे।

## बिजली का करंट लगने से दो पशुओं की मौत

**बुरावली, अमृत विचार :** बिजली के करंट की चपेट में आकर दो पशुओं की मौत हो गई। गांव सौंहत गढ़ी में किसान रामचंद्र नागर शनिवार शाम पशुओं को जंगल में चराने ले गए थे। इसी दौरान शनिवार रात निर्माणाधीन आश्रम पद्धति विद्यालय के पास विद्युत लाइन के सेफ्टी जाल का तार नीचे लटका पड़ा था। इसकी चपेट में भैंस व कटरा आ गये जिससे दोनों पशुओं की मौत हो गई। करंट से दो पशुओं की मौत की सूचना विद्युत विभाग के अधिकारियों को दी गई है।

## एक सितंबर को होगा विहिप का कार्यक्रम

**हसनपुर, अमृत विचार :** रविवार को विहिप की बैठक शिवाला मंदिर में हुई। बैठक में वीरेंद्र शर्मा, मोहित अग्रवाल ने बताया कि एक सितंबर को विश्व हिंदू परिषद के 60 वर्ष पूर्ण होने पर षष्ठीपूर्ति वर्ष कार्यक्रम होगा। बैठक में मोहित अग्रवाल, वीरेंद्र शर्मा, विश्व हिंदू परिषद नगर मंत्री अमित शर्मा, उपाध्यक्ष अनुराग शर्मा, अनिल शर्मा विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता रहे।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में 4413 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा के तीसरे दिन भी आधे से ज्यादा अभ्यर्थियों ने परीक्षा से किनारा किया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दो पालियों में परीक्षा आयोजित हुई। अभ्यर्थियों का कहना था कि गणित और जीके के सवालों ने उलझा दिया। परीक्षा के दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह सतर्क रहे। केंद्रों के बाहर लोगों की आवाजाही बंद रही।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा जिले में तीसरे दिन रविवार को भी शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। जिले में 9 केन्द्रों पर परीक्षा हुई। दोनों पालियों में 8544 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। जिसमें पहली पाली में 2065 अभ्यर्थी शामिल हुए। जबकि 2207 अभ्यर्थी परीक्षा से गैरहाजिर रहे। जबकि दूसरी पाली में 2066 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 2206 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी। पहली और दूसरी पाली को मिलाकर कुल 4413 अभ्यर्थियों ने रविवार को परीक्षा छोड़ दी। रविवार को तीसरे दिन अभ्यर्थी सुबह से ही अपने केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गए। सुबह ही केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लंबी कतार लग गई थी।

अभ्यर्थियों की चेकिंग व बायोमेट्रिक जांच के बाद उन्हें केंद्र के अंदर जाने दिया। परीक्षा की पहली पाली सुबह 10 शुरू हुई जो 12 बजे तक चली। अभ्यर्थी को मोबाइल फोन और किसी भी तरह की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर जाने पर पूरी तरह पाबंदी रही। अधिकारी लगातार परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर स्थिति पर नजर बनाए रहे।

वरिष्ठ अधिकारियों ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। नगर कोतवाली में बने मुख्य कंट्रोल रूम से जिलेभर की परीक्षा पर नजर रखी गई। परीक्षा केंद्र पर पेपर, पेंसिल बॉक्स, कैलकुलेटर, पर्स, चश्मा, टोपी, ज्वेलरी, फूड आइटमों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहा। परीक्षा केन्द्रों के बाहर पुलिस बल तैनात रहे।


परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

**पहली पाली**

| | |
|---|---|
| कुल अभ्यर्थी | 4272 |
| उपस्थित | 2065 |
| अनुपस्थित | 2207 |

**दूसरी पाली**

| | |
|---|---|
| कुल अभ्यर्थी | 4272 |
| उपस्थित | 2066 |
| अनुपस्थित | 2206 |

# पेट्रोल पंप लूट का खुलासा, तीन आरोपी पकड़े

- आरोपियों की निशानदेही पर नौ बैटरी बरामद, घटना में प्रयुक्त बाइक, तमंचा भी मिला

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** पेट्रोल पंप पर हुई लूट का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। आरोपियों की निशानदेही पर लूट का माल बरामद किया गया है।

गजरौला थाना क्षेत्र के गांव ख्यालीपुर में पेट्रोल पंप पर 21 अगस्त की रात लूट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनकी निशानदेही से लूटा गया काफी माल बरामद किया गया है। वहीं आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, तमंचा व कारतूस भी बरामद किए गए हैं। रविवार को सीओ श्वेताभ भास्कर ने कोतवाली में आरोपियों की गिरफ्तारी का खुलासा किया।

बता दें कि ख्यालीपुर गांव में स्थित राजबाला किसान केन्द्र पेट्रोल पंप के स्वामी अंकित कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर 21 अगस्त की रात को दोनों सेल्समैनों को पेट्रोल पंप के कार्यालय में बंद कर 20 हजार रुपये की नकदी और 18 बैटरी चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार को प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह व सर्विलांस प्रभारी बिजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीमों को सफलता मिली और घटना में शामिल तीन बदमाश दानिश पुत्र इदरीश निवासी गांव रूखालु थाना हसनपुर, जोगेन्द्र पुत्र मूलचंद निवासी गांव झुरेरी थाना हसनपुर व ओमदत्त पुत्र भीमसेन निवासी गांव नबाबपुरा थाना हसनपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में लूटे नौ बैटरी और इन्वर्टर बरामद किए। साथ ही घटना में प्रयुक्त की गई मोटरसाइकिल, तमंचा व कारतूस भी बरामद किया। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि तीन आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। टीम में पुलिस वरिष्ठ उपनिरीक्षक ब्रजेश सिंह, उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार व विपिन कुमार, कांस्टेबल अजय मलिक, पंकज, अरूण कुमार, हेड कांस्टेबल सर्विलांस गौरव शर्मा व अरविंद शर्मा, कांस्टेबल कमल शामिल रहे।


पेट्रोल पंप से लूट की जानकारी देते सीओ श्वेताभ भास्कर। ● अमृत विचार

## युवती को मैसेज भेजे बाइक पर बैठाने का प्रयास

**गजरौला, अमृत विचार :** युवती को व्हाट्स एप पर अश्लील मैसेज भेजकर डिग्री कॉलेज के सामने से बाइक पर बैठाने का आरोप है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती को युवक व्हाट्सएप व फेसबुक एकाउंट से अश्लील मैसेज भेजता था। 24 अगस्त को आरोपी युवक ने युवती को डिग्री कालेज के सामने मिलने की बात कही। नहीं मिलने पर जान से मारने की धमकी दी। डरकर युवती डिग्री कालेज के सामने पहुंची। आरोप है कि युवक ने उसे बाइक पर बैठाने की कोशिश की। युवती ने शोर मचाया तो लोग एकत्र हो गए। जिन्हें देखकर आरोपी फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि युवती की तहरीर पर संजय सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# बिसाबली में सड़क तक पहुंचा पानी

संवाददाता, मंडी धनौरा/कैसरा

**अमृत विचार :** पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही मूसलाधार वर्षा से गंगा नदी उफान पर है। जलस्तर बढ़ने के कारण पानी जंगल में घुस गया है। उधर, ग्राम बिसाबली के निकट सड़क पर पानी उतर आया है। जिससे ग्रामीण बाढ़ की आशंका से भयभीत है।

उत्तराखंड के कुछ क्षेत्रों में लगातार वर्षा हो रही है। जिस कारण गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। उधर, बिजनौर बैराज से भी नदी में पानी छोड़ा जा रहा है। जिस कारण पिछले कुछ दिनों से गंगा खादर क्षेत्र के तटबंध पार ग्राम रसूलपुर एहतमाली, चादरा फार्म व गैर आबाद ग्रामों के जंगलों में पानी घुस आया था। यहां खेतों में आने-जाने के लिए लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार रात को बाढ़ का पानी ग्राम चांदरा फॉर्म, रानी बसतौरा आदि के जंगलों तक पहुंच गया है। गंगा के पानी ने शेरपुर से बिसाबली को जाने वाली सड़क को भी अपनी चपेट में ले लिया है। उधर, प्रशासन ने बाढ़ चौकियों को सतर्क कर दिया है। जिम्मेदारों को गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव ने बताया कि वन क्षेत्र में पानी घुस आया है। बढ़ते जलस्तर पर नजर रखी जा रही है।


खेतों में भरा बाढ़ का पानी। ● अमृत विचार

तैयारी | मंदिरों में कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर की जा रहीं विशेष व्यवस्थाएं

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आज, महिलाओं ने की खरीदारी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने के लिए महिलाओं ने खरीदारी की। रविवार को पूरे दिन नगर के बाजारों में भीड़ देखी गई। दुकानों पर लड्डू गोपाल के झूलों, पोशाकों, मुकुट व श्रृंगार का सामान सजा था। मंदिरों को भव्य लाइटिंग से आकर्षक रूप दिया जा रहा है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सोमवार को मनाई जाएगी।

नगरवासी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने को लेकर काफी उत्साह में है। बाजारों में बालकृष्ण की पोशाक, मुकुट, झूला सहित पूजा अर्चना के सामान की खरीदारी हुई। भगवान श्रीकृष्ण की मूर्तियों के अलावा झांकियां सजाने का सामान भी खरीदा जा रहा है। दुकानदार रोजी गुप्ता ने बताया कि कान्हा की पोशाक 50 रुपये से लेकर 250 रुपये तक की बिक रही है।

वहीं कान्हा को सजाने के लिए माला 10 से 50 रुपये, मुकुट 20 से 60 रुपये, बांसुरी 10 से 50 रुपये और हाथ में पहनाने वाले कड़े 20 रुपये के बिक रहे हैं। नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के अलावा मां चामुंडा मंदिर, हनुमान मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर, शिव मंदिर, माई जी महाराज का मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सजावट के कार्य के अलावा अन्य तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर को लाइटों की झालरों से सजाया जा रहा है। मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं।


दुकान पर खरीदारी करती महिलाएं। ● अमृत विचार


बांके बिहारी की प्रभात फेरी निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## बांके बिहारी की प्रभात फेरी निकाली

**हसनपुर, अमृत विचार :** श्रीराम सेवा समिति ने मोहल्ला राजपूत कॉलोनी में कविता सैनी के आवास से बांके बिहारी लाल की प्रभात फेरी निकाली जो व्यापारी नेता अंकुर अग्रवाल के आवास पर पहुंची। जहां श्रद्धालुओं ने उनकी आरती की। इस मौके पर पंकज भटनागर, रानू रस्तोगी, राहुल गुप्ता, विजय पारछा, पुनीत अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, बबलू पाल, आकाश अग्रवाल, मोहित सुशील अग्रवाल, बीना शर्मा, सुनीता शर्मा, पूनम शर्मा, आंचल चौहान, जतिन गुर्जर, सौरभ गुप्ता, पंकज अग्रवाल, पवन चौहान, प्रखर अग्रवाल, नन्हे सैनी, संजीव शर्मा, राहुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पुशपुल पैसेंजर को चलाने की मांग

- दैनिक रेल यात्री परिषद ने स्टेशन अधीक्षक को दिया ज्ञापन

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** दैनिक रेल यात्री सुरक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं ने रविवार को रेलवे स्टेशन के अधीक्षक को रेल मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपकर नगर के स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव बढ़ाने की मांग की। पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल द्वारा दैनिक रेल यात्रियों की मांगों को जल्द पूरा कराने को लेकर रेल मंत्री को पत्र भेजा है। पूर्व सांसद के पत्र को भी दैनिक रेल यात्री परिषद व भाजपा नेताओं द्वारा स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

रविवार को स्टेशन पहुंचे दैनिक रेल यात्री सुरक्षा परिषद व भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्टेशन अधीक्षक केएल कश्यप को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राज्यरानी एक्सप्रेस, सद्भावना एक्सप्रेस, गोरखपुर स्पेशल, अवध असम एक्सप्रेस के ठहराव, बंद पुशपुल पैसेंजर को फिर से चलाने सहित गजरौला से हरिद्वार तक पैसेंजर ट्रेन चलाने की मांग की। इस अवसर पर रामचंद्र, कुलवंत सिंह, विजेन्द्र सिंह, प्रेमशंकर अग्रवाल, चमन सिंह, योगेश, रमेश, नवीन कुमार शर्मा, शिवशंकर शर्मा, पूरन सिंह, धर्मवीर, इरफान, राजकुमार, करन सिंह, प्रमोद, रोहित, चमन सिंह, दयानंद शर्मा, अजय शर्मा, अजय कुमार बंसल समेत भाजपा अनुसूचित जिलाध्यक्ष रामरतन सिंह, भाजपा मण्डलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, मनमोहन सिंह सेन रहे।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर दो दिवसीय मेला शुरू

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** रविवार को विकास खंड की ग्राम पंचायत पारा खालसा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर दो दिवसीय मेला शुरू हुआ। मुख्य अतिथि किसान सेवा सहकारी समिति चुचैला कलां के सभापति एवं ग्राम प्रधान पारा खालसा अनुज सिन्धु ने फीता काटकर मेले का आरंभ किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। ग्राम प्रधान अनुज सिन्धु ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं हमें कई सबक सिखाती हैं। इस अवसर पर भूपेश त्यागी, दीपांशु, राजकुमार, सोनू त्यागी आदि मौजूद रहे।

**नाम-परिवर्तन**

पहले मेरा नाम कमर जहां पुत्री नन्हें, पत्नी अनीस अहमद अंसारी था। अब मेरा नाम कमर जहां पुत्री नन्हें खान, पत्नी अनीस अहमद (KAMAR JAHAN D/O NANHEY KHAN W/O ANEES AHMAD) हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जाए। कमर जहां पुत्री नन्हें खान, पत्नी अनीस अहमद निवासी ग्राम व पोस्ट मखदुमपुर, अमरोहा, 244251, उत्तर प्रदेश।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरी पुत्री जिसका नाम अफशा महक है जो कि मेरा कहना नहीं मानती है जिसकारण मैं पुत्री अफशा महक एवं उसका शोहर एवं ससुराल पक्ष से सम्बंध विच्छेद कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं।
अफशा एवं उसका पति अपने अच्छे बुरे कामों के जिम्मेदार स्वयं होंगे। मेरी व मेरे परिवार की किसी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं होगी।

फकरे आलम
निवासी भवन संख्या –43 पीरजादा रोड, गली न0– 4, हयात नगर कटघर
तहसील व जिला –मुरादाबाद

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टस्त्रीभरणेन च।
दुःखितैः सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्यों को पढ़ाकर, दुष्ट स्त्री के साथ अपना जीवन बिताकर, रोगियों और दुखियों के साथ रहकर विद्वान भी दुखी हो जाता है।

## संपादकीय

# भारत का जैव-दृष्टिकोण

भारत एक वृहद जैव-वैविध्य देश के रूप में पुनर्गठित है और हमारे जैविकीय संसाधनों को आर्थिक संपदा एवं रोजगार के अवसरों में परिणत करने के अवसर देता है। नवीकरणीय संसाधनों पर तैयार नवप्रवर्तित उत्पाद एवं सेवाएं औद्योगिक प्रक्रियाओं में व्यापक दक्षता लाती है, पर्यावरणीय निम्नीकरण पर नियंत्रण रखती हैं और एक अधिक जैव-आधारित अर्थव्यवस्था देती हैं। यह सही समय है कि हम आधुनिक तकनीकों में निवेश करें और जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें। पर्यावरण जैव प्रौद्योगिकी प्रदूषण को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। पर्यावरण के क्षेत्र में जैव प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग बहुत बढ़ा है। जैव-आधारित उत्पादों के विकास के लिए अत्याधुनिक नवाचारों को गति देने के लिए देश में एक लचीला जैव-विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना महत्वपूर्ण है। जैव प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग पर्यावरण से संबंधित समस्याओं को कम करने या हल करने में मदद करता है और इस प्रकार जीवित जीवों के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को साफ करता है। पर्यावरणीय समस्याओं और पारिस्थितिकी तंत्रों के समाधान के लिए जैव प्रौद्योगिकी के उपयोग को पर्यावरण जैव प्रौद्योगिकी के रूप में जाना जाता है।

देश को एक बेहतर और स्वस्थ भविष्य की ओर ले जाने के उद्देश्य से केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शनिवार को उच्च प्रदर्शन जैव विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए तीन व्यापक योजनाओं (बायोई3) को मंजूरी दे दी। यह योजना पर्यावरण के अनुकूल विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। ऐसे कई क्षेत्र हैं जो भारत के जैव अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान दे रहे हैं। इस क्षेत्र को प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत और भारत के वर्ष 2047 तक 'ऊर्जा आत्मनिर्भर' बनने के दृष्टिकोण से प्रोत्साहन मिला है। इसके अलावा सरकार ने जैव ईंधन पर राष्ट्रीय नीति में संशोधनों को मंजूरी दी है और जैव ईंधन उत्पादन बढ़ाने और 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की शुरुआत का निर्णय लिया है। औद्योगीकरण, शहरीकरण और मानवजनित गतिविधियों के कारण, पर्यावरण को प्राकृतिक संसाधनों की कमी, प्राकृतिक निकायों का प्रदूषण आदि जैसे विभिन्न मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है; जैव प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों को लागू करके, इन समस्याओं को प्रभावी ढंग से और कुशलता से हल किया जा सकता है। कुल मिलाकर यह नीति भारत के लिए जैव-दृष्टिकोण निर्धारित करती है। सरकार की पहलों जैसे 'नेट जीरो' कार्बन अर्थव्यवस्था और 'पर्यावरण के लिए जीवनशैली' को और मजबूत करेगी। यह नीति भारत के कुशल कार्यबल के विस्तार की सुविधा और रोजगार सृजन में वृद्धि प्रदान करेगी।

# संघर्ष ही संघर्षः श्रीकृष्ण



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कृष्ण ने जन्म लिया है। यह खबर सुनकर कैलाश पर्वत से चलकर शिव गोकुल में आकर अलख जगाते हैं। ब्रज की गोपियां जाकर जसोदा से कहती हैं। देखौ री एक बाला जोगी द्वार तिहारे आया है री। अरी जसोदा, आज तो तेरे दरवाजे पर एक जोगी आया है।

श्रीकृष्ण की अंतर्वेदना महाभारत (के शांतिपर्व के अध्याय 81) में व्यक्त हुई है, नारद आते हैं तो वासुदेव का मन खुल जाता है। वे कहते हैं - नारद, गुप्त मंत्रणा केवल विद्वान से ही नहीं की जा सकती , न केवल सुहृद से ही की जा सकती है, गुप्त मंत्रणा के लिए इन दोनों योग्यताओं के साथ मनस्वी होना भी जरूरी है, आप में ये तीनों ही विशेषता हैं, इसलिए आप से कह रहा हूं। मेरे परिवार में शांति नहीं है। हालांकि मुझे जो उपभोग्य-साधन मिल जाते हैं, उनका आधा हिस्सा मैं कुटुंब को छोड देता हूं और आधे से ही काम चलाता हूं, फिर भी ये कुटुंबी-जन मन में कटुता रखे हुए रहते हैं और कटु-वाक्य बोल भी देते हैं। मैं अन्दर ही अन्दर जलता रहता हूं। बलराम अपने बल के गुरूर में डूबे रहते हैं, छोटा वाला-गद है, वह परिश्रम से भागता है, प्रद्युम्न बेटा है, मुझे सहायता कर सकता है किन्तु वह अपने सौन्दर्य में मतवाला रहता है। अंधक और वृष्णि-वंश में दुर्धर्ष वीर हैं किन्तु आहुक और अक्रूर ने वैमनस्यभाव पैदा कर दिया है। दो जुआरी बेटों की मां जैसी मेरी स्थिति है कि वह मां कौन से बेटे की जीत चाहेगी? मैं तो दोनों में से किसी की भी पराजय नहीं चाहता। मैं किसकी ओर रहूं, जिसकी सी न कहूं, वही मुझे शत्रु समझने लगता है। नारद, मैं मन ही मन व्यथित रहता हूं। क्या करूं ?

श्रीकृष्ण के जीवन को देखें, संघर्ष ही संघर्ष दिखायी देता है। जब तक नंद के ब्रज में रहे कंस और उसके असुर मित्रों ने चैन से नहीं रहने दिया। पूतना, शकट, तृणावर्त, वत्सासुर, अघासुर, धेनुकासुर, प्रलंब, केशी फिर मथुरा गए तो कुवलियापीड से लेकर चाणूर-मुष्टिक जैसे बलवान मल्लों से युद्ध तदुपरांत शूरसेन-वीरों के सहयोग से कंस का वध किया, किंतु कंस का श्वसुर मागध जरासंध तो बहुत ही शक्तिशाली था। उससे निरंतर 17 बार युद्ध हुए, जब 18 वीं बार युद्ध होने को था, तभी दूसरी ओर से काल-यवन ने बहुत बड़ी यवन सेना के साथ मथुरा पर आक्रमण कर दिया। कृष्ण ने यहां पैंतरा बदला और मैदान छोड़ दिया। रणछोड़ कहलाए। आगे-आगे श्रीकृष्ण और पीछे-पीछे कालयवन। पहाड़ की गुफा में घुस गए। वहां मुचकुंद को ही श्रीकृष्ण समझकर कालयवन भिड़ गया और मुचकुंद के द्वारा मारा गया, लेकिन एक बात साफ हो गई कि जब तक जरासंध जीवित रहेगा, तब तक वह मथुरा में नहीं रहने देगा। यह सोचकर कृष्ण ने यादव गण के साथ मथुरा छोड़ दी। कुछ गोप और यादव चलते-चलते भटककर दक्षिण पंहुचे और वहां दक्षिण-मथुरा बसाई, जिसे मदुराई कहते हैं। दूसरी शाखा द्वारका पहुंची और वहां यह नगरी बसाई।

भौमासुर से प्राग्ज्योतिषपुर में युद्ध हुआ। बाणासुर से युद्ध हुआ। इस प्रकार द्वारका में भी अनेक युद्ध हुए, किंतु सबसे बड़ा कांटा तो जरासंध ही था। जरासंध ने शताधिक राजाओं को बंदी बना रखा था, उनसे कृष्ण के कूटनीतिक संबंध थे, संदेश का आदान-प्रदान था। उसे नष्ट करने के लिए कृष्ण ने पांडवों (जो वसुदेव की बहन कुंती के पुत्र थे) से घनिष्ठता बढ़ाई। युधिष्ठिर को राजसूय यज्ञ का परामर्श दिया, कृष्ण जरासंध की शक्ति से परिचित थे और जानते थे कि युद्ध में जरासंध को जीतना असंभव है। अर्जुन, भीम को साथ लेकर जरासंध के पास ब्राह्मण का वेश धारण करके गए, द्वंद्वयुद्ध मांगा। जरासंध भीम से मल्लयुद्ध करने को तैयार हो गया। भीम ने टांग पर अपना पैर जमाकर उसे चीर दिया। इस प्रकार श्रीकृष्ण ने उन बंदी राजाओं को मुक्त किया। यहां आकर वे प्रसिद्ध हो गए। भारत भर के राजा उन्हें जान गए और युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ मे उनकी अग्रपूजा हुई।



भारत में कितने सांस्कृतिक समूह हैं, कितनी भाषा और बोलियां हैं। कितनी उपासना पद्धतियां हैं, किंतु जब हम श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व में देखते हैं तो लगता है कि वे समस्त संस्कृतियां मानो यहां आकर समाहित हो गई हैं। नाम भी तो मनमोहन है। शैव उपासना की परंपरा किस प्रकार श्रीकृष्ण में सम्मिलित हो रही है।

भारत में कितने सांस्कृतिक समूह हैं, कितनी भाषा और बोलियां हैं। कितनी उपासना पद्धतियां हैं, किंतु जब हम श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व में देखते हैं तो लगता है कि वे समस्त संस्कृतियां मानो यहां आकर समाहित हो गई हैं। नाम भी तो मनमोहन है। शैव उपासना की परंपरा किस प्रकार श्रीकृष्ण में सम्मिलित हो रही है। इसका उदाहरण एक लोकगीत है। हालांकि यह सूरदास के जमाने में भी प्रचलित रहा होगा। क्योंकि सूरसागर में यह पद है, मैं जोगी जस गाया रे बाला।

कृष्ण ने जन्म लिया है। यह खबर सुनकर कैलाश पर्वत से चलकर शिव गोकुल में आकर अलख जगाते हैं। ब्रज की गोपियां जाकर जसोदा से कहती हैं। देखौ री एक बाला जोगी द्वार तिहारे आया है री। अरी जसोदा, आज तो तेरे दरवाजे पर एक जोगी आया है। शरीर में भभूत रमी है, बड़ी-बड़ी जटा है, माथे पर चन्द्रमा है, गले में नाग लटका है। कंचनथाल में भिक्षा सजाकर मैया जसोदा दरवाजे पर आई। जोगी बोला, ना चहिये तेरी दौलत दुनिया/ ना चहिये धन माया है री/अपने गुपाल जी कौ दरस कराय दे/ जा कारन जोगी आया है री।/तू मोतियों की माला ले/कंचन थार ले। जोगी, ऐसी जिद क्यों करता है? तुझे देखकर मेरा लाल डर जाएगा। मैया, हमारी भिक्षा तो गोपालजी का दर्शन करना है। मैया तो डर रही थी। जोगी दरवाजे से लौटा, किंतु लाला का रोना शुरू हो गया। चुप ही न हो। थाली बजायी, नजर उतारी, दूध से लगाया पर लाला तो चुप नहीं हो रहा। रोता ही जा रहा है। क्या करूं? अरी मैया, यह तो उस जोगी का ही कुछ चेटक है। उसे बुलवाओ। जोगी आया और उसने लाला को गोद में ले लिया।

बिथा भई सब दूर बदन की किलकि उठे नंदलाला। अब जसोदा प्रसन्न होकर जोगी से बोली। रहु रे जोगी नंद-भवन में ब्रज कौ बासौ कीजै/ जब-जब मेरौ लाला रोबै तब-तब दरसन दीजै।/ रे जोगी, तू तौ चेटक वाला है/अब तू नंदगांव में ही रह जा/मेरा लाला जब कभी रोने लगे/ तब-तब तू आ जाया करना।

जरासंध की बेटियों (अस्ति-प्राप्ति) के साथ हजारों मगध दासियां भी मथुरा आईं, हजारों मगध सैनिक भी मथुरा आकर रहने लगे। जरासंध के संकेत से कंस ने उग्रसेन को बंदी बना दिया। मगध लोग वसुदेव और देवकी के विरुद्ध कंस के कान भरते थे, उसने यह भी सुना कि देवकी के गर्भ से पैदा होने वाला बालक तेरा विनाश करेगा। इस वजह से कंस मन ही मन डरने लगा। एक दिन तो कंस ने देवकी के केश पकड़ लिए और तलवार निकालकर मारने को तैयार हो गया। वसुदेव ने दीन भाव से कहा कि इसके गर्भ से जो बालक उत्पन्न होगा, उसे हम तुम्हें सौंप देंगे। देवकी की हत्या करने से तुम्हारी लोकनिंदा होगी। लोग तुम्हें धिक्कारेंगे। देवकी के गर्भ से बालक का जन्म होता और कंस उसे मार डालता। जब आठवां गर्भ हुआ, तब देवकी रोकर वसुदेव से बोली-अहो पति सो उपाय कछ कीजै।/जिहि उपाय आपनों बालक राखि कंस सों लीजै।/बुद्धि बल, छलबल कैसें हु करिकें काढि अनत ही दीजै। अबकी बार कुछ भी करो, इस बालक की रक्षा करनी होगी।

वसुदेव ने नंद से परामर्श किया। नंद ने यह जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली। वसुदेव गण सचिव के रूप में लोकप्रिय तो थे ही, लोग मगधों के अत्याचार से पीड़ित भी थे। अंदर ही अंदर वसुदेव के प्रति समर्थन का भाव पुष्ट होने लगा था। कारागार से द्वार खुला, जमुना में बाढ़ आई हुई थी, किंतु भादों की अंधेरी रात में किसी को कानोंकान भनक नहीं पड़ी और यशोदा की बेटी कंस के कारागार में आ गई और उधर गोकुल में दुंदुभी बजने लगी। पूत भयौ वसुदेव के भौन औ दुंदुभी बाजत नंद के द्वारे।

## प्रसंगवश

# विवाहिता राधा

कभी-कभी महान विभूतियों के एक से अधिक रूप होते हैं, हालांकि लोक प्रचलित और ग्राह्य एक ही होता है। हनुमान जी बाल ब्रह्मचारी और अविवाहित मशहूर हैं। यद्यपि विशेष कारणों से उनका सूर्य पुत्री 'सुवर्चला' से औपचारिक विवाह भी हुवा था। विवाहोपरांत सुवर्चला तप करने चली गईं और श्री हनुमान पूर्ववत् अखंड ब्रह्मचर्य व्रतधारी ही बने रहे।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

ऐसा ही त्रैलोक्य सुंदरी राधा रानी के विषय में भी है। उनका श्रीकृष्ण से परकीय प्रेम ही विश्व प्रसिद्ध है और वे कृष्ण की पत्नी नहीं मान्य हैं। श्रीकृष्ण की 16108 रानियां थीं, जिनमें किसी के साथ मंदिरों में उनका श्रीविग्रह स्थापित नहीं किया जाता है। कहते हैं कि गोलोक में श्रीकृष्ण की एक अन्य प्रेयसी विरजा का राधा जी को शाप था कि पृथ्वी पर उन्हें कुलटा (विवाहेतर रति करने वाली) नारी के रूप में जाना जाएगा। ऐसा ब्रह्म वैवर्त पुराण के "श्रीकृष्ण खंड" में कहा गया है। इसके फलस्वरूप राधा रूप में उनका लौकिक विवाह 'रायाण' नामक गोप हुवा था, जो यशोदा जी के भाई लगते थे। किंतु मान्यता है कि यह विवाह राधा की छाया से हुआ, जैसा कि सीता जी के बारे में भी कहा गया है कि रावण द्वारा छाया रूप सीता ही हरी गईं थीं। राधा जी का कृष्ण से जार प्रेम ही प्रसिद्ध है। इस सबके बावजूद 'गर्ग संहिता' के उल्लेखानुसार राधा कृष्ण का विवाह भी हुई बताया गया है।

कथानुसार नंदगांव और बरसाने के बीच स्थित 'भांडीर वन' में यह विवाह स्वयं ब्रह्माजी ने संपन्न करवाया था। वहां स्थित एक मंदिर में इस युगल को विवाहित रूप में दर्शित किया गया है और ब्रह्मा जी भी वहां मौजूद हैं। यह अपने प्रकार का इकलौता मंदिर है। वैसे राधा जी विष्णु रूप कृष्ण की चिर संगिनी लक्ष्मी जी ही हैं और सदा उनकी अर्धांगिनी हैं। जयदेव रचित 'गीत गोविंद' में रसिक शिरोमणि कृष्ण राधा से कहते हैं कि 'सुंदरी! हमारा आपका जन्म-जन्म का संग है। समुद्र मंथन के समय उससे प्रकट हुई। आपने मेरा वरण किया था। शायद इसीलिए तुम्हें न पा सकने के कारण क्षुब्ध शंकर जी ने विष पान कर लिया था'।

# यूपीएस पर कर्मचारी संगठनों की असहमति

वर्ष 2004 में अटल बिहारी सरकार ने निर्णय लेकर अप्रैल 2005 से पुरानी पेंशन समाप्त कर एनपीएस लागू की थी। उस समय इसे एक बेहतर पेंशन योजना बताया कर सरकार ने इसे कर्मचारियों पर थोप दिया था। लगभग 10 साल यूपीए सरकार और 10 साल एनडीए सरकार में कर्मचारियों के लंबे संघर्ष के बाद आखिर केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शनिवार को एक विशेष बैठक बुलाकर एकीकृत पेंशन योजना (यूनिफाइड पेंशन योजना) की घोषणा करनी पड़ी। अब कर्मचारियों को एनपीएस और यूपीएस में से किसी एक का विकल्प चुनना होगा। इस तरह पुरानी पेंशन योजना, एनपीएस और यूपीएस तीन पेंशन योजना फिलहाल देश में चालू रहेंगी।

1977 में मैंने शिक्षकों को पेंशन के लिए संघर्ष करते और जेल जाते भी देखा था। उस समय चलाया गया जेल भरो आंदोलन मुझे आज भी याद है। 1993 में पेंशन की लड़ाई को बैंक कर्मचारियों ने बड़ी शिद्दत और आपसी द्वंद के बाद जीता था। इस आंदोलन को खुद मैंने भी लड़ा और बैंक कर्मचारियों की पेंशन शुरू हो सकी। किंतु एनपीएस के खिलाफ लंबी लड़ाई और बढ़ते दबाव का ही परिणाम है कि जो सरकार किसी भी तरह एनपीएस को वापस लेने को तैयार नहीं थी, उसे भी यू टर्न लेकर नई यूनिफाइड पेंशन योजना लागू करने की घोषणा करनी पड़ी।

यूपीएस की सबसे बड़ी खास बात यह है कि इसमें पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) की तरह ही सरकारी कर्मियों को रिटायरमेंट के बाद औसत मूल वेतन की 50 प्रतिशत पेंशन मिलेगी जिस पर महंगाई राहत भी देय होगी। नई स्कीम को घोषणा करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि सरकारी कर्मचारी देशभर में सामान्य नागरिकों की सेवा करते हैं, रेलवे, पुलिस, डाक सेवा, चिकित्सा जैसी सेवाओं में देशभर में सरकारी कर्मचारी सामान्य नागरिकों को अपनी सेवाएं देते हैं। इससे समाज की एक व्यवस्था चलती है। सरकारी कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दे समय-समय पर उठते आए हैं।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि कर्मचारियों पर इसका भार नहीं पड़ेगा। 10 वर्ष पहले तक कर्मचारी और सरकार 10-10 फीसदी का योगदान देते हैं। सरकार ने योगदान बढ़ाकर 14 फीसदी कर दिया था।

सेवानिवृत्त यानी सुपर एन्यूएशन के बाद मिलने वाली पेंशन सामाजिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण भाग है। देशभर में सरकारी कर्मचारियों की तरफ से मांग आती रही कि नई पेंशन स्कीम यानी एनपीएस में सुधार किए जाएं। अप्रैल 2023 में डॉ. सोमनाथन की अध्यक्षता में इस पर समिति बनी और सौ से ज्यादा कर्मचारी संगठनों-यूनियन के साथ विस्तार से सलाह-मशविरा किया गया। रिजर्व बैंक से बात की गई। राज्यों के वित्त सचिव, राजनीतिक नेतृत्व, कर्मचारी संघों ने अपने सुझाव दिए। इसके बाद समिति ने एकीकृत पेंशन योजना की सिफारिश की गई। कैबिनेट ने इस स्कीम को अनुमोदित कर दिया है।

यूपीएस अपनाने पर सुनिश्चित पेंशन मिलेगी। इसकी रकम सेवानिवृत्ति से पहले के 12 महीने के औसत मूल वेतन का 50 फीसदी होगी। 25 वर्ष तक की सेवा पर ही यह रकम मिलेगी। 25 वर्ष से कम और 10 साल से ज्यादा की सेवा पर उसके अनुपात में पेंशन मिलेगी। पारिवारिक पेंशन : किसी भी कर्मचारी के निधन से पहले पेंशन की कुल रकम का 60 फीसदी हिस्सा परिवार को मिलेगा। न्यूनतम पेंशन : कम से कम 10 साल की सेवा के बाद 10 हजार रुपये प्रतिमाह की न्यूनतम पेंशन सुनिश्चित होगी। महंगाई भत्तों को जोड़कर आज के हिसाब से यह रकम 15 हजार रुपये के आसपास होगी। महंगाई दर के साथ इंडेक्सेशन : उपरोक्त तीनों तरह की पेंशन यानी सुनिश्चित पेंशन, पारिवारिक पेंशन और न्यूनतम पेंशन के मामलों में महंगाई राहत यानी डीआर के आधार पर इंफ्लेशन इंडेक्सेशन मिलेगा। सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी के अतिरिक्त एकमुश्त भुगतान मिलेगा। लगभग 90 लाख केंद्र और राज्य कर्मचारियों को फायदा होगा एनपीएस और यूपीएस का विकल्प उनको देना होगा।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि कर्मचारियों पर इसका भार नहीं पड़ेगा। 10 वर्ष पहले तक कर्मचारी और सरकार 10-10 फीसदी का योगदान देते हैं। सरकार ने योगदान बढ़ाकर 14 फीसदी कर दिया था। यह अपने आप में बड़ा कदम था। अब केंद्र सरकार का योगदान बढ़कर 18.5 फीसदी हो जाएगा। यह स्कीम 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। कर्मचारियों के लिए कंट्रीब्यूटरी यूनिफाइड पेंशन योजना ( यूपीएस) कैसी होगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन कुछ संगठनों ने इससे अपनी असहमति दर्शायी है उनकी मांग पुरानी पेंशन बहाली की कायम है, जिसमें कर्मचारियों को कोई अंश नहीं देना होता था। अटेवा, एटक आदि संगठनों के मुख्य पदाधिकारियों ने पुरानी पेंशन बहाली के अपने संघर्ष को जारी रखने का ऐलान किया है।

## सोशल फोरम

# बात व्यावसायिक उत्कृष्टता की

हमारे यहां भ्रष्टाचार इतना ओवररेटेड है कि प्रोफेशनल एक्सीलेंस की बात कोई नहीं कर रहा। स्टॉर्म वाटर प्लानिंग या बारिश के पानी को शहर से बाहर निकालना एक तकनीकी मामला है। यह डिजाइन कुल बारिश और शहर के कंटूर प्लान के आधार पर बनाई जाती है। थोड़ी सी बारिश में शहर के डूबने की वजह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं इंजीनियरों की नाकाबिलियत भी है। स्टॉर्म वॉटर प्लानिंग जैसे विशेषज्ञता के मामले को हमने उसी इंजीनियर के भरोसे छोड़ दिया है जिसके जिम्मे बगीचे बनवाना हो। यह वैसा ही है जैसे किसी आंख के डॉक्टर से ओपन हार्ट सर्जरी करवाना ।



संजय वर्मा
इंदौर

हर मुश्किल को भ्रष्टाचार पर डालकर बरी होने वाला मीडिया और समाज यह बुनियादी सवाल क्यों नहीं कर रहा कि जब शरीर के अलग-अलग अंगों के विशेषज्ञ डॉक्टर होते हैं तो इंजीनियरिंग में ऐसा क्यों नहीं हो रहा ? अब भी बांध बनाने से लगाकर रेल लाइन डालने तक एक ही डिग्री काफी है। एक डॉक्टर कॉन्फ्रेंस और सेमिनार के जरिए सारा जीवन खुद को लगातार अपडेट करता रहता है जबकि अधिकांश इंजीनियर कॉलेज से निकलने के बाद फिर कभी किताब को हाथ नहीं लगाते ।

समाज भी सिविल इंजीनियरिंग को उतना महत्व नहीं देता जितना मेडिकल या किसी दूसरी विशेषज्ञता को। सिविल इंजीनियरिंग गरीब की जोरू है जिसे भौजाई मान हर कोई मजाक करता है। पिछले दिनों कई पुल बनते बनते टूट गए तो हम सबने फिर भ्रष्टाचार का रोना रोया।

किसी ने सवाल नहीं किया कि सिविल इंजीनियरिंग में जब फैक्टर ऑफ़ सेफ्टी तीन के बराबर लिया जाता है, तब दस बीस प्रतिशत की चोरी से पुल कमजोर तो हो सकता है लेकिन इतना नहीं की बनते बनते टूट जाए यह इसलिए भी होता है क्योंकि इस काम को करने के लिए इन लोगों के पास ना तो संबंधित शिक्षा होती है ना ट्रेनिंग। भ्रष्टाचार का विरोध जरूर कीजिए पर इंजीनियरिंग समेत तमाम विषयों में विशेषज्ञों की जरूरत पर भी बात कीजिए ।

– फेसबुक वॉल से

## व्यंग्य

# बोरियत जो न कराए

दफ्तर में हमारे एक सहकर्मी हैं। एक ही दफ्तर में होने के बावजूद वे हमारे मित्र हैं। बगल के कमरे में ही बैठते हैं इसलिए बहुत दिन से उनसे 'बातचीत' नहीं हो पाई। आते-जाते कभी 'बात' हुई तो 'चीत' रह गई। 'चीत' हुई तो 'बात' के लिए मौका नहीं मिला। आज सोचा उनके दफ्तर में ही चल के 'बातचीत' की जाए। गए तो देखा बैठे हैं। गुमसुम। चुप्प। फाइलों ने मेज पर कब्जा कर रखा था। मेज मित्र की तरह असहाय सी पड़ी थी। मित्र चुप्पी का बोझ चेहरे पर लादे थे। मेज फाइलें लादे थी।

पूछा-"क्या हो रहा है गुरु! आज चिंतन मुद्रा में! बड़े स्मार्ट दिख रहे हो! कोई खास बात!" बोले- "कुछ नहीं, जरा बोर रहा था।" हम बोले-"कोई काम नहीं है क्या जो बोर हो रहे हो?" वो बोले-"काम तो बहुत है। ससुरे काम से ही तो बोर रहे हैं। इत्ता काम पड़ा है। करते-करते बोर हो रहे थे। काम करने से बोरियत में बाधा पड़ रही थी तो सोचा थोड़ा कायदे से बोर हो लें। काम तो होता ही रहता है। बोरियत के क्षण दुर्लभ होते हैं।"

हमने पूछा-"मुझे तो कभी बोरियत नहीं होती यार! तुम कैसे बोर हो लेते हो?" वो बोले-"जैसे तुम बिना काम के व्यस्त रह लेते हो वैसे ही हम बोर हो लेते हैं। तुम्हें याद है न जब हम तुमसे मिलते थे तो पूछते थे- क्या बात है बहुत बिजी दिख रहे हो, कोई काम-धाम नहीं है क्या? तुमने व्यस्तता को पकड़ लिया हमने बोरियत को थाम लिया।" हम बोले- "यार व्यस्त आदमी की आजकल वकत कहां? हर तरफ बोरियत की पूछ है। देखो अखबार में, टीवी में, सिनेमा में सब तरफ बोरियत का ही बोलबाला है। जो जित्ता बड़ा बोर, उसका उत्ता बड़ा शोर! लेकिन तुम बताओ! तुमको कैसे मिली ये बोरियत की नियामत?" वो बोले- "बोरियत भी तो हरेक पर मेहरबान नहीं होती। सुपात्र के पास जाती है। हर ऐरे-गैरे के पास जाने लगे तो उसका 'स्टेट्स' क्या रह जाएगा? हम और तुम अगर दोनों ही बोर होने लगें तो फिर हमारे और तुम्हारे में अंतर क्या रह जाएगा?" हमें तड़ से बोर न हो पाने का हीनता बोध होना चाहिए था, लेकिन उनके दीन चेहरे को देखकर हमने अपने हीनता बोध को दबा दिया। उत्सुक मुद्रा में ही बने रहे। उत्सुक मुद्रा और हीनता बोध में अगर चुनाव की सुविधा हो तो मैं हमेशा उत्सुकता ही चुनता हूं। थोड़ी बेवकूफी मिलाकर चेहरे पर उत्सुकता का लेप किया जाए तो चेहरा ऐसा चमकता है कि उसका वर्णन बड़े-बड़े कवि तक नहीं कर पाते। शोभा वरनि न जाय कह के पीछा छुड़ा लेते हैं। 'हीनता मोड' में चेहरा लटक जाता है 'बेवकूफी वाली उत्सुकता' में उछलता सा रहता है। कभी-कभी तो इत्ता उछलता है कि अगर कंधे से जुड़ा न हो तो उछल के चांद पर पहुंच जाए। बहरहाल, बात बोरियत की हो रही थी। सो मित्र से वार्तालाप के बाद बोरियत के नए-नए आयाम खुले मेरे सामने।



अनूप शुक्ल
कानपुर


बोरियत एक मानसिक स्थिति है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि जिसका मन हुआ वह बोर हो ले। कुछ खास मानसिक स्थिति वाले लोगों को ही बोरियत की सुविधा हासिल होती है।

बोरियत एक मानसिक स्थिति है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि जिसका मन हुआ वह बोर हो ले। कुछ खास मानसिक स्थिति वाले लोगों को ही बोरियत की सुविधा हासिल होती है। इस तरह से दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं। बोरियत रेखा के नीचे वाले और बोरियत रेखा के ऊपर वाले। बोले तो बीबीएल (बिलो बोरियत लाइन) और एबीएल (एवव बोरियत लाइन)। बीबीएल और एबीएल दूसरे के लिए उत्प्रेरक का काम करते हैं। बोर लोग बेबोर लोगों को देख के बोर हो लेते हैं। बेबोर लोग बोर लोगों को देख के कट लेते हैं( बोर नहीं होते जी, कट लेते हैं)।

बोर होने के लिए आपको कुछ करना नहीं पड़ता है। न सुखी, न दुखी। न परेशान न उदास। न हड़बड़ न बहदवास। न हैरान न हलकान। न सींकिया न पहलवान। बस केवल आपको होना होता है। बोर व्यक्ति दुनिया का सबसे निष्क्रिय प्राणी होता है। वह न्यूटन के पहले नियम का भक्त होता है। जैसा होता है, वैसा बना रहना चाहता है। न ऊधौ से लेना न माधौ को देना। बस केवल और केवल बोर होना।

# ज्ञान-विज्ञान का समन्वित रूप हैं श्रीकृष्ण

श्रीकृष्ण ऐसे मार्गदर्शक हैं, जिनका संपूर्ण जीवन हमें विविध परिस्थितियों का सामना करने की शक्ति देता है। वर्तमान शिक्षा नीति विद्यार्थियों में संज्ञानात्मक विकास के साथ विविध व्यावसायिक दक्षताओं व कौशलों के समावेश की बात करती है। श्रीकृष्ण को सोलह कलाओं और उनसे जुड़े विविध पक्षों का अवतार माना जाता है। इस रूप में वे हमारे सम्मुख विविध कला-कौशल के समन्वित उदाहरण के रूप में प्रस्तुत होते हैं। किसी भी सभ्यता और संस्कृति में कर्म को सर्वोपरि माना गया है। श्री मद्भगवद्गीता के द्वारा श्री कृष्ण 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' के द्वारा कर्मयोग को न केवल प्रतिस्थापित करते हैं, बल्कि उसके द्वारा तात्कालिक इतिहास को एक नया मोड़ भी देते हैं। उनका मानना था कि किसी भी व्यक्ति का सर्वोत्तम आकलन कर्ता वह व्यक्ति स्वयं ही हो सकता है। इसलिए स्व-आकलन के आधार पर 'क्षेत्रे-क्षेत्रे धर्म कुरु' को जीवन मंत्र मानते हुए धर्मानुकूल व न्यायोचित कार्य तथा आचरण आवश्यक है। वह आचरण जो कि समय और समाज के स्थापित मानकों और मान्यताओं के अनुरूप हो। विद्यार्थी जीवन शिक्षारंभ हेतु बाल्यावस्था से किशोरावस्था और क्रमशः युवावस्था की ओर अग्रसर होने का समय काल है। इन अवस्थाओं में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के दौरान तनाव प्रबंधन कौशल की अहम आवश्यकता होती है। कृष्ण अपनी मनभावन छवि, अदम्य साहस और सकारात्मक ऊर्जा से इन परिस्थितियों में प्रखर मार्गदर्शक सिद्ध होते हैं। जन्म से ही उनका जीवन प्रतिकूल परिस्थितियों के समक्ष मजबूती से खड़े रहने की प्रेरणा देता है। उनका जीवन दर्शाता है कि जीवन चाहे कितनी भी मुश्किलें आएं या प्रतिकूल परिस्थितियां हों, धैर्य-धीरज से उनका सामना किया जाए तो वे सहज और सुगम हो जाती हैं। अपने कार्य - व्यवहार में कृष्ण शांति दूत नजर आते हैं। महाभारत कृष्ण के तमाम शांति प्रयासों को कौरवों द्वारा नकार देने की प्रतिक्रिया का परिणाम था।



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

कृष्ण मानते थे कि दुनिया के तमाम युद्धों का सम्यक् समाधान शांति में निहित है और शांति ही समुन्नति का सटीक मार्ग है। इसीलिए उन्होंने तमाम दुनियावी साधन-संसाधनों पर शांति को वरीयता देने की हर संभव कोशिश की। उनका मानना था कि कोई भी निर्णय जल्दबाजी या तात्कालिक आवेश में नहीं लिया जाना चाहिए। उन्होंने इस आदर्श का सदैव पालन किया कि भावी पीढ़ियों और समुदाय हित में समूची पीढ़ी को सुकून और शांति का मार्ग अपनाना होगा। इसके लिए उन्होंने मंत्र भी दिया कि 'जीवन की हर सम-विषम परिस्थिति में मन शांत रहे और मस्तिष्क सहज।' उनके जीवन में तमाम ऐसी परिस्थितियां आईं जहां सामने वाले ने मर्यादाओं का खुला उल्लंघन किया, लेकिन उन्होंने यथाशक्ति धैर्य रखते हुए शांति स्थापना को भरसक प्रयत्न किए। उन्होंने जीवन में कार्य सिद्धि को सर्वाधिक महत्व दिया, स्वार्थपूर्ण कूटनीति को नहीं। यही वजह रही कि वे उस युग के प्रखर नेतृत्वकर्ता के रूप उभरे।

## एक नजर

### यूकेजी की छात्रा की पेट दर्द से मौत

**रहरा, अमृत विचार :** सात वर्ष की बालिका की पेट के दर्द से मौत हो गई। मामला रहरा थाना क्षेत्र के गांव सकरगड़ी का है। गांव निवासी तनवीर की सात वर्षीय पुत्री इसफत हाकमपुर स्थित एसएलजे पब्लिक स्कूल में यूकेजी की छात्रा थी। पिता तनवीर के मुताबिक उसकी बेटी को पिछले तीन-चार दिन से पेट के दर्द की शिकायत थी। शनिवार को भी छात्रा जब स्कूल से लौटी तो उसने अपने पेट में दर्द बताया। जिसके बाद परिजनों ने उसे गांव के ही चिकित्सक से दवा दिला दी। रविवार सुबह करीब 11 अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसको फिर से चिकित्सक के यहां ले गए, लेकिन जब तक छात्रा की मौत हो चुकी थी।

### 27 से हड़ताल करेंगे नैनीताल बैंक के कर्मचारी

**बरेली, अमृत विचार :** विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे नैनीताल बैंक के कर्मचारियों ने 27 अगस्त को हड़तालकी घोषणा की है। आरोप है कि बैंक ऑफ बड़ौदा अपनी अंशधारिता को बेचकर नैनीताल बैंक का परिचालन प्राइवेट हाथों में देने पर काम कर रहा है, जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है।

# समाज के हर वर्ग के लोगों को भाजपा से जोड़ें

## सदस्यता अभियान को लेकर हुई कार्यशाला में विधायक राजीव तरारा ने कार्यकर्ताओं से किया आह्वान

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** बछरायूं में भारतीय जनता पार्टी के एक सितंबर से शुरू होने वाले सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने सदस्यता अभियान को लेकर सभी बूथों पर घर-घर जाकर केंद्र व राज्य सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों का प्रचार करने व सदस्यता दिलाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ पर जाएं और निष्ठा के साथ अभियान में हिस्सा लें। सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी जुट जाएं प्रत्येक बूथ तक कार्यकर्ता पहुंचें और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी और विचारधारा से जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास को लेकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि



कार्यशाला में संबोधित करते विधायक राजीव तरारा। ● अमृत विचार



विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

सदस्यता अभियान सर्व समावेशी होगा। जिसमें समाज के हर वर्ग और हर क्षेत्र के लोगों को पार्टी के साथ जोड़ा जाएगा। मंडल अध्यक्ष रोहित आर्य ने सभी बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी व मंडल समिति से मंडल को मिला सदास्यता अभियान का लक्ष्य पूर्ण करने की अपील की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रोहित आर्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. शुभम शर्मा, मनोज विश्नोई, जितेंद्र सैनी, शेख चिरागुद्दीन, सुरेश सैनी, सुभाष सिंह, अरुण रस्तोगी, चंद्रपाल सिंह, अशोक शर्मा, अंकुर अग्रवाल, अंजू सिंह, मोहित आर्य, चंद्रसेन, राजपाल सिंह, मोहम्मद हसन, नरेंद्र उत्पल, गंगा शरण, राहुल जाटव, मंगत सिंह, अनवर चौधरी, हरिओम सहित सेक्टर संयोजक प्रभारी मौजूद रहे।

### बैठक में सदस्यता अभियान का लक्ष्य पूरा करने पर जोर

**बुरावली, अमृत विचार :** रुखालू मंडल क्षेत्र में भाजपा सदस्य अभियान की बैठक रविवार को राजवती विद्यापीठ इंटर कॉलेज बुरावली में हुई। मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी का सेक्टर संयोजक सरोज गुर्जर ने स्वागत किया। बैठक में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि सितंबर में सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास करें। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करने में जुटें। कार्यकर्ताओं को अवगत कराया कि प्रत्येक सदस्य बनने पर सक्रिय सदस्य बनना बहुत आवश्यक है। प्रत्येक बूथ पर काम से कम 200 नए सदस्य बनाएं। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करें। इस दौरान सुरेंद्र सिंह आर्य, मंडल अध्यक्ष हुकुम सिंह, सचिन विधूड़ी, सेक्टर संयोजक सरोज गुर्जर, अनुज अग्रवाल, सेक्टर संयोजक रूप किशोर प्रजापति, सतपाल विधूड़ी, सुभाष, अमरपाल, पिंटू गुर्जर, डॉ. सतवीर, लाला, जोगिंदर, लव कुश, भार्गव गुर्जर, लख्मीचंद, भीष्म, कुंवर पाल, अरविंद आदि उपस्थित रहे।



पंचायत में उपस्थित किसान। ● अमृत विचार

## 500 रुपये प्रति क्विंटल हो गन्ने का मूल्य

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** भाकियू की तहसील पंचायत में किसान नेताओं ने सरकार से किसानों के हित में गन्ने का मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने की मांग की।


रविवार को अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति में भाकियू की तहसील स्तरीय मासिक पंचायत में तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया। तहसील अध्यक्ष महेश ठाकुर एवं संजीव बालियान को तहसील महासचिव नियुक्त किया तथा अन्य सदस्य जल्द घोषित किए जाने के निर्देश दिए। पंचायत में तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह ने कहा कि क्षेत्र में छुट्टा पशुओं की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। छुट्टा पशुओं को गोशाला भिजवाया जाए। चीनी मिल को अक्टूबर में शुरू कराया जाए। पंचायत की अध्यक्षता महेश त्यागी पहलवान ने की तथा संचालन महेश ठाकुर ने किया। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह, हरिओम सिंह, शीशपाल सिंह, यशपाल आर्य, चंदन सिंह, उमेश कुमार, सुभाष सिंह, संजीव बालियान, ओमप्रकाश, महेश, तेजपाल आदि मौजूद रहे।

# सांसद ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने शिविर कार्यालय झनकपुरी में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी व अन्य लोग भी मौजूद रहे। सांसद ने लोगों की समस्याओं को भी सुना और निराकरण कराया।

सदस्यता अभियान को लेकर नौगांवा सादात मंडल की बैठक गांव बीलना के एक बैंक्वेट हाल में हुई। रजबपुर मंडल की बैठक गांव जलालपुर में एक बैंक्वेट हाल में हुई। जिसमें सांसद ने कार्यकर्ताओं से कहा कि एक सितंबर से भाजपा की ऑनलाइन सदस्यता अभियान शुरू हो रहा है। अधिक से अधिक लोगों से 8800002024 पर मिस्ड काल कराएं। इस दौरान धर्मेंद्र सिंह चौहान, रामनिवास गोला, चंद्रभान भाटी, सुधीर चौहान, मनोज शर्मा, जिला पंचायत सदस्य राहुल चौहान, भगवंत चौहान, अनुज औलख आदि रहे।



बीलना में बैठक में बोलते सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ।



मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा के आवास पर कार्यक्रम सुनते भाजपाई।

### प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष संबंधी उपलब्धियों की चर्चा की

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका के अध्यक्ष राजपाल सैनी के शिविर कार्यालय पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को नगर वासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष जगत से जुड़े युवाओं से बात की। उन्होंने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस और चंद्रयान-3 को लेकर भी बात की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के भारत में कितना ही कुछ ऐसा हो रहा है, जो विकसित भारत की नींव मजबूत कर रहा है। जैसे इस 23 अगस्त को ही हम सब देशवासियों ने पहला नेशनल स्पेस डे (राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस) मनाया। पिछले वर्ष इसी दिन चंद्रयान-3 ने चांद के दक्षिणी हिस्से में शिव-शक्ति बिंदू पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी। भारत इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने वाला दुनिया का पहला देश बना था। इस दौरान चेयरमैन राजपाल सैनी, नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी, अजय पाल, विक्रम महंत, गिरधारी लाल सैनी, धर्मेंद्र, शिवम, दिवाकर, नेत्रपाल सिंह, देवीराम सैनी, वीर सिंह, हेम सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं, मोहल्ला कायस्थान में भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा के आवास पर भी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुना।

# बुजुर्ग फोटोग्राफरों को सम्मानित किया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** अमरोहा फोटोग्राफर एसोसिएशन का वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बरेली जोन के प्रभारी अरविंद आनंद रहे। कार्यक्रम में बुजुर्ग फोटोग्राफरों को शॉल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।

कार्यक्रम में मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर से भी पदाधिकारी उपस्थित रहे। अमरोहा में फोटोग्राफी की वर्कशॉप कराने पर जोर दिया। लखनऊ की फोटो प्रदर्शनी के पोस्टर का विमोचन किया एवं जिलों के प्रभारियों ने बात रखी। अमरोहा जिला प्रभारी मनीष अरोड़ा ने पदाधिकारियों व सभी फोटोग्राफरों का आभार व्यक्त किया। जगदीश सैनी, दीपक कुशवाहा, दीपक मौर्य, गौरव कुमार आदि रहे।





कार्यक्रम में मौजूद एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जताया आभार

**अमरोहा, अमृत विचार :** शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने शिक्षकों और कर्मचारी के पेंशन स्कीम में यूपीएस लागू करने पर प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। रविवार को डॉ. हरि सिंह ढिल्लो के आवास पर बैठक हुई। बैठक में डॉ. ढिल्लो ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार शिक्षक और राज्य कर्मचारियों के हितों के लिए संजीदा है। शिक्षक और कर्मचारियों ने उनकी समस्याओं को उठाने को लेकर डॉ. ढिल्लो का आभार जताया। इस मौके पर वीरेंद्र सिंह, राजीव सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, कुलदेव सिंह मौजूद रहे।

### कमीशन एजेंट ने व्यापारी से की 25 लाख की ठगी

**बरेली, अमृत विचार :** माधोबाड़ी निवासी व्यापारी नीरज चौरसिया से ग्वालियर के कमीशन एजेंट ने माल दिलाने के बहाने 24 .80 लाख रुपये की ठगी कर ली। पैसे मांगने पर एजेंट ने सामान भेजने के फर्जी बिल भेज दिए। लेकिन उतने रुपयों का माल नहीं भेजा। मामले में एसएसपी के निर्देश पर थाना बारादरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार संक्षेप





विहिप के स्थापना दिवस कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### विहिप का 60वां स्थापना दिवस मनाया

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** रविवार को अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में विश्व हिन्दू परिषद के 60 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस (षष्ठी पूर्ति) मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ भारत माता व प्रभु श्री राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने श्रीराम मन्दिर, रामसेतु, गोरक्षा संवर्धन, लव जिहाद जैसे आन्दोलनों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, श्याम सुन्दर वर्मा, विभाग संगठन मंत्री गौरव प्रताप, प्रांत बल उपासना प्रमुख हेमंत सारस्वत, सिम्मी अग्रवाल, प्रमोद कुमार, जिला मंत्री विपिन शर्मा, नगर अध्यक्ष पराग मोहन अग्रवाल, नगर मंत्री मानधाता सैनी पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी, मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी प्रान्त संयोजिका रीता बसंत, प्रखंड संयोजिका मंजू, सुनिता, श्रद्धा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



जाहरवीर मेले का फीता काटकर आरंभ करते राजपाल सैनी व अन्य।

### जाहरवीर मेले का चेयरमैन ने किया आरंभ

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के शेखुपुर झकड़ी में बाबा जाहरवीर कमेटी के तत्वावधान में जाहरवीर लीला एवं मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर चेयरमैन राजपाल सैनी मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने शनिवार रात फीता काटकर लीला एवं मेले का आरंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजपाल सैनी ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से बच्चों में भी धार्मिक भावना बढ़ती है। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष वीर सिंह भगत, राकेश सैनी, संजीव सैनी, अभिनव ठाकुर आदि मौजूद रहे।



मंदिर में निरीक्षण करते चेयरमैन व अन्य। ● अमृत विचार

### चेयरमैन ने किया मंदिरों का निरीक्षण

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** रविवार को नगर पालिका के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व ईओ ने पालिका कर्मचारी व सभासदों संग प्राचीन गढ़ी मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर, बालाजी धाम व प्राचीन नवदुर्गा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पथप्रकाश, सफाई व जल व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए। ईओ अरुण कुमार यादव ने कहा कि जन्माष्टमी पर विशेष सफाई व्यवस्था नगर पालिका द्वारा की जा रही है। इस अवसर पर पालिका के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी अरुण कुमार यादव, वरिष्ठ लिपिक उमेश सैनी, लेखाकार सोनू पिवाल, जितेश कुमार, मधुसूदन गोयल, राजू बादशाह, सुनील प्रजापति, प्रत्यक्ष शर्मा आदि मौजूद रहे।
























## एक नजर

### तीन बच्चियों के अपहरण की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र के गांव कुम्हरा में तीन बच्चियों के अपहरण की सूचना से हड़कंप मच गया। पुलिस और संगठनों के लोग मौके पर पहुंचे लेकिन मामला जांच में फर्जी निकला। गांव कुम्हरा की तीन बच्चियां रविवार को आशाराम आश्रम जाने की बात कहकर घर से निकलीं थी। आरोप है कि एक युवक ने तीनों को बाइक पर बैठा लिया। जैसे ही वह चलने को हुआ वैसे ही तीनों लड़कियां कूद गई। ग्रामीणों को बताने पर भीड़ एकट्ठा हो गई। मौके पर कई संगठन के लोग पहुंच गए और आरोप लगाया कि दूसरे समुदाय का युवक लड़कियों को जबरन ले जाने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने मामले की जांच की तो प्रकरण फर्जी पाया गया। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि तीनों लड़कियां बाइक सवार से लिफ्ट मांगकर बैठी थीं। इसके बाद अपहरण की अफवाह उड़ गई।

### युवती के फंदा लगाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर, अमृत विचार :** आत्महत्या करने के लिए युवती को विवश करने के आरोप में पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। ग्राम धनौरी पट्टी प्रतापपुर निवासी विनय शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन ज्योति शर्मा की पिछले एक वर्ष से अमान निवासी विजयनगर के साथ दोस्ती थी। अमान उसके साथ विवाह करने के लिए उसे कई बार मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था। जब इसका उसकी बहन ने विरोध किया तो बीती 20 अगस्त को अमान उसकी बहन को अपने साथ लेकर गया था उसके साथ मारपीट करते हुए विवाह करने के लिए दबाव बनाया। जिससे वह आहत होकर मानसिक रूप से परेशान हो गयी। उसने अगले दिन दोपहर पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली।

### सालम क्रांति के नायकों को नमन किया

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** सालम क्रांति दिवस पर जैंती के धामद्यौ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री समेत विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक हस्तियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद नर सिंह एवं टीका सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानी नर सिंह और टीका सिंह ने अंग्रेजों से लड़ते हुए 25 अगस्त 1942 को इसी स्थान पर सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनकी बरसी पर हर साल धामद्यौ में शहीद दिवस मनाया जाता है।

# मायावती को 2027 का सीएम प्रत्याशी घोषित करें अखिलेश

## कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने विपक्ष पर साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता, संभल



संभल के निजी अस्पताल में ब्लड बैंक का उद्घाटन करते आचार्य प्रमोद कृष्णम।

**अमृत विचार:** कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा बसपा अध्यक्ष मायावती की तारीफ किये जाने को लेकर कहा कि अखिलेश यादव ने मायावती की तारीफ की है यह अच्छी बात है। अखिलेश यादव को चाहिए कि वह 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री पद का प्रत्याशी मायावती को बना दें वह ऐसा करेंगे तो हम समर्थन करेंगे।

संभल के हसीना बेगम अस्पताल में ब्लड बैंक का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में आचार्य प्रमोद कृष्णम ने जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन को लेकर राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि यह गठबंधन बेमेल निकाह है। इसका जल्दी तलाक हो जाएगा।

- देश में जितनी भी बीमारी हैं उनकी जड़ कांग्रेस में है

राहुल गांधी को बताना चाहिए क्या कश्मीर में दोबारा 370 लगवाना चाहते हैं या फिर पाकिस्तान से दोस्ती करना चाहते हैं। कहा कि इस देश में जितनी भी बीमारी हैं उनकी जड़ कांग्रेस में है। कांग्रेस ने 75 साल में इस देश को बहुत सारे जख्म दिए हैं और आज की कांग्रेस देश को तोड़ना चाहती है। आज की कांग्रेस और पुरानी कांग्रेस में जमीन आसमान का अंतर है। आचार्य प्रमोद ने कहा कि यह अफसोस की बात है कि अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे और शरद पवार जैसे सीनियर लीडर राहुल गांधी को अपना नेता मानते हैं। आचार्य प्रमोद ने यहां तक कहा कि राहुल गांधी अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं इसलिए उन्हें अच्छे हॉस्पिटल जाने की जरूरत है।

### अस्पताल की सुरक्षा में तैनात होंगे पीआरडी जवान

**काशीपुर, अमृत विचार:** सरकारी अस्पताल में अब पीआरडी जवान सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे। इसके लिये दो पीआरडी जवानों की तैनाती अस्पताल में होनी है। इसके पीछे अस्पताल में होने वाले चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने की बात कही जा रही है।

एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल में काशीपुर के अलावा बिजनौर, ठाकुरद्वारा, बाजपुर, अलीगंज, सुल्तानपुर पट्टी के साथ रामनगर और पर्वतीय क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में इलाज कराने पहुंचते हैं। अस्पताल चारों और से खुला होने के कारण अराजक तत्वों का भी आना जाना लगा रहता है। अस्पताल के मुख्य गेट पर ओएसटी सेंटर भी खुला हुआ है। जहां नशा करने वाले मरीजों को दवा दी जाती है। इस वजह से नशेड़ी भी परिसर में मंडराते रहते हैं। इधर अस्पताल की पार्किंग का ठेका अगस्त 2023 को समाप्त हो चुका है। निशुल्क पार्किंग व्यवस्था होने के बाद भी दोपहिया वाहन इमरजेंसी कक्ष के बाहर परिसर में जहां-तहां बेतरतीब ढंग से खड़े कर दिये जाते हैं। अस्पताल के सीएमएस डॉ. खेमपाल ने बताया कि अस्पताल में दो पीआरडी जवानों की तैनाती होनी है।

# उर्स-ए-रजवी में गूंजेंगे दहेज व बेटियों को विरासत देने के मुद्दे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बाहर से आने वाले उलमा की तकरीर के लिए दरगाह ने तय किए टॉपिक

**अमृत विचार:** उर्स-ए-रजवी में इस बार मुसलमानों के मौजूदा हालात के साथ दहेज प्रथा और बेटियों को विरासत में हिस्सा देने के मुद्दे गूंजेंगे। दरगाह आला हजरत की ओर से देश और विदेश से आने वाले उलमा की तकरीर के लिए ये मुद्दे तय किए गए हैं।

आला हजरत का 106 उर्स 29 से 31 अगस्त तक चलेगा। जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उर्स प्रभारी सलमान मियां के मुताबिक उर्स के मंच से उलमा अलग-अलग मुद्दों पर मुसलमानों को संदेश देंगे। ये मुद्दे दरगाह की ओर से तय किए गए हैं। सबसे ज्यादा जोर दहेज के खिलाफ रहेगा। उलमा इस सामाजिक बुराई के बहिष्कार के के साथ बेटियों को विरासत में हिस्सा देने की भी अपील करेंगे। इसके अलावा नशाखोरी, जुआ, महिलाओं पर जुल्म, सूदखोरी, लड़ाई-झगड़े और हत्याएं, शिक्षा में पिछड़ापन, शादियों में फिजूलखर्ची, निकाह और तलाक जैसे मुद्दों पर भी तकरीर होंगी। उलमा यह भी अपील करेंगे कि लोग सोशल मीडिया पर भड़काऊ टिप्पणी करने से बचें और ऐसी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया भी न दें।

सलमान मियां ने बताया कि मथुरापुर में भी उर्स की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। यहां वालंटियर चप्पे-चप्पे पर रहेंगे। उन्हें उर्स में आने वाले जायरीन से अदब से पेश आने को कहा गया है। जमात के राष्ट्रीय महासचिव फरमान मियां ने बताया कि शहर के लोगों से अपील की गई है कि वे उर्स में आने वाले जायरीन की खिदमत करे। उर्स की तैयारियां डॉ. मेहंदी हसन, इकराम रजा, शमीम अहमद, मोइन खान, अब्दुल्लाह खान, कौसर अली, यासीन खान, अजमत खान, आबिद नूरी, समरान खान की निगरानी में चल रही हैं। इस्लामिया ग्राउंड पर दरगाह प्रमुख मौलाना सुब्हानी मियां और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की देखरेख में तैयारी चल रही है।

### सड़क हादसे में एक छात्र की मौत, दो घायल

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एक स्कूटी पर सवार तीन छात्र शनिवार को हादसे का शिकार हो गए। भीमताल के पास फरसौली में उनकी स्कूटी फिसल गई थी। जिसमें तीनों छात्र घायल हो गए। दो गंभीर घायलों को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया, जहां एक छात्र को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे को परिजनों ने निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया है।

पुलिस के अनुसार उपराड़ी रानीखेत निवासी विवेक कुमार (22 वर्ष) पुत्र प्रकाश चंद्र भीमताल में रहता था और शहर के ही एक कॉलेज में पढ़ाता था। शनिवार की शाम वह अपने दो दोस्तों के साथ भीमताल लौट रहा था। जैसे ही वह फरसौली पहुंचे तभी अचानक स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में तीनों छात्र बुरी तरह घायल हो गए। आनन-फानन में एंबुलेंस की मदद से तीनों को सीएचसी भीमताल पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद एक की हालत ठीक पाई गई और उसे छुट्टी दे दी गई। जबकि अन्य दो छात्रों की हालत नाजुक होने पर उन्हें डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां चिकित्सकों ने विवेक को मृत घोषित कर दिया।

# पंचायत में ससुराल वालों के हमले में युवक घायल

संवाददाता, उसहैत (बदायूं)

- युवक का आरोप, ससुरालियों ने चाकू व तमंचा की बट से मारा

**अमृत विचार :** थाना उसहैत क्षेत्र के गांव भंद्रा में हुई पंचायत में ससुरालीजनों ने एक युवक समेत समेत तीन लोगों पर हमला कर दिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। हमलावर मौके से भा गए। घायल युवक को जिला अस्पताल भेजा।

गांव भंद्रा निवासी तस्लीम की शादी लगभग साल पहले जिला फर्रुखाबाद के घटियाघाट निवासी निजाम की बेटी रिजवाना के साथ हुई थी। तीन दिन पहले पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके चलते तस्लीम गुस्से में बाहर चला गया था। उसके परिजनों के अनुसार रविवार सुबह लगभग 10 बजे गांव भंद्रा निवासी गुड्डू पुत्र अब्दुल गफ्फार ने उन्हें फोन करके बुलाया। पत्नी से विवाद को सुलझाने की बात कहकहर तस्लीम को गांव बुलाया। जहां ग्रामीणों की पंचायत हुई। जिसमें तस्लीम और उसके ससुराल वालों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि ससुराल वालों ने लाठी-डंडों से उसपर हमला कर दिया। जिसमें तस्लीम, उनका भाई सोनू अंसारी, पिता बाबर अली घायल हो गए। आरोप है कि हमलावरों ने चाकू से हमला किया। तमंचे की बट से हमला करके लहूलुहान कर दिया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने गंभीर रूप से घायल तस्लीम को जिला अस्पताल भेजा। जहां उसने बताया कि पत्नी फोन पर ज्यादा बात करती थी।

# पोटली में बांधकर बच्ची को फेंका

संवाददाता, बरेली/कैंट

**अमृत विचार :** थाना कैंट क्षेत्र में ठिरिया निजावत खां में मनपुरिया रोड पर एक बच्ची को पोटली में बांधकर कब्रिस्तान के पास फेंक दिया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर एक व्यक्ति ने बच्ची को उठाकर निसंतान दंपती को सौंप दिया लेकिन किसी ने चाइल्ड हेल्प लाइन को सूचना दे दी। हेल्पलाइन के सुपरवाइजर ने बच्ची को दंपती से लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। डॉक्टरों के अनुसार बच्ची के ब्लड में इन्फेक्शन है।

ठिरिया निजावत खां निवासी कौसर अली ने बताया कि शुक्रवार शाम को 6 बजे वह किसी काम से मनपुरिया रोड पर कब्रिस्तान पर गए थे। वहां रोड पर झाड़ियों के बीच में बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी, पास जाकर देखा तो एक बच्ची पोटली में बंधी रो रही थी। आसपास लोगों की भीड़ लगी थी, लेकिन कोई बच्ची को छू नहीं रहा था, तब उन्होंने गले में पड़े गमछे में बच्ची को उठाया और बच्ची को ठिरिया के वार्ड सात में रहने वाले मैसर अली और उनकी पत्नी निशा को सौंप दिया। बच्ची पाकर निसंतान दंपति बहुत खुश हुए। इसी बीच शनिवार को किसी ने चाइल्ड लाइन को सूचना दे दी। शनिवार देर रात चाइल्ड लाइन की सुपरवाइजर मेघना शर्मा, रवि गंगवार ने थाने पहुंचकर बच्ची को मंगा लिया। इसके बाद बच्ची को जिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ को दिखाया। वहां डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची की उम्र अभी दो दिन है। उसके खून में इंफेक्शन है, इसलिए इलाज के लिए भर्ती करना पड़ेगा।

- बच्ची के रोने की आवाज सुनकर राहगीर ने उठाकर निसंतान दंपति को सौंपा
- चाइल्ड लाइन ने बच्ची को जिला अस्पताल में कराया भर्ती, ब्लड में है इन्फेक्शन

#### बच्ची के बिछड़ने से बेहाल हुई निशा

लोगों ने बताया कि मैसर अली और निशा की शादी को करीब 18 वर्ष हो गए हैं। उनके संतान नहीं है। शुक्रवार को जब कौसर अली ने मैसर अली और निशा के हाथों में बच्ची सौंपी तो दोनों बहुत खुश हुए। शाम 7 बजे मैसर अली बरेली पहुंचे और बच्ची के लिए नए कपड़े खरीदे। उसको डॉक्टर को दिखाया। गांव में हजारों रुपये की मिठाई बंटवा दी लेकिन अगले ही दिन उनकी खुशी गम में बदल गई। निशा का रो-रोकर बुरा हाल है। वह हाथ आई संतान के बिछड़ने से काफी परेशान हैं। वहीं मैसर अली भी परेशान हैं। मैसर अली ने बताया कि वह कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए तैयार हैं, लेकिन बच्ची उन्हें मिल जाए। सुपरवाइजर मेघना का कहना है कि कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही दंपति बच्ची को ले सकते हैं।

# भतीजे की हत्या के आरोपी दोनों चाचा गिरफ्तार

संवाददाता, नानकमत्ता

**अमृत विचार :** जमीन के विवाद में भतीजे की हत्या करने के आरोपी दोनों चाचाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

खटीमा प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह दानू ने रविवार को घटना का खुलासा किया। पुलिस के अनुसार स्वरूप सिंह निवासी चैतुआखेड़ा ने तहरीर देकर कहा था कि जमीन के विवाद को लेकर रंजिशन उसके सगे भाई मलकीत सिंह व मिल्खा सिंह निवासी चैतुआखेड़ा ने उसके पुत्रों बलविंदर सिंह और बंटी पर रात को सोते समय धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में बलविंदर सिंह की मौत हो गई थी। जबकि बंटी गंभीर रूप से घायल हो गया था। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने दोनों आरोपियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। साथ ही हत्या में प्रयुक्त रामपुरी चाकू और एक डंडा बरामद किया गया है। दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

आरोपी मलकीत सिंह का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ 2014, 2008 और 2022 में गंभीर धाराओं में नानकमत्ता थाने में मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष देवेन्द्र गौरव, अनिल जोशी थाना झनकईया, उपनिरीक्षक खटीमा अशोक काण्डपाल, उपनिरीक्षक संजय कुमार, उपनिरीक्षक कीर्ति भट्ट, हेड कांस्टेबल नवनीत कुमार, नवीन जोशी, प्रकाश आर्या आदि शामिल थे।

# नैनीताल के गांव में दो साल की बच्ची से दुष्कर्म

संवाददाता, नैनीताल

- गंभीरावस्था में बीडी पांडे अस्पताल में कराया उपचार
- पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी बुजुर्ग को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार:** नगर के समीपवर्ती गांव में रिश्ते के दादा द्वारा 2 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। पीड़ित बच्ची का नैनीताल के बीडी पांडे अस्पताल में उपचार कराया गया है। पुलिस ने बच्चे की मां की तहरीर पर दुष्कर्म के आरोपी बुजुर्ग को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार नगर के समीपवर्ती गांव में शनिवार शाम बच्ची की मां व अन्य लोग खेत में काम कर रहे थे। लगभग साढ़े चार बजे बच्ची के रोने की आवाज सुन बच्ची की मां घर पहुंची तो देखा कि पड़ोस में रहने वाले रिश्ते के दादा ने बच्ची को पकड़ रखा था। इस दौरान बच्ची की टांगों से खून बह रहा था। इससे परिजन घबरा गए। बच्ची की यह हालत देख उसकी मां बच्ची को लेने लगी तो आरोपी 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट करने लगा। किसी तरह बच्ची को छुड़ाकर परिजन नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां से बच्ची को बीडी पांडे अस्पताल भेज दिया गया।

बीडी पांडे अस्पताल में डॉ. द्रौपदी गर्ब्याल ने बच्ची का उपचार किया। डॉक्टर ने बताया कि बच्ची के सैम्पल लेकर जांच के लिए भेज दिए गए हैं। साथ ही पुलिस को भी सूचित कर दिया गया है। वहीं मामले में एसपी सिटी हरबंस सिंह ने बताया कि बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की मां द्वारा बताए गए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### करोड़ों रुपये की ठगी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर, अमृत विचार:** शहर के बहुचर्चित कमेटी के नाम पर करोड़ों की ठगी के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले में तीन लोगों के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज किये थे। मोहल्ला लाहोरियान निवासी गौरव मेहरोत्रा और मोहल्ला आवास विकास निवासी अमन सक्सेना ने पुलिस को अलग-अलग तहरीर सौंपी। इसमें कहा कि शुगर फैक्ट्री रोड, राजेंद्र नगर कॉलोनी निवासी सचिन शर्मा ने उन्हें बताया कि उसकी खुद की बैंकिंग कंपनी है और भारतीय रिजर्व बैंक से मान्यता प्राप्त है। कमेटी के नाम का व्यवसाय बैंकिंग के माध्यम से होता है। जो राज्य व केंद्र सरकार दोनों से ही मान्यता प्राप्त है। गौरव मेहरोत्रा ने लोगों के 3 करोड़ 22 लाख, 50 हजार रुपये तथा अमन ने 3 करोड़ 59 लाख 53 हजार रुपये की ठगी का आरोप लगाया था।

# पिता ने फोन कर कहा...मेरी लाश रेलवे लाइन से ले जाना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- राजपुरा में आर्मी कैंट रेलवे क्रॉसिंग पर हलवाई ने खाया जहर
- जहर खाने के बाद बेटे को फोन कर दी जहर खाने की जानकारी

**अमृत विचार :** काठगोदाम थाना क्षेत्र में रहने वाला एक व्यक्ति अचानक घर से लापता हो गया। कुछ समय बाद उसने बेटे को फोन किया और कहा कि वह उसकी लाश राजपुरा कैंट स्थित रेलवे क्रॉसिंग से ले जाए। युवक के पिता ने जहर खा लिया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार जगदीश चंद्र भट्ट (61 वर्ष) परिवार के साथ तिवारी फार्म दमुवाढूंगा बंदोबस्ती में रहते थे। वह पेशे से हलवाई थे। शनिवार की शाम वह अचानक घर से लापता हो गए। काफी वक्त गुजर गया और शाम को जगदीश ने अपने बेटे को फोन किया। कहा कि राजपुरा आर्मी कैंट के पास से उनका शव ले जाना। बेटा उन्हें ढूंढ़ता हुआ राजपुरा आर्मी कैंट के पास पहुंचा तो वहां रेलवे पटरी के पास भीड़ लगी थी। जगदीश चंद्र के पास एक जहर की शीशी और मोबाइल पड़ा था। बेटे के पहुंचने से पहले पुलिस और एंबुलेंस पहुंच चुकी थी।

आनन-फानन में जगदीश को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस जगदीश ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसकी जांच कर रही है।

# अल्मोड़ा के रक्षित भट्ट ने पीएम मोदी से की बात

संवाददाता, हल्द्वानी

- स्पेस टेक्नोलॉजी के बारे में प्रधानमंत्री को दी जानकारी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 113वें एपिसोड को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने स्पेस टेक्नोलॉजी यानी स्पेसटेक स्टार्ट-अप गैलेक्सआई से जुड़े अल्मोड़ा निवासी रक्षित भट्ट से भी बात की। कई सवाल पूछे, जिसके जवाब रक्षित ने दिए। मूलरूप से अल्मोड़ा निवासी रक्षित भट्ट का परिवार बरेली में रहता है। पिता मुकुल भट्ट वहां कारोबार करते हैं।



प्रधानमंत्री से बात करते रक्षित भट्ट।

प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराखंड से गहरा लगाव है। वह पहले भी मन की बात कार्यक्रम में राज्य के कई लोगों से बात करते रहे हैं।

सबसे पहले पीएम मोदी ने पूछा कि रक्षित आप उत्तराखंड में कहां से हैं? जिस पर रक्षित ने बताया कि वो अल्मोड़ा से है, जिसके जवाब में पीएम मोदी ने कहा कि बाल मिठाई वाले हैं। साथ ही कहा कि बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन अक्सर उनके लिए बाल मिठाई खिलाता रहता है। पीएम मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधार और स्पेसटेक स्टार्ट-अप गैलेक्सआई को लेकर बात की। जिस पर रक्षित ने पीएम मोदी को इस टेक्नोलॉजी के फायदे बताए। रक्षित ने बताया कि इस टेक्नोलॉजी के जरिये अंतरिक्ष से बादलों के आर-पार देख सकते हैं, साथ ही झींगा किसानों के लिए इस टेक्नोलॉजी के फायदे भी बताए। खास बात ये है कि इससे रात में भी देख सकते हैं, जिससे रोजाना देश के किसी भी कोने के ऊपर से एक साफ तस्वीर खींच सकते हैं।

रक्षित ने कहा कि इससे दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रख सकेंगे। हमारे बॉर्डर, महासागर और समुद्र के ऊपर रोजाना मॉनिटर कर सकेंगे। वहीं इस टेक्नोलॉजी से भारत के किसानों को सशक्त बना सकेंगे। जिसके लिए पहले से ही एक खास प्रोडक्ट बनाया है, जो अंतरिक्ष से भारत के झींगा किसानों के तालाब के पानी की क्वालिटी माप सकता है। जिस पर पीएम मोदी ने कहा कि इसका मतलब हुआ कि आपकी टोली जय जवान भी करेगी, जय किसान भी करेगी।

पीएम मोदी ने पूछा कि आपकी तकनीक की सटीकता कितनी है? जिस पर रक्षित ने बताया कि इससे हम 50 सेंटीमीटर से कम के रिजॉल्यूशन तक जा पाएंगे. जबकि, एक बार में करीब 300 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र की छवि ले सकेंगे।

# सड़क बनने के बाद रोज 15,00 लोग पहुंच रहे आदि कैलाश

संवाददाता, काशीपुर




काशीपुर में पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा का स्वागत करते पार्टी के लोग।

- केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने निकाय चुनाव की तैयारी करने के दिए निर्देश
- काशीपुर पहुंचे सांसद का भाजपाइयों ने किया स्वागत

**अमृत विचार:** केंद्रीय राज्य मंत्री बनने के बाद पहली बार काशीपुर पहुंचे अल्मोड़ा लोकसभा सांसद अजय टम्टा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने आगामी निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा निर्देश दिये। उन्होंने भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश कार्यकर्ताओं को दिये।

रविवार को केंद्रीय राज्य मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय व अल्मोड़ा लोकसभा सांसद अजय टम्टा काशीपुर पहुंचे। जहां उन्होंने रामनगर-काशीपुर आरओबी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आरओबी का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। जिसके बाद टम्टा मंडी समिति के गेस्ट हाउस पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात कर एक बैठक की। बैठक में उन्होंने काशीपुर के विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पहले आदि कैलाश में प्रति वर्ष 15 सौ लोग दर्शन के लिए पहुंचते थे। जबकि भाजपा की सरकार के नेतृत्व में आज आदि कैलाश तक सड़क पहुंचाने के बाद प्रतिदिन 15 सौ लोग आदि कैलाश के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ समेत गढ़वाल के सभी मुख्य मार्गों को टू लेन करने की तैयारी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा के दौरान ऋषिकेश के भारी जाम की स्थिति बनती है। जिसे देखते हुए नेपाली फार्म से नटराज चौराहे तक एक मार्ग बनाने की तैयारी की जा रही है। जिसमें पांच टनल बनाए जाएंगे। साथ ही मुरादाबाद से काशीपुर व काशीपुर से रामनगर तक फोरलेन हाईवे जल्द बनने जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी निकाय चुनाव की तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओ से निकाय चुनाव के प्रत्याशी के साथ ही सभी वार्डों पर भी भाजपा पार्षदों की जीत दर्ज कराने कहा।

### मृतक के फर्जी हस्ताक्षर कर कराई वसीयत

**बरेली, अमृत विचार :** जालसाजों ने मृतक के फर्जी हस्ताक्षर और दस्तावेज तैयार करके फर्जी वसीयत तैयार कर ली। अब आरोपी 20 लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे हैं। कोर्ट के आदेश पर थाना सीबीगंज पुलिस ने 11 नामजद समेत 23 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सीबीगंज के नंदौसी निवासी बुजुर्ग जागनलाल ने बताया कि गांव में उनकी खेती की जमीन है। ये जमीन उन्होंने नौबतराम से ली थी। इस जमीन पर कब्जा करने के लिए गांव के ही प्रेमनारायण शुक्ला ने नौबतराम की मौत के बाद उनके फर्जी हस्ताक्षर करके वसीयत अपने हक में तैयार करा ली। इसमें खलीलपुर निवासी हरीश कुमार, श्यामसुंदर निवासी नदौसी के गवाह के रूप में हस्ताक्षर हैं। आरोपी उनसे 20 लाख रुपये की रंगदारी की मांग कर रहे हैं।

# बुजुर्ग से टप्पेबाजों ने उतरवाई सोने की चेन और अंगूठी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दो युवकों ने बुजुर्ग को मौसा कहकर बुलाया और घटना को दिया अंजाम

**अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में टप्पेबाजों ने एक मिठाई लेने जा रहे बुजुर्ग को निशाना बनाया। उन्हें बातों में उलझाया। जिसके बाद बुजुर्ग ने खुद ही अपनी सोने की चेन और अंगूठी निकालकर उन्हें दे दी। टप्पेबाज वहां से फरार हो गए। बुजुर्ग ने पुलिस को तहरीर दी है।

शहर की आवास विकास कॉलोनी निवासी ओमप्रकाश अरोड़ा शनिवार को मिठाई और नाश्ता लेने के लिए बाजार जा रहे थे। दो युवक उनके पास पहुंचे। मौसा कहकर संबोधित किया और बात करने लगे। मौसा बोलने की वजह से वह उनसे काफी देर तक बात करते रहे। बोले कहां जा रहे हो ओमप्रकाश ने बताया कि मिठाई और नाश्ता लेने जा रहे हैं तो उसमें से एक युवक वहां से चला गया और मिठाई खरीदकर ले आया। बुजुर्ग को दे दी। जिसके बाद वह दोनों युवक बुजुर्ग की सोने की चेन और अंगूठी की तारीफ करने लगे। कहा कि उनके घर में शादी है। उन्हें जेवर की डिजाइन बनवानी है। उनकी चेन और अंगूठी की डिजाइन अच्छी है। इसी तरह बनवाएंगे। ओमप्रकाश उनकी बातों में आ गए और अपनी चेन और अंगूठी निकालकर दे दी। जिसे पाकर दोनों युवकों ने बुजुर्ग को धक्का दिया और वहां से भाग गए। बुजुर्ग ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आसपास की प्रतिष्ठानों के सीसीटीवी फुटेज चेक की है। मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बनभूलपुरा क्षेत्र से दो नाबालिग बहनें लापता

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** नाबालिग लड़कियों के लापता होने का सिलसिला नहीं थम रहा है। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र से दो और किशोरियां (सगी बहनें) लापता हो गईं। शनिवार की सुबह किशोरियों के दादा नमाज के लिए उठे तो वह गायब थीं। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

किशोरियों के दादा ने पुलिस को बताया कि 23 जुलाई की रात वह अपनी 15 वर्षीय और 14 वर्षीय पोती के साथ घर में सोए थे। 24 अगस्त की सुबह पांच बजे जब वह नमाज पढ़ने के लिए उठे तो दोनों बिस्तर पर नहीं थीं। उन्होंने इधर-उधर देखा, लेकिन जब कहीं पता नहीं चला तो परिजन पुलिस के पास पहुंचे। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। परिजनों के मुताबिक इनमें से एक किशोरी मार्च 2024 में भी घर से बिना बताए चली गई थी। तब पुलिस ने उसे दिल्ली से बरामद किया था।

## इंस्पायर अवॉर्ड को सर्वाधिक नामांकन के साथ यूपी प्रथम

**लखनऊ, अमृत विचार :** भारत सरकार के विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्रालय की तरफ से 2024-25 में इंस्पायर अवॉर्ड के लिए अब तक सर्वाधिक नामांकन करने में प्रदेश विद्यार्थी अव्वल रहे हैं। पहली जुलाई से प्रारंभ हुई नामांकन की प्रक्रिया 15 सितंबर तक चलेगी। देश के बच्चों को रचनात्मक बनाने के लिए इंस्पायर (इनोवेशन इन साइंस परस्यूट फॉर इंस्पायर्ड रिसर्च) अवॉर्ड-मानक (मिलियन माइंड्स ऑगमेंटिंग नेशनल एस्पिरेशंस एंड नॉलेज) दिए जाएंगे। इसका उद्देश्य छात्रों को विज्ञान के प्रति जागरूक करना है। यह पुरस्कार 10 से 15 वर्ष और कक्षा 6 से 10 के छात्रों प्रदान किया जाएगा। एक स्कूल की तरफ से अधिकतम पांच नवाचार प्रस्तुत किए जाते हैं। 23 अगस्त तक के आंकड़ों के मुताबिक 40 हजार से अधिक नामांकन के साथ उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। राजस्थान दूसरे स्थान पर हैं। यहां से अब तक 25 हजार नामांकन हुए हैं। 20 हजार से अधिक नामांकन के साथ कर्नाटक तीसरे स्थान पर है।

# जनस्वास्थ्य की नीतियां बनाने के लिए आधार बनेगा बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर

## एलोपैथिक डॉक्टरों की वास्तविक संख्या सामने आएगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर (एनएमआर) लॉन्च हो जाने के बाद केन्द्र और राज्य सरकारों को जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में नीतियां तय करने में सुगमता हो जा जाएगी। इस डेटा बेस से देश में एलोपैथिक डॉक्टरों की न केवल वास्तविक संख्या सामने आ जाएगी बल्कि यह भी तय हो जाएगा कि एक मरीज पर कितने डॉक्टर हैं और वे किस क्षेत्र के चिकित्सा विशेषज्ञ हैं। इतना ही नहीं, कोविड जैसी आपदा के समय सरकारों को चुनौतियों का प्रबंधन करने में भी आसानी होगी।



दरअसल, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बीते दिनों बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर (एनएमआर) लॉन्च किया है। इसके बाद अब एमबीबीएस, एमडी, एमएस, सुपर विशेषज्ञों सहित आधुनिक चिकित्सा का अभ्यास करने वाले सभी डॉक्टरों को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के साथ खुद को फिर से पंजीकृत करना होगा। इस रजिस्टर (पोर्टल) को नेशनल मेडिकल कमिशन (एनमसी) और नेशनल हेल्थ अथॉरिटी ने मिलकर तैयार किया है। यह भारत में सभी एलोपैथिक (एमबीबीएस) पंजीकृत डॉक्टरों के लिए एक व्यापक और महत्वपूर्ण डेटाबेस होगा।

इसका अहम उद्देश्य प्रधानमंत्री की मंशानुरुप हेल्थ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करना है। नेशनल मेडिकल रजिस्टर एनएमसी एक्ट 2019 की धारा 31 के तहत जरूरी है। इस कवायद से देश में कुल डॉक्टरों की संख्या, देश छोड़ने वालों, प्रैक्टिस करने का लाइसेंस खोने वालों या जान गंवाने वाले डॉक्टरों की संख्या और समग्र तस्वीर सामने आएगी। इससे 13 लाख से अधिक डॉक्टरों के डेटा का सुनिश्चित होगा। एनएमआर को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत हेल्थकेयर प्रोफेशनल रजिस्ट्री का हिस्सा बनाया गया है, जिसमें मेडिकल प्रोफेशनल्स का पूरा विवरण होगा। इस संबंध में बरेली के चिकित्सक डॉ. अतुल अग्रवाल का कहना है कि अभी तक देश में डॉक्टर्स की वास्तविक संख्या ही नहीं पता है, इस पहल से वर्तमान में किस राज्य में कितने डाक्टर है साफ हो जाएगा।

### डॉक्टरों को मिलेगा यूनीक आईडी

पंजीकरण के बाद देश के सभी डॉक्टरों को यूनीक आईडी मिलेगी। दरअसल, वन नेशन वन रजिस्ट्रेशन की तर्ज पर नेशनल मेडिकल रजिस्टर को लागू किया गया है। इससे एमबीबीएस पास करते ही डॉक्टर का एनएमआर पर रजिस्ट्रेशन हो जाएगा और इससे अलग- अलग राज्यों में रजिस्ट्रेशन से लेकर किसी भी तरह की गड़बड़ी की संभावना खत्म हो सकेगी। इसके बाद सरकार पैरामेडिक्स और अन्य स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के लिए भी इसी तरह का रजिस्टर शुरू करने की दिशा में आगे बढ़ेगी।



"यह एक अच्छी पहल है, इससे न केवल वास्तविक डॉक्टरों की संख्या स्पष्ट होगी बल्कि मरीजों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर किस क्षेत्र के कितने विशेषज्ञ हैं, का भी पता चल जाएगा। इससे डबल्यूएचओ के मानकों को पूरा करने की दिशा भी तय होगी। – डॉ. सचिन वैश्य, पीएमएस अध्यक्ष उप्र.

## चार रोजगार मेलों में 30 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार

**लखनऊ, अमृत विचार :** युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रोजगार मेला प्रयोग का अगला पड़ाव 27 अगस्त से 2 सितंबर तक मैनपुरी, अलीगढ़, मीरजापुर और मुरादाबाद में होगा। इसमें 50 से अधिक निजी कंपनियां 30 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र देगीं। एक-एक हजार नियुक्ति पत्र खुद मुख्यमंत्री से दिलाने की योजना है।

यह जानकारी व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने दी। बताया कि रोजगार मेला के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। 27 अगस्त को मैनपुरी, 28 अगस्त को अलीगढ़, एक सितंबर को मीरजापुर और 2 सितंबर को मुरादाबाद में रोजगार मेला का आयोजन प्रस्तावित है। रोजगार मेला और नियुक्ति पत्र वितरण के इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रह सकते हैं।

## 21-22 बैच के आईपीएस अफसरों के हुए तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केशव झा मुरादाबाद और देवेंद्र कुमार को बरेली भेजा गया

**अमृत विचार :** शासन ने वर्ष 2021-22 बैच के 18 आईपीएस अफसरों का तबादला किया है। इन सभी अधिकारियों की तैनाती क्षेत्राधिकारी अथवा सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर थी। जिलों में स्थानांतरण के बाद कई अधिकारियों को एएसपी के पद पर तैनाती मिल सकती है।

जिन अधिकारियों का तबादला हुआ है, उनमें आईपीएस केशव झा को सहायक पुलिस अधीक्षक अयोध्या से मुरादाबाद भेजा गया है। इसी क्रम में अनंत चंद्रशेखर को सहायक पुलिस आयुक्त प्रयागराज से आजमगढ़, रालापल्ली वराग कुमार को सहायक पुलिस आयुक्त लखनऊ से गोरखपुर, देवेंद्र कुमार को सहायक पुलिस आयुक्त वाराणसी से बरेली भेजा गया है। इसके अलावा डॉ. मुकुर्त सहायक पुलिस आयुक्त कानपुर नगर से लखनऊ कमिश्नरेट, सुधांशु नायक सहायक पुलिस अधीक्षक सहारनपुर से कमिश्नरेट कानपुर, श्रवण रूनवॉल सहायक पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद से कमिश्नरेट लखनऊ, डॉ. ईशान सोनी सहायक पुलिस अधीक्षक बरेली से कमिश्नरेट वाराणसी, राजकुमार मीणा सहायक पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर से कमिश्नरेट प्रयागराज, सुमित सुधाकर सहायक पुलिस आयुक्त गाजियाबाद से पुलिस कमिश्नरेट कानपुर, भोसले विनायक सहायक पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर से कमिश्नरेट आगरा, अंकित जैन सहायक पुलिस अधीक्षक झांसी से मेरठ, मनोज कुमार यादव सहायक पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर से सहारनपुर, निजुल सहायक पुलिस अधीक्षक मेरठ से बुलन्दशहर, ट्विंकल जैन सहायक पुलिस अधीक्षक मथुरा से कमिश्नरेट नोएडा, लिपि नागवच सहायक पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ से कमिश्नरेट ग़ाज़ियाबाद, आलोक कुमार सहायक पुलिस अधीक्षक गोरखपुर से झांसी, मयंक पाठक सहायक पुलिस अधीक्षक आगरा से अलीगढ़ भेजे गए हैं।

## मायावती पर टिप्पणी करने वाले पर चंद्रशेखर आजाद हुए हमलावर

# विधायक को जूतों से पीटना चाहिये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** मथुरा की मांट सीट से भाजपा विधायक राजेश चौधरी द्वारा मायावती पर टिप्पणी करने का विवाद गहराता जा रहा है। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भीम आर्मी प्रमुख व नगीना सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने रविवार को यहां कहा कि मायावती पर टिप्पणी करने वाले विधायक को जूतों से पीटना चाहिये। भाजपा के कुछ नेताओं के दिमाग खराब हो गये हैं। वह हैसियत से ज्यादा बोलने लगे हैं। कभी-कभी वह अपने नेताओं को खुश करने के चक्कर में यह भी भूल जाते हैं कि इसके परिणाम क्या-क्या हो सकते हैं।

गौशाला स्थित एमवीआर ग्रांड होटल से निकलने के बाद सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मीडिया से बातचीत में कहा कि बहन जी (मायावती) हमारी नेता हैं, आदर्श हैं। उनके सम्मान में यदि कोई गलत शब्द कहेगा तो फिर भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के लोग उससे हिसाब-किताब लेंगे। मैं उनको सावधान करना चाहता हूं। चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि आज मंडल कमीशन के अध्यक्ष बीपी मंडल के साथ ही राम स्वरूप वर्मा की जयंती है। इस जयंती पर बांदा में सामाजिक न्याय सम्मेलन हो रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में हालात खराब चल रहे हैं, अखबार में महिलाओं के साथ हत्या, रेप, चोरी, डकैती, भ्रष्टाचार की खबरें आती हैं। यह उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था और जो गरीबों, कमजोरों, किसानों के दमन की राजनीति चल रही है यह उसका सच है। चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि सीसामऊ विधानसभा का उप चुनाव हमारे लिये कोई चुनौती नहीं है। असपा-भीम आर्मी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी कोशिश कर रहे हैं। जनता हमारे साथ है। पार्टी अपनी तैयारी कर रही है।

### हमने फैसला पढ़ा है इसलिये कर रहे विरोध



चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि हम आरक्षण में वर्गीकरण के खिलाफ इसलिये प्रदर्शन कर रहे हैं क्योंकि हमने सुप्रीम कोर्ट का फैसला पढ़ा है। हम चाहते हैं कि हम भाइयों की एकजुटता बनी रहे। इसीलिये हमने प्रयास किया है कि बहुत जल्द हम अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की सभी जातियों के प्रतिनिधियों को बुलाकर वार्ता करेंगे।

## देश भर के बिजली अभियंताओं को दिया जाए पुरानी पेंशन का लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पावर इंजीनियर फेडरेशन ने लिखा प्रधानमंत्री को पत्र

**अमृत विचार:** देश भर के बिजली अभियंताओं व कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए। इस सिलसिले में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजा। फेडरेशन ने पत्र की प्रतिलिपि सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी भेजा है।

फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे व सेक्रेटरी जनरल पी रत्नाकर राव ने सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद सम्मानजनक जीवन यापन देने की प्रधानमंत्री की पहल का स्वागत करते हुए अनुरोध किया है कि इस मामले में सबसे दयनीय अवस्था में चल रहे देश भर के ऊर्जा क्षेत्र के कर्मियों के लिए भी पुरानी पेंशन की व्यवस्था लागू की जाए। दोनों नेताओं ने साझा बयान में कहा कि एकीकृत पेंशन स्कीम पुरानी पेंशन स्कीम का विकल्प नहीं है। इसमें काफी विसंगतियां हैं। ऊर्जा क्षेत्र के कर्मियों की स्थिति सबसे दयनीय है। उन्होंने बताया कि राज्य बिजली बोर्ड के विघटन के बाद भर्ती होने वाले कर्मचारियों को पावर सेक्टर में पेंशन से महरूम कर दिया गया है।

**ऊर्जा निगमों में निदेशकों के पद पर लागू किया जाए आरक्षण :** पावर आफीसर्स एसोसिएशन ने ऊर्जा निगमों में खाली चल रहे निदेशकों के पद पर आरक्षण लागू करने की मांग की है। एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन इस सिलसिले में जारी विज्ञापन को निरस्त कर नए सिरे से विज्ञापन जारी करे।

## सपा-कांग्रेस से अब गठबंधन नहीं: माया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश की हमदर्दी के बाद शुरू हुई अटकलों पर लगा विराम



**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि सपा व कांग्रेस से अब कभी गठबंधन नहीं होगा। बसपा प्रमुख के इस बयान से भाजपा विधायक के उन पर टिप्पणी किए जाने व सपा प्रमुख अखिलेश यादव की हमदर्दी के बाद गठबंधन को लेकर शुरू हुई अटकलों पर विराम लग गया है।

बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिए सवाल उठाते हुए कहा कि कि क्या आरक्षण विरोधी इन दलों के साथ अब किसी भी चुनाव में गठबंधन करना एससी, एसटी व ओबीसी के हित में होगा। यह कतई नहीं होगा। ऐसे में इन वर्गों को खुद अपने दम पर खड़े होना है, यही सलाह है। प्रयागराज में बीते दिन कांग्रेस के संविधान सम्मान समारोह पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर के अनुयायी इन्हें कभी माफ नहीं करेंगे, जिसने संविधान के मुख्य निर्माता बाबा साहब को जीते जी व देहांत के बाद भी भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित नहीं किया। इसी तरह, डॉ आंबेडकर के मूवमेंट को गति देने वाले कांशीराम का देहांत होने पर केंद्र में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने राष्ट्रीय शोक व प्रदेश में सत्तारूढ़ सपा सरकार ने राजकीय शोक घोषित नहीं किया। इनकी ऐसी सोच, चाल व चरित्र से जरूर सजग रहें। उन्होंने सवाल उठाते हुए कि भाजपा से पहले केंद्र की सत्ता में रही कांग्रेस ने अभी तक जातिगत जनगणना क्यों नहीं कराई, जबकि बसपा हमेशा जातिगत जनगणना की पक्षधर रही है। अन्य भी कई ऐसे मुद्दे हैं जहां पिछड़ों को लेकर कांग्रेस व अन्य को अपनी स्थिति साफ करनी चाहिए।

# राष्ट्र की कीमत पर राजनीति बिल्कुल नहीं: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, मथुरा

- मुख्यमंत्री ने मथुरा में 1037 करोड़ की 178 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास



मीरा ग्रंथ का विमोचन करते मुख्यमंत्री। साथ में सांसद हेमा मालिनी व अन्य अतिथि।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्र की कीमत पर राजनीति बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री रविवार को मथुरा में ब्रज के विकास के लिए कृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर 1037 करोड़ की 178 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जो लोग दुनिया के अंदर हर मुद्दों पर मुखर होते हैं, उनके सबके मुंह बांग्लादेश की घटना पर बंद हैं। उन्हें वोट बैंक खिसकने का भय है। पैरों के नीचे की जमीन की चिंता है। इन लोगों को फिलीस्तीन दिखता है, लेकिन बांग्लादेश नहीं, क्योंकि वहां मंदिर तोड़े जा रहे हैं और हिंदुओं को मारा जा रहा है। संतों पर अत्याचार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें वर्तमान की चुनौतियों को समझना पड़ेगा। जो चुनौती सनातन धर्म के सामने है, वही भारत की चुनौती है। जो भारत की चुनौती है, वही सनातन धर्म की है। दोनों एक-दूसरे से खुद को अलग नहीं कर सकते। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि संतों को समाज को एकजुट करने के लिए एक साथ जुटना होगा। अगर हमने भूल की, समाज फिर से बंटा और जो साजिशें हो रही हैं, वह सफल हुईं तो हालात खराब होंगे। बांग्लादेश के अंदर हिंदुओं पर यातनाएं हो रही हैं। मठ-मंदिर तोड़े जा रहे हैं। शास्त्र, दर्शन, साधना पद्धति तभी सुरक्षित हो पाएगी, जब सनातन धर्म, देश व हिंदू समाज सुरक्षित होगा। हमें एक-एक को जोड़ना पड़ेगा और उन विभाजनकारी ताकतों को बेनकाब करना होगा, जो अपना उल्लू सीधा करने के लिए वादों के आधार पर समाज को बांटना चाहती हैं।

**सीएम ने की हेमा मालिनी की प्रशंसा:** मुख्यमंत्री ने सांसद हेमा मालिनी को तीसरी बार जिताने के लिए ब्रजवासियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने हेमा मालिनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके भीतर कला व विकास के प्रति समर्पण का भाव है। जब हेमामालिनी पहली बार सांसद बनी तो संसद में पहला मुद्दा उठाते हुए कहा था कि क्या यमुना मैया को शुद्ध होने का अधिकार नहीं है। विकास की योजनाओं को लेकर वह हमेशा सक्रिय रहती हैं।

### अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी के भजन एल्बम का किया विमोचन

मुख्यमंत्री ने फिल्म अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी के भजन एल्बम व उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के जरिए संकलित मीरा ग्रंथ का विमोचन भी किया। सीएम ने बटन दबाकर बरसाना के राधा रानी मंदिर के रोप-वे, यमुना में पीपीपी मोड पर क्रूज, पांचजन्य प्रेक्षागृह की शुरुआत की।

## फेल हुआ पैसेंजर ट्रेन का इंजन, परीक्षार्थियों ने किया हंगामा

**महोबा, अमृत विचार :** वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन (झांसी) से प्रयागराज जा रही पैसेंजर ट्रेन का रविवार को बेलाताल रेलवे स्टेशन पर इंजन फेल हो गया। ट्रेन में बड़ी संख्या में यूपी सिपाही भर्ती परीक्षा के परीक्षार्थी सवार थे, उन्होंने स्टेशन पर हंगामा कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही महोबा प्रशासन द्वारा प्राइवेट बस व अन्य वाहनों का इंतजाम कर परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक समय से पहुंचाया गया। इसके बाद रेल प्रशासन ने 2 घंटे बाद दूसरा इंजन भेजकर ट्रेन को गन्तव्य स्थान के लिए रवाना किया गया। झांसी प्रयागराज पैसेंजर 11801 रविवार को अपने निर्धारित समय 7:40 के स्थान पर 8:17 पर वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन से चली। ट्रेन में सिपाही भर्ती परीक्षा देने वाले ज्यादातर परीक्षार्थी बैठे हुए थे।


## वर्ग पहेली-172

**बाएं से दाएं**

3. उतरन।
4. 1. किसी कार्य या व्यवहार पर लज्जित होने का भाव या अवस्था, शर्मिंदगी 2. किसी बात पर आंखें नीची करना, लजाना।
5. 1. तंबाकू, सिगरेट आदि के धुएं का घूंट, दम, फूंक, खींच 2. खींचने की क्रिया या भाव।
6. युवती, औरत, स्त्री।
8. 1. थूक 2. पीब, मवाद 3. (चिकित्साविज्ञान) शरीर की श्वेत कोशिकाओं वाला रंगहीन द्रव जो शरीर को संक्रमण से बचाता है, (लिंफ़)।
9. 1. शीशा, कांच 2. काला नमक 3. आंख की एक बीमारी 4. मोम।

**ऊपर से नीचे**

1. आराम करने के लिए लंबी कुरसी जिसपर अधलेटे झपकी भी ली जा सकती है।
2. 1. किसी कार्य को भविष्य में करने के लिए स्थगित या मुलतवी करना 2. किसी अवांछित व्यक्ति या कार्य से पीछा छुड़ाना, टरकाना 3. किसी युक्ति द्वारा भावी समस्या या संकट से बचना 4. किसी अधिकारी आदि के आदेश को अनसुना करना, उल्लंघन करना, (अनुरोध) न मानना।
3. 1. सत्कर्म के लिए प्रेरित करने वाले वचन, नेक सलाह, सीख 2. विद्वानों द्वारा धर्म तथा नीति संबंधी बताई गई अच्छी-अच्छी बातें 3. आज्ञा, निर्देश 4. दीक्षा, गुरु मंत्र।
5. सफ़ेद खड़िया, एक प्रकार का चूना पत्थर जो लिखने और सफ़ेदी के काम आता है, खड़िका।



### वर्ग पहेली-171 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 चाँ | | 2 उ | | 3 अ | |
| दी | | पो | | 4 कु | ऑं |
| | | स | | ला | |
| 5 थ | 6 प | थ | पा | ना | |
| | रि | | | | 7 ख़ा |
| | 8 वा | यु | र | हि | त |
| | द | | | | मा |

## सुडोकू-85

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 6 | | | 8 | |
| | 7 | 1 | 9 | | | 6 | | 2 |
| | 5 | | 2 | | 3 | | 1 | |
| | | 2 | 3 | | | | 6 | |
| 9 | | | | | | | | 4 |
| | 6 | | | | 5 | 7 | | |
| | 3 | | 5 | | 1 | | 9 | |
| 6 | | 8 | | | 9 | 2 | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | | 3 |

### सुडोकू-84 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 8 | 4 | 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 4 | 9 | 6 | 8 | 2 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 |
| 2 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 5 | 2 |
| 4 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 7 | 3 | 8 |
| 5 | 3 | 6 | 7 | 8 | 2 | 1 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 अगस्त सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 27 अगस्त 02.19 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 15.55 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष:** आज प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े सतर्क रहें। उधार दिए हुए धन की चिंता हो सकती है। भोजन में स्वाद को लेकर कुछ नाराज हो सकते हैं। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर विचार-विमर्श कर सकते हैं।

**वृष:** आज कानूनी अड़चनें दूर हो सकती हैं। कार्यों को पूरा करने के लिए पूरी ताकत लगा देंगे। व्यक्तिगत रिश्तों को मजबूत करेंगे। जॉब में आपको अपेक्षित लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। जीवनस्तर को अच्छा करने की कोशिश करेंगे।

**मिथुन:** आज लोग आपकी भावनाओं का मजाक उड़ा सकते हैं। अचानक ही बड़े खर्चे सामने आ सकते हैं। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। कार्यस्थल में परेशानी हो सकती है। मनोनुकूल परिणाम न मिलने से मन उदास रहेगा।

**कर्क:** आज अविवाहित लोगों का रिश्ता तय हो सकता है। पुरानी गलती से सीखकर आगे बढ़ना उचित होगा। कोई बड़ी संपत्ति की डील फाइनल हो सकती है। नए व्यवसाय को शुरू करने में सफलता मिलेगी। सहकर्मियों के साथ संबंध मधुर रहेंगे।

**सिंह:** आज विरोधियों पर आप भारी पड़ने वाले हैं। किसी नजदीकी रिश्तेदार की वजह से आपको लाभ मिलेगा। घर और ऑफिस में मरम्मत संबंधी काम करवा सकते हैं। किसी दूसरे व्यवसाय में आप निवेश करेंगे। कार्यक्षेत्र में स्थायित्व की स्थिति रहेगी।

**कन्या:** आज अपरिचित लोगों पर ज्यादा भरोसा न करें। जॉब में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। जीवनसाथी के साथ मनमुटाव हो सकता है। आपकी मानसिकता नकारात्मक हो सकती है। नसों में खिंचाव और दर्द जैसी समस्या को अनदेखा न करें।

**तुला:** आज कुछ आवश्यक कार्य बाधित हो सकते हैं। दूसरों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें। आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी। सर्वाइकल का दर्द उभर सकता है। फोन के माध्यम से कोई तनाव भरी सूचना मिल सकती है।

**वृश्चिक:** आज मांगलिक आयोजन में सम्मिलित होने का निमंत्रण मिल सकता है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई में काफी ध्यान देना पड़ेगा। वैवाहिक जीवन को पूरा समय नहीं दे पाएंगे। किसी मित्र की मध्यस्थता से विवाद निपट जाएंगे।

**धनु:** आज समय का पर्याप्त सदुपयोग करेंगे। कार्य के साथ आपको पर्याप्त मात्रा में आराम करना चाहिए। शेयर बाजार में आपको काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिजनों के साथ हास्य-विनोद में समय बिताएंगे।

**मकर:** आज आपको बहुत सारा काम एकसाथ करना पड़ेगा। मशीनरी से जुड़े व्यवसाय में परेशानी होगी। कोई बुरी सूचना मिल सकती है। लोग आपकी उपलब्धियों को कम आंक सकते हैं। मित्रों की सहायता से उलझे हुए काम सुलझ जायेंगे। समय को व्यर्थ बर्बाद न करें।

**कुंभ:** आज आपकी प्रतिष्ठा को हानि पहुंच सकती है। जीवनसाथी से गुस्से और तनाव के लहजे में बातचीत न करें। व्यवसाय की गुणवत्ता पर ध्यान दें। अपने आपको सही सिद्ध करने की कोशिश न करें। समय तेजी से आगे बढ़ने का है।

**मीन:** आज कारोबार में अस्थिरता की स्थिति समाप्त होगी। अपने कार्य को उत्साहपूर्वक करें। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। आपके संपर्क का दायरा बढ़ेगा। वरिष्ठ लोगों से आपके संबंध मजबूत होंगे। आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
हैसियत – सुबह : 11.07
हैप्पी हार्डी एंड हीर – शाम : 06.50

**&pictures**
कूगल कुट्टप्पा – सुबह : 10.57
लव शुदा – रात : 08.00

**Sony Pix**
एज ऑफ टूमारो – सुबह : 11.09
द डार्क नाईट राइसेस – रात : 09.00

**Zee Cinema**
वलाटी – सुबह : 10.20
स्कंदा – रात : 08.00

**Colors Cineplex**
उगराम – दोपहर : 01.00
हनु-मान – रात : 08.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चोर- हम घर लूटने आए हैं, मगर बंदूक घर पर भूल आए हैं।
चिंटू- कोई बात नहीं, आप लोग शरीफ आदमी लगते हो, आज घर लूट लो कल आकर बंदूक जरूर दिखा जाना।
चिंटू का दिमाग देखकर चोर सन्न रह गया।

शिक्षक पप्पू से- बस इरादे बुलंद होने चाहिए, पत्थर से भी पानी निकाला जा सकता है।
पप्पू- मैं तो लोहे से भी पानी निकाल सकता हूं सर।
शिक्षक- कैसे ?
पप्पू- हैंड पंप से

## एक नजर

### जन्माष्टमी की राष्ट्रपति प्रधानमंत्री ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी है और लोक कल्याण तथा देश की प्रगति की कामना की है। मुर्मु ने जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर कहा कि हम श्रीकृष्ण की शिक्षाओं को आत्मसात करें तथा देश की प्रगति और समृद्धि के लिए काम करने का संकल्प लें। धनखड़ ने लोगों को नीतिपरायणता के मार्ग को अपनाने का आह्वान किया। मोदी ने महाराष्ट्र में महासम्मेलन की शुरुआत जय श्रीकृष्ण के उद्घोष से की और लोगों को बधाई दी।

### गोरखा समुदाय ने काला झंडा फहरा किया प्रदर्शन

**जयगांव।** गोरखा समुदाय ने अपनी मांगों को लेकर केंद्र सरकार को जगाने के लिए रविवार को यहां एक बड़ा प्रदर्शन किया। रोहिणी गेट से सिमलबाड़ी तक काला झंडा फहराकर उन्होंने सरकार की अनदेखी और अन्याय के खिलाफ अपना विरोध जताया। प्रदर्शन का नेतृत्व निमा लामा ने किया। उन्होंने शहीद मेजर दुर्गा मल्ल की पुण्यतिथि पर प्रदर्शन का आयोजन किया और गोरखा समुदाय के देश के लिए किए गए बलिदान को याद किया।

### पांच लाख के इनामी नक्सली दंपती ने किया आत्मसमर्पण

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित धमतरी जिले में इनामी नक्सली दंपती ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में नक्सली टिकेश उर्फ टिकेश्वर वट्टी और उसकी पत्नी प्रमिला उर्फ गणेशी नेताम ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। उनके सर पर पांच पांच लाख रुपए का इनाम है।

# न्याय को सरल बनाने की सबकी जिम्मेदारी : मोदी

## जोधपुर हाईकोर्ट के 75 वर्ष पूरे होने पर हुए प्लेटिनम जुबली समारोह को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

**जोधपुर, एजेंसी**



राजस्थान हाईकोर्ट के प्लैटिनम जुबली के कार्यक्रम में शामिल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्याय को सरल एवं स्पष्ट बनाने के लिए सबकी सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा है कि राष्ट्रीय एकता न्याय व्यवस्था का नींव का पत्थर है और यह जितना मजबूत होगा, हमारे देश की व्यवस्थाएं उतनी ही मजबूत होंगी। मोदी ने रविवार को उच्च न्यायालय जोधपुर के 75 वर्ष पूरे होने पर आयोजित प्लेटिनम जुबली समारोह को संबोधित किया।


उन्होंने कहा कि संतोष है कि देश में इस दिशा में कई ऐतिहासिक एवं निर्णायक कदम उठाये गये हैं और पूरी तरह अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को रद्द किया गया हैं और आजादी के इतने दशक बाद गुलामी की मानसिकता से उबरते हुए इंडियन पीनल कोड की जगह भारतीय न्याय संहिता को अपनाया है। मोदी ने कहा कि दंड की जगह न्याय, यह भारतीय चिंतन का आधार भी है। भारतीय न्याय संहिता इस मानवीय चिंतन को आगे बढाती है। भारतीय न्याय संहिता हमारे लोकतंत्र को कोलोनियल माइंडसेट से आजाद करती है। उन्होंने कहा कि न्याय संहिता की यह मूलभावना ज्यादा से ज्यादा प्रभावी बने, ये दायित्व अब हम सभी के सामने है। आज देश के सपने भी बड़े है और देशवासियो की आकांक्षाएं भी बड़ी है, इसलिए यह जरुरी है कि हम नये भारत के हिसाब से नये नवाचार करे और अपनी व्यवस्थाओं को आधुनिक बनाये। यह जस्टिस फार ऑल के लिए भी उतना ही जरुरी है। उन्होंने कहा कि हमारी न्यायपालिका ने निरंतर राष्ट्रीय विषयों पर सजगता और सक्रियता की नैतिक जिम्मेदारी निभाई है। कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का देश के संवैधानिक एकीकरण का उदाहरण हमारे सामने है। सीएए जैसे मानवीय कानून का उदाहरण हमारे सामने है। ऐसे मुद्दों पर राष्ट्रहित में स्वाभाविक न्याय क्या कहता है, यह हमारी अदालतों के निर्णयों से पूरी तरह से स्पष्ट होता रहा है। उच्च न्यायालय से लेकर उच्चत्तम तक, न्यायपालिका ने अनेकों बार ऐसे विषयों पर राष्ट्र प्रथम के संकल्प को सशक्त किया है।

### प्रधानमंत्री ने फिर किया सेक्युलर सिविल कोड का जिक्र

प्रधानमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त को मैंने लालकिले से सेक्युलर सिविल कोड की बात की है। इस मुद्दे पर भले ही कोई सरकार पहली बार इतनी मुखर हुई हो लेकिन हमारी न्यापालिका दशकों से इसकी वकालत करती आई है। राष्ट्रीय एकता के मुद्दे पर न्यायपालिका का यह स्पष्ट रुख न्यायपालिका पर देशवासियों में भरोसा और बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान हाईकोर्ट के अस्तित्व से हमारे राष्ट्र की एकता का इतिहास भी जुड़ा है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने जब 500 से ज्यादा रियासतों को जोड़कर देश को एक सूत्र में पिरोया था, उसमें राजस्थान की भी कई रियासतें थीं। जयपुर, उदयपुर और कोटा जैसी कई रियासतों के अपने हाईकोर्ट भी थे। इनके इंटिग्रेशन से राजस्थान हाईकोर्ट अस्तित्व में आया। यानी, राष्ट्रीय एकता न्याय व्यवस्था का भी नींव का पत्थर है। यह जितना मजबूत होगा, हमारा देश और देश की व्यवस्थाएं भी उतनी ही मजबूत होंगी।

# मादक पदार्थों का अवैध कारोबार भारत व अंतर्राष्ट्रीय समस्या : शाह

**रायपुर, एजेंसी**



- छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों पर हुई बैठक में बोले गृहमंत्री, कहा- दृढ़ संकल्प एवं रणनीति से इस समस्या से पा सकते हैं पार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों का अवैध कारोबार ना केवल भारत के लिए चुनौती है, बल्कि यह एक अंतर्राष्ट्रीय समस्या है। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प एवं रणनीति के साथ देश इस समस्या से पार पा सकता है। शाह ने नवा रायपुर के होटल में छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के परिदृश्य पर हुई बैठक को संबोधित किया।

शाह ने मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ लड़ाई में सफलता के लिए मादक पदार्थों का पता लगाने, नेटवर्क को नष्ट करने, अपराधी को हिरासत में लेने और नशे के आदी लोगों का पुनर्वास करने के चार सूत्रों पर जोर दिया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक देश को नशा मुक्त बनाने का संकल्प किया है, जब आजादी का 100वां वर्ष मनाया जाएगा। नशा मुक्त भारत का संकल्प समृद्ध, सुरक्षित और गौरवशाली भारत बनाने में बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों का कारोबार ना केवल भारत के लिए बल्कि अंतर्राष्ट्रीय समस्या है।

शाह ने कहा कि मादक पदार्थों के अवैध व्यापार का उद्देश्य ना केवल युवाओं को बर्बाद करना है बल्कि इससे उत्पन्न धन का उपयोग राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में भी किया जाता है। केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के उपयोग पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के दुरुपयोग का प्रतिशत 1.45 है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। छत्तीसगढ़ की सीमा ओड़िशा और आंध्र प्रदेश सहित सात राज्यों से लगती है, जहां से मादक पदार्थों की तस्करी की जाती है।

# छत्रपति संभाजीनगर हवाई अड्डे पर मोदी का एमवीए ने किया विरोध

**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी**

- महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि के विरोध में किया प्रदर्शन

महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे के नेतृत्व में महाविकास अगाढ़ी (एमवीए) के नेताओं ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि के विरोध में रविवार को प्रधानमंत्री मोदी के आगमन पर चिकलथाना हवाई अड्डे के सामने विरोध प्रदर्शन किया।

मोदी जलगांव जिले में आयोजित लखपति दीदी कार्यक्रम के लिए पहुंचे थे। कार्यकर्ताओं ने काले कपड़े पहने और काली तख्तियां लेकर राज्य भर में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। दानवे ने कहा कि देश में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने बदलापुर, अकोला और कई अन्य स्थानों में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उदाहरणों का हवाला दिया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया।

# पुणे में आपत्तिजनक नारे लगाने पर 300 के खिलाफ मुकदमा

**पुणे।** पुलिस ने पुणे डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर आपत्तिजनक नारे लगाने के बाद 300 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि धार्मिक नेता रामगिरि महाराज द्वारा इस्लाम के खिलाफ की कथित टिप्पणियों के विरोध में प्रदर्शन हुआ था। इस दौरान आपत्तिजनक नारे लगे थे। मोर्चा में शामिल 300 लोगों के खिलाफ बंडगार्डन पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

# यूपीएस में यू का मतलब मोदी सरकार का यू-टर्न : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने पेंशन योजना पर किया कटाक्ष

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को केंद्र पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में यू का मतलब मोदी सरकार का यू-टर्न है। एक दिन पहले ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत एक जनवरी 2004 के बाद सेवा में आने वालों के लिए वेतन के 50% के बराबर पेंशन को मंजूरी दी थी।

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों से पहले सरकारी कर्मचारियों की मांगों को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यूपीएस को मंजूरी दी गई। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि चार जून के बाद जनता की शक्ति प्रधानमंत्री के सत्ता के अहंकार पर हावी हो गई है। खरगे ने कहा कि दीर्घ अवधि के पूंजीगत लाभ/सूचकांककरण के बारे में बजट में कदम वापस लिया, वक्फ विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजा, प्रसारण बिल और लेटरल एंट्री वापस ली गई। कांग्रेस प्रमुख ने एक्स पर कहा कि हम जवाबदेही सुनिश्चित करते रहेंगे और 140 करोड़ भारतीयों को इस निरंकुश सरकार से बचाएंगे!

### भाजपा ने कांग्रेस से पूछा- हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन का वादा कब करेंगे पूरा

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार की एकीकृत पेंशन योजना पर कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी का जवाब देते भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस हिमाचल प्रदेश में किए गए पुराने पेंशन के वादे को कब पूरा करेगी? रविशंकर ने कहा कि राहुल गांधी बताएं कि क्या उनकी सरकार ने हिमाचल में पुरानी पेंशन योजना लागू की है। कांग्रेस पेंशन के वादे से खुद ही परेशान हो गई है, जिसके चलते लोकसभा चुनाव के घोषणापत्र में उसने इस वादे को शामिल ही नहीं किया। कांग्रेस सिर्फ वोट के लिए घोषणा करती है। जनता को उस पर भरोसा नहीं है।

# देश में कराया जाए जाति जनगणना : चिराग

**रांची, एजेंसी**



- योजना से केंद्र व राज्य सरकारों को होगी सहूलियत

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के दूसरी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने देश में जाति जनगणना कराने पर बल देते हुए कहा कि इससे योजना बनाने में केंद्र और राज्य सरकार को सहूलियत होगी।

पासवान ने कहा कि केंद्र, राज्य के स्तर से कमजोर, वंचित वर्ग के लाभ के लिए योजनाएं बनाई जाती है। उनकी पार्टी चाहती है कि देश में जातीय जनगणना हो। इससे सरकार के पास वंचितों, कमजोरों के वास्तविक आंकड़े सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि आंकड़े सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं है लेकिन सरकार के पास इसके आंकड़े होने चाहिए। पासवान ने कहा कि झारखंड में पार्टी चुनाव लड़ेगी और इसका फैसला जल्द हो जाएगा कि वह एनडीए गठबंधन के साथ लड़ेंगी या अकेले लड़ेगी। झारखंड में भी संगठन जिलों में खड़ा किया जा चुका है।

# कक्षा छह का छात्र खिलौना समझकर स्कूल ले आया पिस्तौल

**नई दिल्ली।** नजफगढ़ में 10 वर्षीय छात्र के स्कूल बैग से पिस्तौल मिली है। पुलिस ने रविवार को बताया कि छात्र ने सोचा कि यह खिलौना है और वह इसे स्कूल ले गया। पुलिस अधिकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार को दीपक विहार के निजी स्कूल में हुई। स्कूल प्रबंधन ने छात्र की मां को बुलाया, जिसने कहा कि उनके पति के पास लाइसेंसी पिस्तौल थी। महिला ने बताया कि उसके पति की कुछ महीने पहले मौत हो गई थी और उसने पिस्तौल थाने में जमा कराने के लिए बाहर रखी थी।

# नेकां-कांग्रेस के खिलाफ पीडीपी न उतारे प्रत्याशी

**गांदरबल (जम्मू कश्मीर), एजेंसी**



- महबूबा के समर्थन देने की बात पर उमर उमर अब्दुल्ला ने की टिप्पणी

नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने रविवार को दावा किया कि पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने उनकी पार्टी के घोषणापत्र की नकल की है और जम्मू कश्मीर के लिए नेकां-कांग्रेस उम्मीदवारों के खिलाफ महबूबा मुफ्ती-नीत पार्टी से प्रत्याशी नहीं उतारने को कहा।

अब्दुल्ला की यह टिप्पणी महबूबा द्वारा यह कहे जाने के एक दिन बाद आई है कि कांग्रेस-नेकां गठबंधन को पीडीपी पूर्ण समर्थन देगी और यदि यह गठबंधन पीडीपी के एजेंडे को स्वीकार करता है तो वह चुनाव में सभी सीट छोड़ देंगी। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में नेकां कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। अब्दुल्ला ने कहा कि नेकां ने विधानसभा चुनाव के लिए एक व्यापक घोषणापत्र तैयार किया है, जिसकी अन्य दलों ने नकल की है।

# जेल में हुआ मुख्य आरोपी का पॉलीग्राफी

**कोलकाता कांड**

**नई दिल्ली, एजेसी**

आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय का पॉलीग्राफ टेस्ट कोलकाता की प्रेजीडेंसी जेल में हुआ। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि कोलकाता में सीबीआई के कार्यालय में दो ओर लोगों का पॉलीग्राफ टेस्ट होगा।

उन्होंने बताया कि शनिवार को पूर्व प्राचार्य संदीप घोष समेत चार लोगों का पॉलीग्राफ टेस्ट किया गया था। सीबीआई ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय से कहा था कि स्थानीय पुलिस ने प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और उसकी हत्या के मामले को दबाने का प्रयास किया था और जब तक संघीय एजेंसी ने जांच अपने हाथ में ली, तब तक अपराध स्थल से छेड़छाड़ की जा चुकी थी। कोलकाता के सरकारी अस्पताल में नौ अगस्त को चिकित्सक का शव मिला था, जिस पर गंभीर चोटों के निशान थे। इस घटना के संबंध में कोलकाता पुलिस ने रॉय को अगले दिन गिरफ्तार किया था।

### आरजी कर अस्पताल के पास 31 तक निषेधाज्ञा

**कोलकाता।** पुलिस ने सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निकट लागू निषेधाज्ञा की अवधि को एक और सप्ताह के लिए यानी 31 अगस्त तक बढ़ा दिया है। निषेधाज्ञा पहली बार 18 अगस्त को लागू की गई थी, जिसके तहत निर्दिष्ट क्षेत्र में पांच से अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध है। कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल ने कहा कि बेलगछिया रोड-जे के मित्रा क्रॉसिंग से लेकर उत्तर कोलकाता के श्यामबाजार 'फाइव-पॉइंट क्रॉसिंग' के कुछ हिस्सों तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 (2) लागू की गई है। निषेधाज्ञा की अवधि बढ़ाए जाने का उद्देश्य क्षेत्र में किसी भी प्रकार के उपद्रव को रोकना और शांति एवं व्यवस्था बनाए रखना है। यह निर्णय अस्पताल में एक महिला चिकित्सक से बलात्कार और उसकी हत्या की घटना के मद्देनजर लिया गया है।



## एक नजर

### अधिग्रहण की तलाश में इन्फोसिस: सीईओ

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी इन्फोसिस इस वर्ष दो अधिग्रहणों के बाद और कंपनियों को लेने की तैयारी में है। इन्फोसिस के सीईओ सलिल पारेख ने कहा कि कंपनी डेटा एनालिटिक्स, सेवा के तौर पर सॉफ्टवेयर (एसएएएस) जैसे क्षेत्रों में अधिग्रहण की इच्छुक है तथा यूरोप और अमेरिका के कुछ भौगोलिक क्षेत्रों पर भी विचार कर सकती है। पारेख ने कहा कि हम पैमाने के संदर्भ में इसी आकार पर विचार करेंगे और हमारी संरचना को देखते हुए हम इनमें से कुछ अधिग्रहण कर सकते हैं। कंपनी ने प्रौद्योगिकी क्षेत्र में 45 करोड़ यूरो के अधिग्रहण किए हैं।

### ओएनजीसी ने केजी फील्ड में कुआं खोला

**नई दिल्ली।** तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने रविवार को कहा कि उसने बंगाल की खाड़ी में कृष्णा गोदावरी बेसिन में अपनी प्रमुख गहरे समुद्र की परियोजना का एक और कुआं खोला है। कंपनी ने कहा कि इससे उसे कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। जनवरी में, ओएनजीसी ने केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 या केजी-डी5 ब्लॉक से तेल का उत्पादन शुरू किया था। इसे रिफाइनरियों में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में परिवर्तित किया जाता है।

### अमेरिकी नियामक ने यूजिया को फटकारा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने अरबिंदो फार्मा की अनुषंगी कंपनी यूजिया को उसके तेलंगाना स्थित संयंत्र में विनिर्माण संबंधी कमियों के लिए फटकार लगाई है। यूजिया फार्मा स्पेशिलिटीज के सीईओ युगांधर पुव्वाला को लिखे चेतावनी पत्र में अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने बताया कि कंपनी उत्पादन और प्रक्रिया सिमुलेशन के लिए आंकड़ों की सटीकता सुनिश्चित करने में विफल रही है।

# वैश्विक संकेत तय करेंगे बाजार की चाल

## जीडीपी के आंकड़े, फेडरल रिजर्व के प्रमुख की टिप्पणियां भी कर सकती है प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- निवेशकों की नजर वायदा एवं विकल्प कारोबार में मासिक सौदों के निपटान पर होगी

इस सप्ताह जारी होने वाले जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) आंकड़े समेत प्रमुख वृहत आर्थिक आंकड़े, वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटाने और वैश्विक संकेतों से बाजार की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने रविवार को यह कहा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल की टिप्पणियों का भी बाजार पर असर दिख सकता है।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि इस सप्ताह, हमारा अनुमान है कि शेयर-विशिष्ट गतिविधियों के साथ बाजार में धीरे-धीरे तेजी देखने को मिलेगी। निवेशकों की नजर वायदा एवं विकल्प कारोबार में मासिक सौदों के निपटान के साथ-साथ वैश्विक संकेतों पर रहेगी। बाजार मंगलवार को जैक्सन होल संगोष्ठि में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देगा। पॉवेल ने शुक्रवार को संकेत दिया कि केंद्रीय बैंक सितंबर की बैठक में अपनी ब्याज दर में कटौती करेगा। पॉवेल ने अपने संबोधन में भविष्य में ब्याज दर में कटौती के लिए आधार तैयार किया। एक्सिस सिक्योरिटीज पीएमएस के मुख्य निवेश अधिकारी नवीन कुलकर्णी ने कहा कि बाजार सितंबर में फेडरल रिजर्व की अगली बैठक के दौरान ब्याज दर में कटौती की उम्मीद कर रहा है। नौकरियों के कमजोर आंकड़ों के बीच ऐसे संकेत हैं कि नीतिगत दर में कटौती की गति तेज हो सकती है। पॉवेल का मानना है कि भविष्य में अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मंदी आने की संभावना कम है। नीतिगत दर में कटौती आम सहमति के अनुरूप होगी और अधिक कटौती की संभावना कम हो सकती है।

### एफपीआई ने बॉण्ड बाजार में 11,366 करोड़ लगाये

**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों ने इस महीने देश के बॉण्ड बाजार में 11,366 करोड़ रुपये लगाये हैं। साथ बॉण्ड क्षेत्र में शुद्ध रूप से पूंजी प्रवाह इस साल एक लाख करोड़ पार कर गया है। भारत के बॉण्ड बाजार में विदेशी निवेशकों की मजबूत खरीदारी का कारण जून में जेपी मॉर्गन के उभरता बाजार सरकारी बॉण्ड सूचकांक में भारत को शामिल किये जाने को दिया जा सकता है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 24 अगस्त तक बॉण्ड बाजार में 11,366 करोड़ लगाये हैं। भारतीय बॉण्ड बाजार में जुलाई में 22,363 करोड़, जून में 14,955 करोड़ और मई में 8,760 करोड़ के निवेश हुए थे। इससे पहले, अप्रैल में 10,949 करोड़ निकाले थे। इस ताजा पूंजी प्रवाह से 2024 में अब तक बॉण्ड में एफपीआई का शुद्ध निवेश 1.02 लाख करोड़ पहुंच गया है।

# शीर्ष नौ कंपनियों की पूंजी 95,522 करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण संयुक्त रूप से बीते सप्ताह 95,522.81 करोड़ रुपये बढ़े। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और एचयूएल सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। बीएसई का सेंसेक्स शुक्रवार को चौथे कारोबारी सत्र में 33.02 अंक यानी 0.04% बढ़कर 81,086.21 पर बंद हुआ। गत सप्ताह सेंसेक्स में 649.37 अंक यानी 0.80% की बढ़ोतरी हुई।

रिलायंस इंडस्ट्रीज की पूंजी 29,634.27 करोड़ बढ़कर 20,29,710.68 करोड़ रुपये रही। टीसीएस 17,167.83 करोड़ बढ़कर 16,15,114.27 करोड़ और भारती एयरटेल 12,268.39 करोड़ बढ़कर 8,57,392.26 करोड़ रुपये रहा। वहीं आईसीआईसीआई बैंक का 11,524.92 करोड़ रुपये बढ़कर 8,47,640.11 करोड़ रुपये रहा।

# खाद्य तेलों में मिला-जुला रुख रहा, अधिकांश दालें सस्ती

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सरसों तेल 74 और सूरजमुखी तेल 72 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ा
- सोया रिफाइंड 74 और वनस्पति तेल 33 रुपये प्रति क्विंटल उतरा

विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर होने से दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा जबकि अधिकांश दालें सस्ती हो गईं वहीं जिंसों में टिकाव रहा।

वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का सितंबर वायदा सप्ताहांत पर 99 रिंगिट उबलकर 3975 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.45 सेंट की तेजी के साथ 39.54 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल 74 रुपये और सूरजमुखी तेल 72 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि सोया रिफाइंड 74 रुपये और वनस्पति तेल 33 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया। वहीं, मूंगफली तेल और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 13187 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19560 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12380 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 12014 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8666 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11133 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

# सेबी के आदेश की समीक्षा कर रहे अनिल अंबानी, उठाएंगे उचित कदम

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- विनिमय बोर्ड पूंजी बाजार से पांच साल के लिए किया है प्रतिबंधित

उद्योगपति अनिल अंबानी पूंजी बाजार नियामक सेबी के आदेश की समीक्षा कर रहे हैं। वे कानूनी सलाह पर उचित कदम उठाएंगे। उनके प्रवक्ता ने रविवार को यह कहा। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अनिल अंबानी को पूंजी बाजार से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।

प्रवक्ता ने कहा कि रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) से जुड़े मामले में सेबी के 11 अगस्त, 2022 के अंतरिम आदेश का पालन करने के लिए अंबानी ने रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और रिलायंस पावर लिमिटेड के निदेशक मंडल से इस्तीफा दे दिया था। ढाई वर्षों से उक्त अंतरिम आदेश (11 फरवरी, 2022) का अनुपालन कर रहे हैं। सेबी ने 22 अगस्त को दिए आदेश में अनिल और 24 अन्य को धन की हेराफेरी के आरोप में प्रतिभूति बाजार से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर 24 करोड़ का जुर्माना भी लगाया था। अनिल उक्त मामले में सेबी द्वारा पारित 22 अगस्त के अंतिम आदेश की समीक्षा कर रहे हैं और कानूनी सलाह के अनुसार अगला कदम उठाएंगे।

# विलुप्त होती ककुनी की पैदावार करके गरीबी दूर करेंगे किसान

- बदायूं में चार दशक पहले होती थी मक्का के साथ ककुनी की खेती
- सौ रुपये किलो बिकता है ककुनी का दाना, उपवास में बनाए जाते हैं लड्डू
- कृषि विभाग ने किसानों को किया प्रेरित बड़ी मंडियों में बेची जाएगी ककुनी

**केपी शर्मा, बदायूं**

**अमृत विचार :** चार दशक पहले तक परंपरागत खेती के रूप में उपयोग की जाने वाली ककुनी की फसल किसानों को फिर मालामाल बनाएगी। विलुप्त हो चुकी पौष्टिकता से भरपूर इस फसल को कृषि विभाग ने फिर से बोवाई के लिए किसानों को प्रेरित किया है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति ठीक हो सके।

किसान जुलाई में मक्का और बाजरा की फसल में ककुनी बोते थे। एक बीघा खेत में एक क्विटल तक इसकी पैदावार होती है। ककुनी 100 से 125 रुपये किलो में बिकता है। इसका दाना पोस्ता से भी छोटा होता है। महिलाएं उपवास पर खाने के लिए इसके लड्डू तैयार करती हैं जबकि मिष्ठान विक्रेता इसका प्रयोग कुछ खास मिठाइयों में करते हैं इसलिए ककुनी अन्य फसलों से महंगी बिकती है।

### जुलाई में मक्का के साथ होती है बोवाई

ककुनी जुलाई में मक्का के साथ बोया जाता है। जो अक्टूबर में तैयार हो जाता है। ककुनी के पौधे को नीलगाय और हिरन खा लेते हैं। ककुनी के पौधे की महक तेज होने से जंगली जानवर दूर से चले आते हैं। ककुनी में सूड़ी जल्द लगती है जो जड़ काट देती है और पौधा नष्ट हो जाता था। कई तरह की परेशानियों के चलते किसान ककुनी की खेती से किनारा कर गए। इसलिए अब मंडल में ककुनी कहीं देखने को भी नहीं मिलती है। केवल बड़े किराने स्टोरों पर मिलती है। जो महंगे दामों पर खरीदी जाती है।

### गेहूं जैसी बाली होती है ककुनी की

ककुनी अधिक पानी में पेड़ नष्ट होता है। किसान खेत की मेड़ों पर या फिर मक्का ज्वार के बीच में इसे तैयार करते थे, जिससे ककुनी सुरक्षित रहे। इसके पेड़ में गेहूं जैसी बाली आती है। पकने पर इसका दाना झड़ने लगता है। इसलिए पकने से पहले ही काट लिया जाता है।

ककुनी की फसल किसान काफी समय से नहीं कर रहे हैं, इसलिए ककुनी कहीं भी दिखाई नहीं देती है। अब कृषि विभाग ककुनी का बीज किसानों को मुहैया कराएगा और किसानों को ककुनी की फसल करने को प्रेरित करेगा। ककुनी महंगे दामों पर बिकती है। एक बीघा खेत में अधिकतम एक क्विटल की पैदावार होती है। इस समय इसकी कीमत सौ रुपये किलो से कहीं अधिक है। अब किसान ककुनी लगाएंगे जिससे उन्हें आर्थिक लाभ होगा। ककुनी के पेड़ पर दवा का छिड़काव करने की विधि बतायी जाएगी। जिससे कोई जानवर उसे न खा पाए।
– दुर्गेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी।

# फिटनेस के पैमाने पर लक्ष्य की परीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के सर्किट पर आगामी टूर्नामेंटों के लिए सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में रहने के लक्ष्य के साथ भारत के लक्ष्य सेन रविवार को अपने शरीर के विस्तृत आकलन के लिए ऑस्ट्रिया रवाना हुए। पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने के करीब पहुंचने के बाद चौथे स्थान पर रहे अल्मोड़ा के 22 वर्षीय लक्ष्य के साल्जबर्ग में रेड बुल एथलीट परफोर्मेंस सेंटर में कई परीक्षण की मदद से विस्तृत आकलन होगा जिससे कि उनकी फिटनेस और खेल को बेहतर किया जा सके।

विमल ने पीटीआई से कहा लक्ष्य शारीरिक आकलन के लिए ऑस्ट्रिया जा रहा है। वहां एक अच्छा खेल



● शारीरिक आकलन के लिए लक्ष्य ऑस्ट्रिया रवाना

संस्थान है जहां वह कुछ शारीरिक एक्सरसाइज करना चाहता है। वह आज रवाना हो गया और एक हफ्ते में लौट आएगा। लक्ष्य के साथ उनके ट्रेनर गौरव और उत्तराखंड के 15 वर्षीय जूनियर बैडमिंटन खिलाड़ी निश्चल चंद भी गए हैं जो उन्हें सप्ताह भर खेल से जुड़ी जानकारी रखने में मदद करते हैं। विमल ने कहा परीक्षणों में मुख्य रूप से विशिष्ट स्ट्रैंथ से जुड़े पहलुओं पर ध्यान दिया जाएगा। कई शीर्ष खिलाड़ियों ने वहां जाकर परीक्षण कराया है। हमने उसकी चोटों को लेकर डॉ. दिनशॉ पारदीवाला के साथ भी सलाह मशविरा किया है।

लक्ष्य के इस साल सितंबर में हांगकांग सुपर 500 और चीन ओपन सुपर 1000 में खेलने की संभावना है। विमल का मानना है कि लक्ष्य को अपनी संपूर्ण फिटनेस पर काम करते रहना चाहिए, खास तौर पर इस बात को ध्यान में रखते हुए कि वह किस तरह का खेल खेलता है। उसे निश्चित रूप से फिटनेस के पहलुओं पर बेहतर होने की जरूरत है, खास तौर पर गति, मजबूती और अन्य चीजों पर उसे काम करने की जरूरत है।



# तन्वी ने एशियाई अंडर-15 का खिताब जीता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय खिलाड़ी तन्वी पत्री ने चीन के चेंग्दू में रविवार को खेले गए फाइनल में वियतनाम की थि थू हुयेन गुयेन को सीधे गेम में हराकर बैडमिंटन एशिया अंडर-17 एवं अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप में अंडर-15 वर्ग में लड़कियों का एकल खिताब जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त 13 वर्षीय तन्वी ने 34 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी पर 22-20, 21-11 से जीत हासिल की।

तन्वी इस जीत से सामिया इमाद फारूकी और तस्नीम मीर की सूची में शामिल हो गईं, जिन्होंने क्रमशः 2017 और 2019 में अंडर-15 लड़कियों का एकल खिताब जीता था। तन्वी ने पूरे टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए रखा और उन्होंने जो पांच मैच खेले उनमें एक भी गेम नहीं हारा। फाइनल के पहले गेम में तन्वी एक समय 11-17 से पीछे चल रही थी लेकिन इसके बाद वियतनाम की खिलाड़ी ने कई गलतियां की जिसका फायदा उठाकर भारतीय खिलाड़ी पहला गेम अपने नाम पर करने में सफल रही। इस तरह से भारत ने इस प्रतियोगिता में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता। ज्ञान दत्तू टीटी ने शनिवार को अंडर-17 वर्ग में लड़कों की एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में तन्वी पत्री की खिताबी जीत और अंडर-17 पुरुष एकल वर्ग में ज्ञान दत्तू के कांस्य पदक ने एक बार फिर साबित कर दिया कि भारत के पास मजबूत प्रतिभा पूल है। हमारा मजबूत और बेहद प्रतिस्पर्धी घरेलू सर्किट हमारे शीर्ष खिलाड़ियों को ऐसी प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### सिंधू जैसी प्रतिभाशाली है तन्वी : विमल

**नई दिल्ली।** ओडिशा की रहने वाली तेरह वर्षीय तन्वी पत्री ने कहा खिताब जीतने के बाद मैं अच्छा महसूस कर रही हूं। मुझे जीत की उम्मीद थी और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा करने में सफल रही। मैं पिछले दो वर्षों से बेंगलुरु में प्रकाश पदुकोण बैडमिंटन अकादमी (पीपीबीए) में प्रशिक्षण ले रही हूं। उनके माता-पिता, रबीनारायण पत्री और शैलबाला पांडा, सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। वे पहले चीन में काम करते थे जहां तन्वी ने बैडमिंटन खेलना शुरू किया था। कोविड महामारी के कारण यह परिवार 2020 में भारत लौट आया था। पीपीबीए के निदेशक विमल कुमार तन्वी में बहुत संभावनाएं देखते हैं, यहां तक कि उनकी तुलना भारत की सबसे प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ियों में से एक पी वी सिंधू के शुरुआती दिनों से भी की जाती है। विमल ने कहा वह लगभग आठ या नौ साल की थी जब वह भारत आई और 2022 में अकादमी से जुड़ी। वह मुझे सिंधू की याद दिलाती है जब वह जूनियर वर्ग में खेला करती थी। कम उम्र में मैच जीतने की क्षमता अच्छा संकेत है।

# 84 खिलाड़ियों के साथ होंगे 95 अधिकारी

## पेरिस पैरालंपिक : 179 भारतीय सदस्य होंगे शामिल, 77 टीम अधिकारी भी मौजूद, 28 से शुरू होगा पदकों का सफर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की 84 सदस्यीय टीम 28 अगस्त से शुरू हो रहे पेरिस पैरालंपिक में हिस्सा लेगी जिसमें उनके साथ 95 अधिकारी भी जाएंगे। इनमें खिलाड़ियों की विशेष जरूरतों को देखते हुए उनके साथ जाने वाले निजी कोच और सहायक भी शामिल हैं। इस तरह भारत के दल में कुल 179 सदस्य शामिल हैं। इन 95 अधिकारियों में से 77 टीम अधिकारी, नौ दल के चिकित्सा अधिकारी और नौ अन्य दल अधिकारी शामिल हैं।

भारत पेरिस पैरालंपिक (28 अगस्त से आठ सितंबर) में 84 खिलाड़ियों का अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेज रहा है जो 12 खेलों में हिस्सा लेंगे। 2021 में हुए तोक्यो पैरालंपिक में भारत के 54 खिलाड़ियों ने नौ खेलो में हिस्सा लिया था। मंत्रालय ने दल को स्वीकृति देते हुए कहा कुछ पैरा खिलाड़ियों की विशेष जरूरतों को ध्यान में रखते हुए दल में निजी कोच को शामिल किया गया है। हालांकि वे मिशन प्रमुख/टीम के मुख्य कोच के निर्देशों के अनुसार अन्य खिलाड़ियों को भी आवश्यक सेवाएं प्रदान करेंगे। मिशन प्रमुख और पैरा बैडमिंटन के लिए एक टीम मैनेजर को छोड़कर पूरे दल (खिलाड़ियों, दल के अधिकारियों, कोच) की भागीदारी का खर्च सरकार उठाएगी। भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और निशानेबाज अवनि लेखरा उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें निजी कोच मिलेंगे। ये दोनों तोक्यो पैरालंपिक में अपना स्वर्ण पदक बचाने की कोशिश करेंगे।

पैरा एथलेटिक्स टीम 38 प्रतिभागियों के साथ भारत की सबसे बड़ी टीम है। इसमें सबसे अधिक संख्या में निजी कोच और सहायक कर्मी भी शामिल हैं। मिशन प्रमुख और पैरा बैडमिंटन टीम के मैनेजर को छोड़कर दल के सभी सदस्यों को खेलों के दौरान ठहरने की आवश्यक और वास्तविक अवधि के अनुसार 50 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन का भत्ता मिलेगा जिसमें अनुकूलन और प्रशिक्षण अवधि के अलावा दो दिन की आने-जाने की यात्रा का समय भी शामिल होगा। कुछ अधिकारी खेल गांव के बाहर रहेंगे।

भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झझारिया और मिशन प्रमुख सत्य प्रकाश सांगवान सहित एक बड़ा जत्था रविवार को पेरिस के लिए रवाना हुआ। झझारिया ने शनिवार को बताया कि वह सभी खिलाड़ियों का ध्यान रखने के लिए खेल गांव के बाहर रहेंगे क्योंकि कुछ खिलाड़ी पेरिस के बाहर प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत ने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में 19 पदक (पांच स्वर्ण, आठ रजत, छह कांस्य) जीते थे जो उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

### चीयर4भारत का नारा बढ़ाएगा हौसला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को कहा कि देशवासियों को पैरालंपिक एथलीटों की हौसला-अफजाई करने के लिए चीयर4भारत का नारा लगाना चाहिए। खेल मंत्री मांडविया ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, पेरिस पैरालंपिक शुरू होने वाला है और हमारे 84 एथलीट इसमें हिस्सा ले रहे हैं, मैं आप सभी से कहना चाहता हूं कि सभी देशवासी चीयर4भारत का नारा लगाएं और हमारे खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाएं।



नई दिल्ली हवाई अड्डे से पेरिस के लिए रवाना हुए भारतीय पैरालंपिक दल के सदस्य। ● एजेंसी

### पैरालंपिक के लिए सबसे बड़ा दल हुआ रवाना

**नई दिल्ली।** पेरिस पैरालंपिक 2024 के लिए रविवार को भारतीय एथलीटों का अब तक का सबसे बड़ा दल दिल्ली से फ्रांस के लिए रवाना हो गया है। 28 अगस्त से आठ सितंबर तक चलने वाले पेरिस पैरालंपिक खेलों में भारतीय दल बैडमिंटन, एथलेटिक्स, साइकिलिंग और अन्य सहित विभिन्न स्पर्धाओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश को गौरावित करने के लिए तैयार है। इस दल के साथ भारतीय पैरालिंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झझारिया, सचिव जयवंत, चीफ डी मिशन सत्य प्रकाश सांगवान, अन्य प्रमुख सदस्यों के साथ आज रवाना हुए।

**2021** तोक्यो पैरालंपिक में भारत के 54 खिलाड़ियों ने नौ खेलो में लिया था हिस्सा

**2021** तोक्यो पैरालंपिक में 19 पदक जीते थे जो उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है

**38** प्रतिभागियों के साथ सबसे बड़ी टीम है पैरा एथलेटिक्स 84 खिलाड़ियों का सबसे बड़ा दल 12 खेलों में लेगा हिस्सा

# यूपी के चंदन और रवीना ने जीती मुंबई हाफ मैराथन


मुंबई, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के बडोही जिले के कॉलेज छात्र चंदन यादव और महाराष्ट्र के नासिक की रहने वाली रवीना गायकवाड़ ने रविवार को आठवें एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस मुंबई हाफ मैराथन 2024 में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते।

इससे पहले कई बार पोडियम पर पहुंचने वाले 21 वर्ष के चंदन ने फिनिश लाइन से आधा किलोमीटर पहले अपनी गति बढ़ाई तथा एक घंटा 11.01 मिनट का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया। नीतीश कुमार एक घंटा 11.54 मिनट के साथ दूसरे जबकि पीयूष मसाने एक घंटा 13.20 मिनट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में 19 वर्षीय रवीना ने 21 किलोमीटर की दौड़ में अपने पदार्पण को यादगार बनाते हुए एक घंटा 27.43 मिनट का समय लेकर आसानी से जीत हासिल की।

दिग्गज क्रिकेटर और प्रायोजक के ब्रांड एंबेसडर सचिन तेंदुलकर ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। पुरुषों की 10 किमी में युवराज यादव ने 31.50 मिनट में दौड़ पूरी की, जबकि मनीष कुमार नायक ने 32.14 मिनट का समय लेकर रजत और अमित माली ने 33.25 मिनट के समय के साथ कांस्य पदक जीता। महिला वर्ग में सोनाली देसाई ने 39.47 मिनट का समय लेकर लगातार दूसरे साल पहला स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में 20,000 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर तेंदुलकर ने कहा, भारतीय होने के नाते, हम खेल से प्यार करते हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि हम अपने मानसिक और शारीरिक लाभ के लिए विभिन्न खेलों में भाग लेकर खेल को जीवन का एक तरीका बनाएं।



प्रतिभागियों से बातचीत करते दिग्गज क्रिकेटर और प्रायोजक के ब्रांड एंबेसडर सचिन तेंदुलकर ● एजेंसी

# अल्टीमेट जाट ने कई मैच जिताए : रोहित

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने रविवार को शिखर धवन के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी उपलब्धियों से एक अमिट छाप छोड़ी है। धवन आक्रामक बल्लेबाजी से गेंदबाजों पर दबदबा बनाने वाली तिकड़ी के अहम सदस्य रहे जिसमें रोहित और कोहली भी शामिल थे। धवन ने लगभग 13 साल के करियर के बाद शनिवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की।

कोहली, रोहित और पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री तथा अन्य खिलाड़ियों ने उस समय को याद किया जब दायें हाथ के बल्लेबाज धवन शानदार प्रदर्शन से मैचों में जीत दिलाने की काबिलियत के बूते भारत की वनडे बल्लेबाजी का अहम हिस्सा थे। रोहित ने एक्स पर लिखा कमरे साझा करने से लेकर मैदान पर जीवन भर की यादें साझा करने तक। आपने हमेशा दूसरे छोर से मेरा काम आसान किया। अल्टीमेट जाट।

कोहली ने धवन को भारत के सबसे भरोसेमंद सलामी बल्लेबाजों में से एक बताते हुए कहा कि उनके जोश, खेल भावना और विशिष्ट मुस्कान की कमी खलेगी लेकिन उनकी विरासत हमेशा याद रहेगी। आपके खेल के प्रति जुनून, खेल भावना और आपकी खास मुस्कान की कमी खलेगी लेकिन आपकी विरासत हमेशा याद रहेगी। पूर्व भारतीय कप्तान ने गब्बर के नाम से मशहूर धवन को इन सभी यादों के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मैदान के बाहर आपकी अगली पारी के लिए शुभकामनाएं, गब्बर।

शास्त्री ने ट्वीट किया शिकी ब्वाय अपने संन्यास का आनंद लें। आपने मुझे कोच और निदेशक के तौर पर मेरे सात वर्षों के दौरान बहुत खुशी प्रदान की और मनोरंजन किया। आईसीसी टूर्नामेंट, एशिया कप और गॉल में आपकी मैच विजेता पारी हमेशा याद रहेंगी।



● विराट कोहली और रवि शास्त्री ने याद शिखर धवन की यादगार पारियों को याद किया

# ऑस्ट्रेलिया ए ने भारत महिला ए को 45 रन से दी शिकस्त

**गोल्ड कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया)।** टेस फ्लिंटॉफ (39 रन देकर तीन विकेट) और चार्ली नॉट (34 रन देकर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए ने रविवार को यहां अनधिकृत महिला टेस्ट क्रिकेट मैच में भारत ए को 45 रन से हरा दिया।

भारतीय टीम 289 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 243 रन पर आउट हो गई। भारतीय टीम ने सुबह छह विकेट पर 149 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन उसके बाकी बचे बल्लेबाज खेल के चौथे दिन 94 रन ही जोड़ पाए। राघवी बिष्ट (26) और उमा छेत्री (47) के साथ 61 रन की साझेदारी निभाई। फ्लिंटॉफ ने इन दोनों खिलाड़ियों को चार गेंद के अंदर आउट करके भारत का स्कोर आठ विकेट पर 212 रन कर दिया। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने पहली पारी में 212 और दूसरी पारी में 260 रन बनाए। भारत ने पहली 184 रन बनाए थे।

# बांग्लादेश की पाक पर ऐतिहासिक जीत

● पहले टेस्ट में मेजबान को 10 विकेट से हराया, 6 ओवर में हासिल किया लक्ष्य

रावलपिंडी, एजेंसी

बांग्लादेश ने स्वदेश में राजनीतिक अशांति के बीच रविवार को यहां पाकिस्तान को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर इतिहास रचा। पाकिस्तान की टीम अपनी दूसरी पारी में 146 रन पर ढेर हो गई और इस तरह से उसने बांग्लादेश के सामने 30 रन का लक्ष्य रखा। बांग्लादेश ने पांचवें दिन चाय के विश्राम से पहले ही केवल 6.3 ओवर में बिना किसी नुकसान के लक्ष्य हासिल करके पाकिस्तान के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन 15 और शादमान इस्लाम नौ बनाकर नाबाद रहे।

इससे पहले बांग्लादेश के तेज गेंदबाजों ने पाकिस्तान के शीर्ष क्रम को थर्राया जबकि ऑफ स्पिनर मेहदी हसन मिराज (21 रन देकर चार विकेट) और शाकिब अल हसन (44 रन देकर तीन विकेट) ने मिलकर सात विकेट हासिल किए। बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ 14 टेस्ट मैच में अपनी पहली जीत हासिल की। यह विदेशी धरती पर उसकी केवल सातवीं जीत है।



जीत के बाद जश्न मनाते बांग्लादेश के खिलाड़ी। ● एजेंसी

## बॉलीवुड हलचल



# रणवीर को डॉन 3 में कास्ट करने की बताई वजह

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर ने रणवीर सिंह को फिल्म डॉन 3 में कास्ट करने की वजह बताई है। फरहान अख्तर ने शाहरूख खान को लेकर डॉन और डॉन 2 बनायी थी। फरहान अब रणवीर सिंह के साथ डॉन 3 बना रहे हैं।फरहान अख्तर ने डॉन 3 में शाहरूख खान की जगह रणवीर सिंह को कास्ट करने की वजह बतायी है। फरहान अख्तर ने कहा, जब मैंने पहली बार डॉन 3 के बारे में सोचना शुरू किया, तो मैंने शाहरुख के साथ कुछ लिखने के बारे में सोचा। हालांकि, हम कहानी को आगे बढ़ाने के लिए सही मोड़ नहीं ढूंढ पाए। इसके बाद मैंने सोचा कि मुझे इस बारे में फिर से सोचना चाहिए कि मैं फिल्म के साथ क्या करना चाहता हूं और पीछे की ओर जाना चाहिए।इस दौरान मुझे ख्याल आया कि डॉन को डॉन बनाने वाली कहानी की तरह ही कुछ अलग सोचना चाहिए। इसके बाद जब मैंने लिखा शुरू किया, तो हसूस हुआ कि नई कहानी को दिखाने के लिए एक युवा अभिनेता की जरूरत होगी। मुझे लगा कि रणवीर सिंह इस भूमिका के लिए सबसे बेहतर विकल्प होंगे। इस तरह से डॉन 3 में रणवीर सिंह की उपस्थिति दर्ज हुई।

# रेस 4 में विलेन होंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा फिल्म रेस 4 में विलेन का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। रमेश तौरानी निर्मित रेस फ्रेंचाइजी के तीन पार्ट रिलीज हो चुके हैं।अब रेस 4 बनने की चर्चा जोरों पर है और इसमें सैफ मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। विलेन के रोल के लिए सिद्धार्थ मल्होत्रा को लेने की योजना बनाई जा रही है। रेस 4 की शूटिंग 2025 के शुरुआती छह महीनों में ही शुरू हो जाएगी। रेस फ्रेंचइजी की फिल्मों में हीरो और विलेन के बीच की दुश्मनी को रोचक अंदाज में दिखाया जा चुका है। पहले पार्ट में सैफ अली खान के अपोजिट अक्षय खन्ना थे, तो वहीं दूसरे पार्ट में सैफ के अपोजिट जॉन अब्राहम नजर आए थे। रेस तीसरे पार्ट में सलमान खान और बॉबी देओल हीरो और विलेन के रोल में आमने-सामने थे।

### अक्टूबर में शुरू होगी भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग अक्टूबर में शुरू हो सकती है। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी फिल्म लव एंड वॉर को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर ,आलिया भट्ट और विक्की कौशल की मुख्य भूमिका होगी कहा जा रहा है कि लव एंड वॉर की शूटिंग इसी साल शुरू हो जाएगी। रणबीर कपूर और विक्की कौशल अक्टूबर में लव एंड वॉर की शूटिंग शुरू करेंगे जबकि आलिया भट्ट दिसंबर में उन्हें ज्वाइन करेंगी। आलिया भट्ट इन दिनों यशराज की स्पाई यूनिवर्स अल्फा की शूटिंग में व्यस्त हैं। नवंबर एंड या दिसंबर की शुरुआत में वह इसकी शूटिंग खत्म कर विक्की और रणबीर को लव एंड वॉर के लिए ज्वाइन करेंगी।फिल्म लव एंड वॉर 2025 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज की जा सकती है।



# नोवाक की निगाह 25वें ग्रैंड स्लैम पर

न्यूयॉर्क, एजेंसी

● जोकोविच के नाम पर दर्ज हैं कुल 99 खिताब

● विश्व का नंबर एक खिलाड़ी रहने का भी बनाया है रिकॉर्ड

पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उत्साह से भरे नोवाक जोकोविच सोमवार से यहां शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 25वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे। जोकोविच ने पेरिस में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीता। उनके नाम पर 24 ग्रैंड स्लैम सहित कुल 99 खिताब दर्ज हैं और वह यहां अपने खिताबों का शतक पूरा करने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा सबसे अधिक सप्ताह तक विश्व का नंबर एक खिलाड़ी बने रहने का रिकॉर्ड भी जोकोविच के नाम पर है।

जोकोविच ने कहा लोग मुझसे पूछते हैं कि अब तो आपने स्वर्ण पदक भी जीत लिया है तो फिर अब हासिल करने के लिए क्या बचा है लेकिन मेरे अंदर अब भी प्रतिस्पर्धा करने की भावना है। मैं आगे भी इतिहास बनाना चाहता हूं और अपने करियर के इस दौर का पूरा आनंद लेना चाहता हूं। सर्बिया के इस 37 वर्षीय खिलाड़ी का अमेरिकी ओपन के पहले दौर में सामना मोल्दोवा के 138वीं रैंकिंग वाले राडू अल्बोट से होगा। अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के बाद कोई भी खिलाड़ी लगातार टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है और अब जोकोविच के पास यह मौका है। फेडरर ने 2004 से लेकर 2008 तक लगातार पांच खिताब जीते थे। जोकोविच को इस बार दूसरी वरीयता दी गई है। जोकोविच को स्पेन के 21 वर्षीय कार्लोस अल्कराज से कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है, लेकिन वह अमेरिकी ओपन में अपना पांचवा खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



● मॉन्टेरी ओपन टूर्नामेंट में चेक गणराज्य की खिलाड़ी ने लुलु सन को 7-6 (6) 6-4 से दी शिकस्त

### लिंडा नोस्कोवा ने जीता पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब

**मॉन्टेरी (मैक्सिको)।** छठी वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा ने लुलु सन को 7-6 (6) 6-4 से हराकर मॉन्टेरी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रूप में अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता। इस तरह से नोस्कोवा ने पिछले हफ्ते सिनसिनाटी ओपन के पहले दौर में सन से सीधे सेटों में मिली हार का बदला ले लिया। चेक गणराज्य की यह 19 वर्षीय खिलाड़ी जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। उन्होंने यहां खिताब जीतकर सोमवार से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन के लिए अपनी पुख्ता तैयारी का सबूत भी पेश किया। अमेरिकी ओपन में उनका पहला मुकाबला मंगलवार को 30वीं वरीयता प्राप्त यूलिया पुतिनत्सेवा से होगा। इससे पहले चीन की हन्यू गुओ और रोमानिया की मोनिका निकुलेस्कू ने मैक्सिको की गिउलिआना ओल्मोस और रूस की एलेक्जेंड्रा पानोवा की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को 3-6, 6-3, 10-4 से हराकर युगल खिताब जीता।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

